सूर्योदय : 6:52
सूर्यास्त : 5:49
अधिकतम तापमान : 24
न्यूनतम : 14

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-224 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 03 फरवरी 2026
14 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# संसद में राहुल के चीन राग पर भाजपा आक्रामक

### ■ किरेन रिजिजू बोले- लोकसभा स्पीकर का अपमान हुआ कांग्रेस माफी मांगे



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कथित रूप से संसदीय नियमों की अनदेखी की। राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर भाजपा ने सदन की मर्यादा तोड़ने और लोकसभा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को सदन में नियमों के तहत बोलने की सख्त हिदायत दी। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई सदस्य तथ्यों और संसदीय नियमों के दायरे में बात नहीं रखता है, तो उन्हें दूसरे वक्ताओं को अवसर देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह चेतावनी उस वक्त दी गई जब राहुल गांधी ने चीन से जुड़े एक गैर-सूचीबद्ध मुद्दे को उठाने की कोशिश की।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए सभी सांसद सदन में मौजूद थे और राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के तौर पर बोलने का अवसर दिया गया था। लेकिन शुरुआत से ही उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब से उद्धरण देने लगे, जिसकी न तो प्रामाणिकता स्पष्ट थी और न ही उसके प्रकाशन की कोई जानकारी दी गई। उन्होंने कहा राहुल गांधी बार-बार सदन के नियमों की अनदेखी करते हैं। यह बेहद शर्मनाक है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। रिजिजू ने आगे कहा कि संसद किसी व्यक्ति की जागीर नहीं है, बल्कि यह नियमों और परंपराओं से चलती है। विपक्ष के नेता होने के नाते राहुल गांधी को इसका उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए था। किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा में चीन जैसे संवेदनशील मुद्दे को बिना सूचीबद्ध कराए उठाया और एक पत्रिका के लेख से उद्धरण देने की कोशिश की, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि जो सदस्य लोकसभा अध्यक्ष के फैसले का पालन नहीं करते, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए इस पर भी चर्चा होनी चाहिए।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि तथाकथित राष्ट्रवादी सरकार अपनी विफलताओं के उजागर होने से इतनी घबराई हुई है कि उसने राहुल गांधी को बोलने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के प्रकाशन को रोकने की कोशिश भी इसी डर का हिस्सा थी, और अब जब उससे जुड़े अंश सामने आ रहे हैं, तो सरकार नेता प्रतिपक्ष को सदन में बोलने नहीं दे रही।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने संसदीय प्रक्रिया के नियमों की खुली गलत व्याख्या कर सदन और देश की जनता को यह जानने से वंचित किया कि चीन के साथ हुए संघर्ष में क्या गलतियां हुई। उन्होंने इसे 21वीं सदी के फासीवाद का उदाहरण बताते हुए कहा कि पहले असहमति की आवाज दबाई जाती है और फिर नियमों का दुरुपयोग कर विपक्ष को और खामोश किया जाता है। राज्यसभा सांसद और आरजेडी नेता मनोज झा ने संसद की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा घटनाक्रम को देखकर ऐसा महसूस हो रहा है कि सदन ने अपने ही तय किए गए नियमों से दूरी बना ली है। कहा कि उन्होंने कई मौकों पर सदन के भीतर पत्रिकाओं और अन्य प्रकाशित स्रोतों का हवाला दिया है और ऐसा पहले कभी आपत्तिजनक नहीं माना गया।

### चीन सीमा मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी द्वारा चीन सीमा का मुद्दा उठाने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बताए कि क्या वह 1959 और 1962 में चीन द्वारा कब्जाई गई जमीन को वापस ला सकती है। रिजिजू ने कहा कि चीन सीमा से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस के पापों के लिए राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। किरण रिजिजू ने तीखे शब्दों में कहा क्या किसी बड़े परिवार में जन्म लेने से कोई व्यक्ति संसद और नियमों से ऊपर हो जाता है? भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां व्यवस्था नियमों से चलती है।

### राहुल की आवाज दबाई जा रही : कांग्रेस

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की कथित आत्मकथा से संदर्भ दिए जाने पर उठे विवाद को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार ने जानबूझकर सदन के नियमों का इस्तेमाल कर राहुल गांधी को बोलने से रोका, क्योंकि सरकार को अपनी नाकामी की सच्चाई सामने आने का डर था। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने विपक्ष के नेता को चुप कराने के लिए वरिष्ठतम मंत्रियों को आगे कर दिया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से फोन पर की बात



### ■ राजदूत सर्जियो गोर ने साझा की बातचीत की जानकारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत की जानकारी भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने साझा की। दोनों नेताओं के बीच भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर साझा की। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर लिखा पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बात हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दिल्ली स्थित इंडिया गेट की प्रशंसा करते हुए इसे भारत का खूबसूरत ट्रायम्फल आर्क (विजयसूचक मेहराब) बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर इंडिया गेट की फोटो साझा करते हुए ट्रंप ने कहा कि वे अमेरिका में भी ऐसा ही एक स्मारक बनाएंगे, जो दुनिया में सबसे भव्य होगा। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि दुनिया के 57 प्रमुख शहरों में ऐसे आर्क हैं, लेकिन वाशिंगटन में नहीं है। उन्होंने इसके निर्माण के लिए समिति गठित की है। हम सबसे शक्तिशाली राष्ट्र हैं, इसलिए हमारा आर्क सबसे बड़ा और सुंदर होगा।

# मुख्यमंत्री योगी ने की केंद्रीय बजट की तरीफ

### ■ रक्षा बजट के बाद यूपी में बढ़ सकते हैं डिफेंस कॉरिडोर

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का प्रमाण है।

आम बजट के यूपी पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में रक्षा क्षेत्र में एक लाख करोड़ की भारी वृद्धि की गई है। उत्तर प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत प्रदेश में छह नोड विकसित किए गए हैं, जिनके लिए अब तक लगभग 12 से 13 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।


मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के माध्यम से बायो-फार्मा सेक्टर में संभावनाएं बढ़ी हैं। ललितपुर में लगभग 1,200 एकड़ क्षेत्रफल में बल्क ड्रग पार्क विकसित हो रहा है जबकि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 22,000 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ डेटा सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

**200 शहरी निकायों को मिलेगा लाभ :** मुख्यमंत्री ने बताया कि आम बजट में 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की घोषणा की गई है। उत्तर प्रदेश में कुल 762 शहरी निकाय हैं, जिनमें से लगभग 200 अर्बन बॉडीज ऐसी हैं, जिनकी आबादी 5 लाख या उससे अधिक है। इनमें 17 नगर निगमों सहित कई नगर पालिकाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में 'समर्थ' योजना से खेल उद्योग बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश में ओडीओपी योजना के तहत मेरठ को स्पोर्ट्स आइटम मैन्युफैक्चरिंग के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जबकि आगरा और कानपुर, लीडर क्लस्टर के रूप में उभर रहे हैं।

## बच्ची ने सीएम से स्कूल में एडमिशन की बात रखी



**लखनऊ।** सोमवार को जनता दरबार में नन्ही बच्ची और सीएम के बीच भावुक बातचीत का वीडियो सामने आया है। बच्ची अपने परिजनों के साथ जनता दरबार में पहुंची थी और सीएम योगी से स्कूल में एडमिशन की बात रखी। बच्ची सोमवार को जनता दरबार पहुंची। योगी जब उसके पास पहुंचे और उससे पूछा क्या नाम है, तो बच्ची ने कहा कि अनाबी अली। योगी ने बच्ची से पूछा बताओ क्या काम है, इस पर बच्ची ने कहा कि लोरेटो स्कूल में एडमिशन करा दीजिए। बच्ची के जवाब पर योगी ने बहुत प्यारे में अंदाज में कहा, तू इस उम्र में स्कूल जाएगी, फिर बच्ची बोल पड़ी और कहा कि लोरेटो स्कूल में एडमिशन, योगी ने पूछा कौन सी क्लास में एडमिशन चाहिए, बच्ची ने कहा कि नर्सरी में।









## भूकंप के झटकों से हिली जम्मू-कश्मीर की धरती

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र बडगाम ज़िले में था, जिससे घाटी के कुछ हिस्सों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई। भूकंप से किसी तरह के जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार सुबह 5:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केन्द्र 33.9 उत्तरी अक्षांश और 74.76 पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, शोपियां के इलाकों में महसूस किए गये, जिससे लोग घरों से बाहर निकल आए।

# एसआईआर पर चुनाव आयोग से मिलीं ममता

### ■ बोलीं- बंगाल को बनाया जा रहा है निशाना



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले पर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हुई बैठक को गुस्से में बीच में छोड़कर बाहर निकल गईं। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान ममता और उनके साथ आए टीएमसी नेताओं ने अपने मुद्दों पर बात रखी, लेकिन आयोग की ओर से जवाब सुनने का अवसर उन्हें नहीं मिला। एक अधिकारी ने बताया जब आयुक्त जवाब देने लगे, टीएमसी नेताओं ने कई बार बीच में टोकते हुए जवाब दिया। ममता बनर्जी गुस्से में थीं और बैठक बीच में ही छोड़कर चली गईं।

बैठक के बाद ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर भाजपा का दलाल होने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने और उनके साथ आए कुछ एसआईआर प्रभावित परिवारों और पार्टी नेताओं ने काले शॉल पहनकर विरोध भी व्यक्त किया। ममता ने चुनाव आयोग कार्यालय से बाहर आते ही कहा कि वह इस पूरे मामले से बहुत दुखी हैं। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बंगाल को विशेष रूप से निशाना बनाया है और 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जबकि उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। ममता बनर्जी ने कहा मैं लंबे समय से दिल्ली की राजनीति में शामिल हूं। मैं 4 बार मंत्री और 7 बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने कभी ऐसा अहंकारी और झूठ बोलने वाला चुनाव आयुक्त नहीं देखा।

### मुख्यमंत्री ने किया बैठक का बहिष्कार

ममता बनर्जी ने कहा हम देख रहे हैं कि क्या चुनाव आयोग चुनाव से पहले सरकार चुनेगा। आपके पास भाजपा की शक्ति है, हमारे पास जनता की शक्ति है। इसलिए हमने बैठक का बहिष्कार किया। उन्होंने हमें अपमानित किया। मैं कह रही हूं कि इस प्रकार का चुनाव आयोग बहुत अहंकारी है।

## रोजगारपरक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सीमा शुल्क में राहत

# लोगों को नुकसान उठाने के लिए नहीं छोड़ सकते

### ■ वित्त मंत्री बोलीं मीडियम इंटरप्राइजेज को बनाएंगे चैंपियन



**नई दिल्ली।** बजट में सिक्युरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) बढ़ाए जाने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बताया कि फ्यूचर व ऑप्शन में निवेश करने के बढ़ते चलन से लोगों को काफी नुकसान हो रहा था और उसे देखते हुए ही यह फैसला किया गया है। इस प्रकार का निवेश पूरी तरह से जोखिम भरे अनुमान पर आधारित होता है।

उन्होंने कहा कि हम लोगों को बाजार में नुकसान करते रहने के लिए नहीं छोड़ सकते हैं। हमारे पास कई अभिभावक इस बात की शिकायत लेकर आ रहे थे कि उनके बच्चे फ्यूचर व ऑप्शन में निवेश करके काफी नुकसान कर रहे हैं। फ्यूचर व ऑप्शन में ट्रेडिंग करने वाले 90 प्रतिशत लोग अपना नुकसान कर रहे हैं। इस आधार पर एसटीटी में बढ़ोतरी की गई है। बजट में फ्यूचर एसटीटी को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत कर दिया गया है तो ऑप्शन प्रीमियम से जुड़े एसटीटी को 0.10 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत तो ऑप्शन एक्सरसाइज पर 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में विभिन्न कच्चे माल पर सीमा शुल्क में राहत देने पर बताया कि यह फैसला अमेरिकी शुल्क को ध्यान में रखकर नहीं लिया गया है। हमने टेक्सटाइल, लेदर जैसे रोजगारपरक सेक्टर को मदद करने के लिए यह फैसला किया है। मैंने पहले ही बता दिया था कि जीएसटी के बाद हम सीमा शुल्क में रिफार्म करने जा रहे हैं। हमने अमेरिकी टैरिफ के असर का कोई मूल्यांकन नहीं किया है।

बजट में चैंपियन एसएमई की घोषणा पर सीतारमण ने बताया कि यह मुख्य रूप से मीडियम इंटरप्राइजेज के लिए है। मीडियम इंटरप्राइजेज कई बार इसलिए लार्ज नहीं बनना चाहते हैं क्योंकि मीडियम बने रहने में उन्हें कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। लेकिन इस स्कीम के तहत सरकार उन्हें आश्वस्त करना चाहती है कि लार्ज होने पर भी उन्हें मदद दी जाएगी। एमएसएमई से विचार करके यह स्कीम लाई गई है। महिला उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए बजट में शीमार्ट की घोषणा पर बताया कि इसके तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं को उनके उत्पाद की नुमाइश के लिए जगह दी जाएगी।

### विनिवेश पर पुरानी नीति कायम

विनिवेश के बारे में वित्त मंत्री ने बताया कि विनिवेश को लेकर सरकार अपनी पुरानी नीति पर कायम है। इसकी गति भले ही कम या ज्यादा हो सकती है। अगले वित्त वर्ष में विनिवेश को लेकर 80,000 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। बजट में हाई स्पीड ट्रेन को लेकर घोषणा व पूर्व में घोषित बुलेट ट्रेन के बारे में पूछे जाने पर वित्त मंत्री ने बताया कि बुलेट ट्रेन को लेकर भी दिक्कत राजनीतिक कारण से आई। चाहे बुलेट ट्रेन हो या फिर हाई स्पीड, इनके रास्ते में पैसे की दिक्कत कभी नहीं आई।

## पाकिस्तान से भारत आए हिंदुओं की दुर्दशा पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान से भारत आए अनुसूचित जाति के हिंदुओं की दुर्दशा पर गंभीर टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, जब सरकार ने इन लोगों को नागरिकता दी तो उन्हें गरिमापूर्ण तरीके से रहने की जगह भी उपलब्ध करानी चाहिए। अदालत की यह टिप्पणी दिल्ली की मजनू का टीला इलाके में रहने वाले शरणार्थियों के विस्थापन के खतरे के बीच आई है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए डीडीए को नोटिस जारी किया, साथ ही इस मामले पर सरकार से चार हफ्तों में जवाब मांगा है। कोर्ट ने फिलहाल इन लोगों को विस्थापित करने की किसी भी योजना पर रोक लगा दी है। पीड़ितों की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया, अभी दिल्ली के मजनू का टीला में करीब 250 परिवार और एक हजार लोग रह रहे हैं। ये सभी पाकिस्तानी हिंदू हैं।

## जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने संत रविदास जयंती के अवसर पर जनसभा को किया संबोधित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पलियाकलां में अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने संत रविदास जयंती के अवसर पर रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 1947 में देश का बंटवारा मोहम्मद अली जिन्ना की मांग पर नहीं, बल्कि हिंदू महासभा की जिद के कारण हुआ था। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि आज फिर से देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग उठ रही है। इसका परिणाम पिछले विभाजन से भी ज्यादा भयानक हो सकता है मौर्य ने कहा कि दुनिया के मानचित्र पर भारत की पहचान भगवान बुद्ध के शांति संदेश से है, न कि राम और कृष्ण के नाम पर। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने की साजिश रच रही है। माघ मेले का जिक्र करते हुए उन्होंने शंकराचार्य पर भी कटाक्ष किया और कहा कि उन्हें देश के सम्मान से ज्यादा अपने व्यक्तिगत सम्मान की चिंता है। सरकार विश्व गुरु बनाने के नाम पर एयरपोर्ट, बंदरगाह और ट्रेनें बेच रही है। यूजीसी एक्ट के जरिये दलितों और पिछड़ों को रिझाने की भाजपा की चाल उल्टी पड़ गई है स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अपनी जनता पार्टी प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कार्यक्रम के बाद उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता कर इन्हीं बातों को दोहराते हुए अपने तेवर साफ कर दिए मैलानी में निकाली गई शोभायात्रामैलानी में संत रविदास जयंती पर ग्रामीण इलाकों में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पोहकरपुर स्थित आंबेडकर पार्क से शुरू होकर भोलापुर, सुवाबोझ, लक्ष्मीपुर, मथुरापुर, मुल्लापुर, लोचनपुर गांवों से होते हुए वापस लोचनपुर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में संत रविदास, डॉ. भीमराव आंबेडकर आदि की मूर्तियां शामिल रहीं।

# लोकलुभावन नहीं, बल्कि विकासोन्मुखी बजटः आईआईए

## केन्द्रीय बजट 2026-27 पर आईआईए की प्रतिक्रिया

*अवधनामा संवाददाता*



सहारनपुर। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने एमएसएमई मैन्युफैक्चरिंग और समावेशी विकास पर जोर देने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत किया। उन्हों ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 एमएसएमई, रोजगार और विकसित भारत 2047 के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश कये गये केन्द्रीय बजट 2026-27 को आईआईए के पदाधकारियों एवं सदस्यों ने ध्यान से सुना। चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में सात प्रमुख क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख पहलों की रूपरेखा तैयार की गई है। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर नए सिरे से जोर दिया गया है। प्रमुख घोषणाओं में भारत को एक वैश्विक फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना, पांच वर्षों में बायोफार्मा के लिए 100 बिलियन का आवंटन, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त 400 बिलियन, सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का विकास, कार्बन-उत्सर्जन में कमी कार्यक्रमों के लिए 200 बिलियन, और छोटे व्यवसायों का समर्थन करने के लिए 100 बिलियन के ग्रोथ फंड की स्थापना शामिल है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना ने हाई-प्रिसिजन कंपोनेंट्स के लिए हाई-टेक टूल रूम स्थापित करने, चैंपियन एमएसएमई बनाने और रेयर अर्थ मैग्नेट पर नए सिरे से फोकस करने की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ये उपाय एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में घरेलू क्षमताओं को काफी बढ़ाएंगे। उन्होंने अगले पांच सालों में 22 नए जलमार्गों और भारत में कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग के लिए सुविधाएं स्थापित करने की घोषणा की सराहना की।

कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा ने कहा कि यह इंटीग्रेशन एमएसएमई के लिए लिक्विडिटी की चुनौतियों को आसान बनाएगा। पूर्व चैप्टर चेयरमैन अशोक गांधी ने कहा कि सरकार का इंडस्ट्रियल ग्रोथ और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर एमएसएमई को बढ़ावा देने में साफ झलकता है। यह कदम घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और इंडस्ट्रियल कॉम्पिटिटिवनेस को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

## ए सर्टिफिकेट परीक्षा में 235 एनसीसी कैडेटो ने किया प्रतिभाग



**सहारनपुर।** 83यूपी बटालियन, 86यूपी बटालियन, 26यूपी बटालियन एनसीसी की ए सर्टिफिकेट परीक्षा में जनपद के 235 एनसीसी कैडेटो ने उत्साह से भाग लिया। नालंदा वर्ल्ड स्कूल में आयोजित ए सर्टिफिकेट परीक्षा कमान अधिकारी 86 कर्नल कुमार गौरव, कमान अधिकारी 83 कर्नल एन एस मान सेना मैडल के निर्देशन में संपन्न हुयी। सर्वप्रथम कैडेट्स की लिखित परीक्षा संपादित हुई जिसके आधार पर दो वर्ष के एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त की गई सिखलाई का मूल्यांकन किया जाएगा। द्वितीय सत्र में ड्रिल अभ्यास, हथियार प्रशिक्षण, फ़ील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग की कैडेट्स के द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा उत्साह पूर्वक दी गई। इस अवसर पर कर्नल तनय कोठियाल, चीफ ऑफिसर ब्रिजेश पुण्डीर, सूबेदार मेजर सुरेंद्र कुमार,सुबेदार नीरज, सूबेदार यूबी आले, सूबेदार विक्रम सिंह, सूबेदार विकास राणा, सूबेदार नक्षत्र सिंह,बीएचएम नरेन्द्र कुमार, सीएचएम सोहन लाल, सीएचएम नरेश कुमार, जीसीआई अरीबा, सुशील कुमार वर्मा, सुहैल अहमद, दीपा सैनी सहित तीनों बटालियन का सिविल स्टाफ मौजूद रहा।

## शिक्षा और कौशल विकास को महत्व देने वाला है केन्द्रीय बजटः वंदन



**सहारनपुर।** छात्र नेता व एबीवीपी के पूर्व प्रदेश सह मंत्री वन्दन कौशिक ने कहा कि आज संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा और कौशल विकास को जो महत्व दिया गया है, उसका छात्र समुदाय स्वागत करता है। यह बजट संकेत देता है कि सरकार देश के युवाओं के भविष्य उज्जवल बनान की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

छात्र नेता वंदन कौशिक ने कहा कि बजट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कौशल-आधारित शिक्षा, नए डिजाइन संस्थान तथा बालिकाओं के लिए छात्रावास सुविधाओं पर दिया गया जो सराहनीय है। ये पहलें शिक्षा को अधिक समावेशी, आधुनिक और रोजगारोन्मुख बनाने में सहायक होंगी। शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी कम करने के लिए स्किलिंग और इनोवेशन पर विशेष ध्यान दिया जाना सकारात्मक कदम है, जिससे विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब उनका समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा शिक्षा पर सार्वजनिक निवेश को दीर्घकाल में और मजबूत किया जाए। समग्र रूप से, यह बजट शिक्षा को केवल व्यय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में निवेश के रूप में देखने का प्रयास करता है। उन्होंने आशा जतायी कि यह बजट छात्रों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाएगा और भारत की युवा शक्ति को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख रूपये हड़पे, आरोपी भेजा जेल



**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख रूपये की धोखाधड़ी के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार 23 जून को वादी मौ.रईस पुत्र निसार अहमद निवासी पठानपुरा थाना बेहट की तहरीर पर आरोपी संदीप पुत्र रमेशचन्द निवासी मौ.काजीमल कस्बा सुल्तानपुर चिलकाना के खिलाफ वादी को विश्वास में लेकर झूठे फर्जी दस्तावेज तैयार कर नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख रूपये की धोखाधड़ी कर पैसे ठग लेने व पैसे वापिस मांगने पर मारपीट व गाली गलौच करने सम्बन्ध में थाना बेहट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व निरीक्षक संजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धोखाधड़ी में वांछित आरोपी संदीप कुमार को कस्बा सुल्तानपुर से गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# वरिष्ठ नागरिकों ने किया संत गुरु रविदास महाराज का वंदन

## गुरू रविदास की वाणी का बखान कर उनके जीवन पर विस्तार से डाला प्रकाश

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का 649वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वरिष्ठ नागरिकों ने श्री गुरु रविदास महाराज की वाणी का बखान कर उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मौहल्ला तकिया स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक के.एल. अरोड़ा ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज ने मानव उत्थान के लिए ऐसे समय में जन्म लिया, जब जातियों को लेकर समाज बंटा हुआ था, ऐसे में उन्होंने समाज को मूर्ति पूजा, आडंबरों से दूर कर सर्व समाज को एकता तथा समानता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने अपनी वाणी में भी कहा था कि वह ऐसे राज की कल्पना करते हैं जहां सभी बराबर हों और प्रेम से रहे। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि संत रविदास महाराज पूरे विश्व के लिए पूज्नीय है तथा भारत की संस्कृति में उनका महत्वपूर्ण स्थान है, यहां तक की गुरु ग्रंथ साहिब में भी उनके नाम का वर्णन बार-बार आता है। ऐसे महान संत को हम श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए गर्व की अनुभूति कर रहे हैं।

जीएल जसूजा ने सभा का संचालन करते हुए संत गुरू रविदास महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। केडी गौतम ने कहा कि गुरु रविदास सर्व समाज के पूज्नीय है इसीलिए संतों में उन्हें शिरोमणि की उपाधि प्राप्त है। ऐसे महापुरुषों के विचारों को हमे अपनाने की आवश्यकता है। मूलचन्द आनंद ने गुरु रविदास महाराज से जुड़ा एक वृतांत सुनाया और उनकी भक्ति से सभी को अवगत कराया। प्रेम नाथ छोकर ने कहा कि संत रविदास ने छुआछूत के उस दौर में भक्ति भाव व धर्म के मार्ग पर चलकर सभी को समता का मार्ग दिखाया।

विजय कुमार अरोड़ा ने कहा कि संत गुरू रविदास महाराज ने नाम जप और कर्म को श्रेष्ठ मानते हुए समस्त शिक्षाएं दी हैं।

आरके जैन ने श्री गुरु रविदास महाराज की आरती 'नाम तेरो आरती' से सभी को भाव विभोर किया। इसके अलावा सीपी छाबड़ा, हरजीत सिंह, राजपाल सिंह, संदीप गोयल ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किए।

## अंतर्राष्ट्रीय आर्द्र भूमि दिवस व बर्ड फेस्टिवल का हुआ आयोजन



**इटावा।** विश्व के समस्त आर्द्र भूमि के विवेकपूर्ण उपयोग एवं उनके संरक्षण के उद्देश्य से वर्ष 1971 में 02 फरवरी के दिन रामसर वेटलैंड समझौता हुआ जोकि 1975 में लागू हुआ।जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश में 11 वेटलैंड्स को रामसर साईट के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।इसी क्रम में इटावा सफारी पार्क इटावा में 02 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय आर्द्र भूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगला गौर,परसनी,घिरमई एवं छिपेटी के चार विद्यालयों के 75 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया।लगभग 2.5 किमी की नेचर वाक के दौरान विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों एवं पक्षियों के बारे में जानकारी साझा की गई। सफारी पार्क के ओपन एयर थिएटर में एक गोष्ठी भी की गई जिसमे छात्र छात्राओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किये। सफारी पार्क के उप निदेशक डॉ विनय कुमार सिंह एवं बायोलॉजिस्ट बी एन सिंह द्वारा वेटलैंड दिवस,उनके महत्व एवं सरंक्षण के संबंध में जानकारी साझा की गई।कार्यक्रम के दौरान सफारी पार्क के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।उक्त जानकारी डॉ विनय कुमार सिंह उप निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी।

## नों मैंपिंग सुनवाई को भटकते रहे मतदाता, अधिकारी नदारद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बीएलओ की लापरवाही का खमियाजा आम मतदाताओं कों भुगतना पड़ रहा है इसकी बानगी रविवार कों ब्लॉक मुजफ्फराबाद में देखने को मिली, जहाँ सुनवाई के लिए भारी संख्या में मतदाता तों पहुंचे थे लेकिन अधिकारी नदारद मिले। गौरतलब रहे कि इन दिनों मुजफ्फराबाद विकास खण्ड में नों मैंपिंग की सुनवाई चल रही है जिसको लेकर मतदाता अपने जरूरी कागजो को लेकर मुजफ्फराबाद विकास खण्ड कार्यालय पहुंच रहे है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की ओर से सख्त निर्देश है कि मतदाताओं की सुनवाई में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाये। साथ ही मतदाताओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

बावजूद इसके बूथ लेवल अधिकारी निर्वाचन के कार्यों का निर्वहन करने बजाये मतदाताओं के साथ मजाक कर रहे है, इसका उदाहरण रविवार को मुजफ्फराबाद विकास खण्ड मुख्यालय पर देखने को मिला। जहाँ सुबह भारी संख्या में मतदाता बारिश के दौरान अपना कामकाज छोड़ नों मैंपिंग के लिए पहुंचे, लेकिन ब्लॉक के कक्ष में ताले लटके मिले, भरी बारिश में इंतजार करने के बाद भी जब अधिकारी नहीं पहुंचे, तो लोगो में रोष फेल गया।

# कॉमन इन्क्यूबेशन सैन्टर का किया उद्घाटन


*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत जनपद सहारनपुर सहित प्रदेश के 04 कॉमन इन्क्यूबेशन सेन्टर का वर्चुअल उद्घाटन उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद कौशाम्बी स्थित कॉमन इन्क्यूबेशन सैन्टर से किया। कंपनी बाग के राजकीय उद्यान परिसर में स्थापित सैंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.मांगेराम ने फीता काटकर भौतिक रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यह केंद्र सूक्ष्म खाद्य उद्यमियों को आधुनिक प्रसंस्करण मशीनरी,



गुणवत्ता परीक्षण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, प्रशिक्षण एवं विपणन से संबंधित सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, कृषक को समृद्ध बनानें, महिलाओं को सशक्त बनाने एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा गरीबों के जीवन को खुशहाल बनाने की ओर भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना को सराहनीय कदम बताया गया। उन्होंने कहा कि कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उत्पादित कृषि उपज का मूल्य संवर्धन होगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि पी.एम.एफएम.ई. योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को रू. 3.0 करोड़ तक का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत प्रदेश में उद्योग स्थापना एवं रोजगार सृजन हेतु रू.10.0 करोड़ तक का अनुदान प्रदान किए जाने का प्रावधान है। यह नीति प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा केंद्र में स्थापित प्रसंस्करण इकाइयों का अवलोकन किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना की गई। अतिथियों ने महिलाओं एवं सूक्ष्म उद्यमियों से संवाद कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पी.एम.एफई. योजनान्तर्गत 35 प्रतिशत के अनुदान से लाभान्वित उद्यमियों में मुख्यरूप से मैसर्स घाड़ नेचुरल्स प्रालि, ग्राम जैतपुर कलां, विकास खण्ड मुजफ्फराबाद द्वारा तेल, घी व शक्कर, मै.केडी एन्टरप्राइजेज, ग्राम उमाही कलां, विकास खण्ड रामपुर मनिहारान द्वारा मसाले, मै.चौहान गृह उद्योग, गणपति विहार कालोनी, सहारनपुर द्वारा अचार व मुरब्बा, मै.महादेव एन्टरप्राइजेज, उत्तम राईस मिल, बेहट रोड़, सहारनपुर द्वारा सरसों का तेल, मैसर्स अदविक बैकर्स, रंजीत नगर, सहारनपुर द्वारा बिस्कुट, बेकरी व अन्य के द्वारा अपने-अपने उत्पादों के स्टॉल लगाये गये हैं।

# वेद मन्दिर का वार्षिक उत्सव सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आचार्य वरुण देव शास्त्री के ब्रह्मत्व में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आज धूमधाम के साथ समापन हो गया। कस्बा नकुड के बाईपास स्थित वेद मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव में यज्ञ के उपरांत मोहित शास्त्री व मदन जीत ने भजनों के माध्यम से समझाया कि हमें नित्य प्रति अपने घरों में यज्ञ जैसा श्रेष्ठ कार्य करना चाहिए, जिससे देश में हो रही प्रदूषण की समस्या का समाधान हो सकें। उन्होंने कहा कि आदिकाल से हमारे देश में प्रत्येक नागरिक अपने घरों में यज्ञ किया करते थे, जिससे देश में सुख शांति और समृद्धि सदैव बनी रही, परंतु आज के इस भौतिक युग मे यज्ञ जैसे श्रेष्ठ कार्य से विमुख हो गये है, इसी कारण प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, इसी के साथ गौ माता के साथ हो रहे अत्याचार और उनके पालन न करना भी हमारे लिए घातक हो रहा है जिस देश मे गौमाता की सेवा व पालन होता है वहां सब प्रकार की खुशहाली रहती है। उन्होंने आगे कहा की हमें अपने परिवारों में सुख शांति और समृद्धि के लिए सबको मिल जुल कर के रहना होगा। पति-पत्नी को एक दूसरे पर विश्वास करना और उनका सम्मान करना भी आवश्यक है। आचार्य वरुण देव शास्त्री ने कहा कि एकाग्रता के बिना ज्ञान संभव नहीं है इसलिए हम सबको एकाग्र होकर प्रत्येक कार्य को करना चाहिए, जिससे हमें पूर्ण सफलता प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि बिना चिंतन के ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं है। हमें अपने माता-पिता और बुजुर्गो का सत्कार करना चाहिए और उनकी आज्ञा का पालन भी करना चाहिए, जिससे समाज और देश आगे बढ़ेगा। नगर पालिका अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि आर्य समाज सनातन धर्म के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है, हम सबको इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कार्यक्रम में वेद मंदिर समिति के देवदत्त शर्मा, डॉक्टर हरिदत्त, वरिष्ठ अधिवक्ता उधम सिंह, एडवोकेट अभय सैनी ने सभी अतिथियों का सत्कार किया। इस अवसर पर चौधरी हरिपाल सिंह, संजीव चौधरी, सुरेश, राकेश आर्य आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# समाज को दिशा देने के लिए संकल्पित लक्ष्य निर्धारित कर पत्रकारिता जरूरीः योग गुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** योग गुरु पदमश्री भारत भूषण ने कहा कि समाज को दिशा देने के लिए संकल्पित लक्ष्य निर्धारित कर पत्रकारिता होनी चाहिए, ताकि पत्रकार राष्ट्र के एक सजग प्रहरी होने की भूमिका का दायित्व निभा सके। इस अवसर पर समाज की विभिन्न विभूतियां को सम्मानित किया गया और डॉ. अमन सूफी ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा। जीपीओ रोड स्थित एक होटल की सभागार में डीपीसी द्वारा विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि योग गुरु पदमश्री भारत भूषण, डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, मां शाकंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति विमला वाई, डीपीसी के चेयरमैन जावेद साबरी, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पदमश्री भारत भूषण ने महाभारत काल का स्मरण करते हुए कहा कि उस युग में सोशल मीडिया नहीं थी, लेकिन उसके बावजूद भी संजय ने अपनी दिव्य दृष्टि से महाभारत युद्ध का आंखों देखा हाल बताया। उन्होंने कहा कि आजादी के पश्चात गणेश शंकर विद्यार्थी जैसी पत्रकारिता करनी होगी, जो राष्ट्र की उन्नति और विकास में अपनी सहभागिता निभा सकें। सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति विमला वाई, विकास के क्षेत्र में मेयर डॉक्टर अजय सिंह, चिकित्सा क्षेत्र में डॉ.प्रवीण शर्मा, कैटरिंग के क्षेत्र में नौशाद खान,वुड कार्विंग के क्षेत्र में औसाफ गुड्डू, कानून व्यवस्था के क्षेत्र में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, खेल के क्षेत्र में रिया वर्मा, अनीशा को मुख्य अतिथि पदमश्री भारत भूषण, डीपीसी के चेयरमैन जावेद साबरी, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, एनआरआई अजय गुप्ता, विधायक देवेन्द निम, आशू मलिक, पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान, मनोज सिंघल, डीपीसी के संयोजक अबूबकर शिब्ली, कुमार योगेश, डॉक्टर शाहिद जुबेरी ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह प्रशस्तिपत्र एंव शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मैं गीत संगीत की महफिल सजाते हुए बठिंडा जीकेयू विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अमन सूफी ने अपने सूफ़ियाना अंदाज में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को अपने आवाज के जादू में ऐसा बांधा की देर रात तक प्रस्तुतियों पर झूमते रहे और दाद देकर उनकी हौसला अफ्जाई की।

इस अवसर पर विधायक आशु मलिक, नगर विधायक राजीव गुम्बर, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, नकुड विधायक मुकेश चौधरी बेहट विधायक, उमर अली खान, जलालाबाद विधायक अशरफ अली, पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, ठाकुर वीरेंद्र सिंह, पार्षद हाजी फजलुर रहमान अहमद मलिक, दिग्विजय चौहान, मनोज प्रजापति, फहद सलीम, नदीम अहमद, नूर आलम,फराज अंसारी, इंडियन हर्ब्स के निदेशक सुधाकर अग्रवाल,आईआईए पूर्व अध्यक्ष अनूप खन्ना, भाजपा नेता केएल अरोड़ा, डॉक्टर कलीम अहमद, डाक्टर पीडी गर्ग, डॉक्टर राजीव त्यागी, डॉक्टर करण सिंह, डॉ.जयपाल चंद, सहारनपुर क्लब के सचिव हेमंत जोशी, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, सत्येंद्र पाल सिंह, बिट्टू पंजाबी समाज के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण अरोड़ा, पाली कालड़ा, रवि सैनी,परमिंदर सिंह, अकरम सैफी,साहिल खान ,नकुड तस्लीम रहमान, वसीम कुरेशी, गुलाम रब्बानी ,डीपीसी के कुमार योगेश, डॉक्टर शाहिद जुबेरी, दीपक अरोड़ा, मनोज मिड्ढा ,सुरेश कुमार, अर्पित मिड्ढा ,जकरिया खान ,जोगेंद्र कल्याण, जैद खान, राव शमीम, सोनू राणा, फहीम उस्मानी, नौशाद उस्मानी, मुशर्रफ उस्मानी, मोइनुद्दीन सिद्दीकी,आबाद अली शेख, सुनील चौधरी, मनसब अली परवेज, अरविंद टेबक, सुरेंद्र अरोड़ा, अर्शी शमीम एहसान परवेज, मयंक चौधरी, नौशाद खान, रेहान खान, सलाउद्दीन, मोहम्मद खालिद, फुरकान मलिक, इमरान मलिक, डॉक्टर दिलशाद मलिक, अधिवक्ता शाहनवाज खान, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश शर्मा ने किया।

# जिला न्यायाधीश राम नगीना यादव की अध्यक्षता में मध्यस्थता अभियान 2 के तहत बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला न्यायालय में जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव की अध्यक्षता में मध्यस्थता अभियान 2 के अंतर्गत एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला जज के अलावा न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने मध्यस्थता केंद्र में अधिक से अधिक पत्रावलियों संदर्भित करने और सुलह समझौता के आधार पर मामलों का निस्तारण कराए जाने पर जोर दिया गया।

जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पर्ण राष्ट्र में मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान, जिसमें विभिन्न प्रकृति जैसे वैवाहिक विवाद के मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले. ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारें से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता के लिए सन्दर्भित कर निस्तारण किया जायेगा। बताया कि उक्त अभियान का उदेश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराना है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव पूजा ने बताया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 के अन्तर्गत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में सुलह योग लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में मध्यस्थता केन्द्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संदर्भित कराते हुए सुलह समझौते के आधार पर लम्बित प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित जाए। उन्होंने जिले के आमजन से उपरोक्त राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत न्यायालयों में सुलह योग लम्बित प्रकरणों का मध्यस्थता केन्द्र में संदर्भित कराते हुए सुलह समझौते के आधार पर लम्बित प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराने में सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस मौके पर समस्त न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## शंकराचार्य का अपमान सनातन का अपमान

**महोबा।** पूर्व कैबिनेट मंत्री बादशाह सिंह ने कहा कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेला में जगत गुरु आदि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तरेश्वरानंद के साथ हुये अपमान जनक बर्ताव को समूचे देश विदेश के हिन्दुओं का अपमान है। उनके इस अपमान को समूचा हिंदू समाज माफ नहीं करेगा। कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी और पिछडे गरीब वंचित तबकों का रोजगार एवं विकास का सपना पूरा होगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने यह बात कस्बा चरखारी के एक पैलेस में सोमवार को आयोजित समाजवादी पीडीए जन चेतना सम्मेलन में कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी मान सिंह यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से चुनावों के लिये कमर कस लें। सपा के प्रदेश महासचिव व पूर्व एमएलसी तिलकचंद्र अहिरवार ने कहा कि सपा की असली ताकत बूथ लेवल का कार्यकर्ता है सभी कार्यकर्ता एसआईआर में ध्यान दें, समाजवादी विचारधारा के एक भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में नहीं छूटना चाहिये।

# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर धाम में राम राज्याभिषेक धूमधाम से मनाया गया

- श्रृंगार गौरी माता एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर धाम दीपदान से जगमगाया

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** श्री काशी सत्संग मंडल के तत्वाधान में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण ज्ञान महायज्ञ के नौवे दिन श्री राम राज्याभिषेक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरा परिसर भक्तों के हर हर महादेव के नर से गुंजमान हो उठा।इस अवसर पर श्री राम का राज्याभिषेक किया गया,वही पटाखा मंदिर परिसर में बजाया गया मौके पर भारी पुलिस कर्मी मौजूद थे। धान का लावा गुलाब की पंखुड़ी भक्त उड़ा रहे थे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। शाम 6:00 बजे माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रृंगार गौरी माता पर महिलाओं एवं पुरुषों ने दीपदान किया पूरा परिसर दीपों से जगमगा उठा हर हर महादेव जय श्री राम श्रृंगार गौरी माता की जय से गूंज उठा श्रीराम राज्याभिषेक में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति जयप्रकाश तिवारी न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं विशिष्ट अतिथि कौशल शुक्ला जिला जज वाराणसी उपस्थित रहे।इनके अतिरिक्त देवकांत शुक्ला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाराणसी, हर्षित सिंह जिला जज वैशाली हाजीपुर, मनोज कुमार तिवारी जिला जज प्रथम अररिया,अश्वनी जैन रेलवे मजिस्ट्रेट,संजय हरि शुक्ला जिला जज, बलजिंदर पाल,जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, कैमूर, भभुआ अखिलेश कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,समस्तीपुर। मृत्युंजय सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सारण, छपरा, काशी विश्वनाथ मंदिर धाम के इंटेलिजेंस विभाग खुफिया विभाग के अधिकारी बीडीएस की टीम को सम्मानित किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार पाठक एवं मीडिया प्रभारी डॉक्टर प्रकाश पांडे ने अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ देवेंद्र कुमार पाठक मानस व्यास रवि मिश्रा, डॉक्टर प्रकाश, पांडे उमेश, भारद्वाज एडवोकेट बृजेश उपाध्याय, अमन सिंह,नितेश यादव, प्रतीक गुप्ता पवन सर्राफ मधु शुक्ला आदि मौजूद थे।

# सरकार में अपनी भागीदारी दर्ज कराने के लिए हमें सड़क से संसद तक एकजुट होना होगा : प्रकाश जायसवाल

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** जायसवाल क्लब का परिचय सम्मान संगोष्ठी का आयोजन चिरगांवव झाँसी मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जायसवाल क्लब के संस्थापक/अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि,आज समय आ गया है कि समाज को जागरूक होने की जरूरत हैं। बेशक हम अन्य राज्यों में कई जाति से जाने जाते हैं लेकिन अब जायसवाल स्वजातीय समाज के लोगों को सिर्फ कलार,कलाल,कलवार लिखने की जरूरत हैं ? समाज हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

प्रदेश प्रवक्ता जायसवाल क्लब प्रकाश जायसवाल ने कहा कि समाज को एकजुट होने की जरूरत हैं। सरकार में अपनी भागीदारी दर्ज कराने के लिए हमें सड़क से संसद तक कलाल, कलार,कलवार लिखना पड़ेगा। मनोज जायसवाल जी के नेतृत्व में हम सभी को एक धागे में पिरोकर माला बनने की जरूरत है और उनके साथ कदम से कदम मिला कर स्वजातीय मिशन आंदोलन पूरे हिंदुस्तान में पहुंचने की जरूरत हैं। अध्यक्षता हृदयनारायण जायसवाल किया। संचालक केशव शिवहरे ने किया।

मुख्य रूप से सर्वश्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदलाल जायसवाल राष्ट्रीय सचिव कमलेस जायसवाल, अशोक जायसवाल पूर्व चेयरमैन,जया जायसवाल, रीना जायसवाल,नीरज जायसवाल, हेमंत जायसवाल,अंकित शिवहरे, दिलीप शिवहरे,प्रदीप शिवहरे मिथलेश जायसवाल,धर्मेन्दर जायसवाल, जे पी जायसवाल,संजय जायसवाल, कैलाश जायसवाल एवं झाँसी मंडल के तमाम स्वजातिय समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गोमती नदी के किशनी और कुडवा घाट पर बन रहे हैं पीपे के पुल

**अमेठी।** जनपद में गोमती नदी पर चार पीपे के पुलों पर आवागमन शुरू हो गया है। चालू वित्तीय वर्ष में दो और पुल निर्माणाधीन हैं।एक पुल का भूमिपूजन 31जनवरी को पूर्व राज्य मंत्री और विधायक सुरेश पासी ने किया है।किशनी और कुडवा घाट पर दो पुल निर्माणाधीन हैं?,इन पुलों के निर्माण से एक लाख से अधिक आबादी लाभान्वित होगी।

जिले में गोमती नदी की कुल लंबाई 27किमी है। बड़ी संख्या में गांव गोमती नदी के किनारे बसे हुए हैं। आवागमन की सुविधा के लिए मांझगांव पन्ही, नांदी,पिछूती और दंडेश्वर धाम पर पीपे के पुलों का निर्माण हो चुका है। किशनी घाट पर 72.08लाख रु की लागत से पुल के निर्माण के लिए विधायक सुरेश पासी ने 31जनवरी को भूमि पूजन किया है।कुडवा घाट पर 62.52लाख रु की लागत से पीपे के पुल का निर्माण भी शुरू हो चुका है।

# बजट रोजगार को बढ़ावा देने वाला : ज्ञान प्रकाश शुक्ला

- बजट 'विकसित भारत'के विजन को साकार करने वाला है : राजेश कुमार सिंह

अवधनामा ब्यूरो




**वाराणसी।** लघु उद्योग भारती संगठन के कबीर चौरा स्थित कार्यालय पर केंद्रीय बजट का सजीव प्रसारण देखा गया, जिसके उपरांत उपस्थित उद्यमियों द्वारा बजट पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई।इस अवसर पर उद्यमियों ने सामूहिक रूप से यह मत व्यक्त किया कि प्रस्तुत बजट विकासोन्मुख है तथा मूलभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाला है। इस बजट से विशेष रूप से युवाओं एवं महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष,इनकम टैक्स बार एसोसिएशन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आयकर की दरों में प्रत्यक्ष राहत न मिलने से मध्यम वर्ग के करदाताओं में कुछ निराशा स्वाभाविक है, किंतु कर प्रावधानों के सरलीकरण से अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें अवश्य सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कस्टम ड्यूटी के नियमों के सरलीकरण से लालफीताशाही पर प्रभावी अंकुश लगेगा। विदेश में आय एवं संपत्तियों की घोषणा हेतु लाई गई वन-टाइम स्कीम स्वागतयोग्य है तथा विभिन्न पेनाल्टी समाप्त किए जाने से करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। राजेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव,लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश ने कहा कि यह बजट 'विकसित भारत'के विजन को साकार करने वाला है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर, अंतर्देशीय जल परिवहन, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में यह बजट काशी को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि अंतर्देशीय जल परिवहन को बढ़ावा देते हुए अगले पाँच वर्षों में 20 नए जलमार्ग प्रारंभ करने की घोषणा की गई है। एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने हेतु ?10,000 करोड़ की इक्विटी सहायता निधि, सूक्ष्म इकाइयों के लिए ?2,000 करोड़ का टॉप-अप फंड, तथा इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए ?40,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

मेगा टेक्सटाइल पार्क, एमएसएमई से खरीद को बढ़ावा, नेशनल हैंडलूम पॉलिसी एवं सेल्फ-रिलायंट फंड जैसे प्रावधानों से उद्यमियों एवं कारीगरों को विशेष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में सत्य प्रकाश शुक्ला (अधिवक्ता),लक्ष्मी नारायण गुप्ता, आदित्य शुक्ला, विनायक, कार्तिकेय, गुरुप्रसाद,बृजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, मनीष चौबे सहित अनेक उद्यमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मानसी द्विवेदी को मिली वनस्पति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि

- क्रांतिकारी नवाचार : ऑर्गेनिक बेरी सेफ गार्ड, किफायती और इको-फ्रेंडली समाधान
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध की गूंज, पेटेंट से लैब से मार्केट (औद्योगिकीकरण) की ओर कदम

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** पड़ोसी जनपद सिद्धार्थनगर निवासिनी मानसी द्विवेदी को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने वनस्पति विज्ञान में पीएचडी (Doctor of Philosophy) की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य " Study of Fungal Pathogens causing Strawberry fruit rots and their Management by Natural agents." विषय पर पूरा किया। यह शोध वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. पूजा सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पीएचडी सर्वोच्च शैक्षणिक उपाधि है, जो गहन मौलिक शोध (original research) और थीसिस के सफल बचाव (defence) के बाद विश्वविद्यालय द्वारा दी जाती है। यह डिग्री ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता दर्शाती है। इन्होंने अपने शोध में स्ट्रॉबेरी पर कवक संक्रमण तथा इसके प्राकृतिक प्रबंधन का विश्लेषण किया है, इससे सम्बंधित 5 शोध-पत्र अंतराष्ट्रीय स्तर के स्कोपस इंडेक्स जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। शोध के दौरान इनका पेटेंट प्रकाशित हो चुका था जो अब औद्योगिकरण की ओर अग्रसर है। डॉ मानसी द्विवेदी ने बताया कि, माननीय कुलपति महोदया प्रो. पूनम टंडन के कुशल नेतृत्व और प्रेरणादायी विजन के कारण विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार का एक उत्कृष्ट वातावरण निर्मित हुआ है, जिसने मुझे लक्ष्य तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित किया। निदेशक, अनुसंधान प्रकोष्ठ प्रो. दिनेश यादव, नोडल ऑफिसर डॉ. मनिन्द्र कुमार तथा विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो.अनिल कुमार द्विवेदी आपके निरंतर सहयोग, दिशा-निर्देशों और प्रशासनिक सुगमता के लिए आभार व्यक्त किया। आपके मार्गदर्शन ने मेरे शोध दृष्टिकोण को एक नई दिशा दी है। डॉ. मानसी द्विवेदी ने अपने शोध के दौरान डॉ. रितेश कुमार राय और प्रो. पूजा सिंह के साथ मिलकर %ऑर्गेनिक बेरी सेफ गार्ड% नामक एक प्राकृतिक यौगिक (Natural Compound) विकसित किया है। यह नवाचार विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी जैसे शीघ्र खराब होने वाले (Highly Perishable) फलों के लिए वरदान साबित होगा। डॉ. मानसी के शोध विश्लेषण में पाया गया कि यह उत्पाद फलों की शेल्फ लाइफ को अद्भुत तरीके से बढ़ा देता है, जो स्ट्रॉबेरी सामान्यत 2-4 दिन में खराब हो जाती है, वह इसके प्रयोग से सामान्य तापमान पर 10-12 दिन और कोल्ड स्टोरेज में 20-25 दिनों तक सुरक्षित रह सकती है।

## 29वीं अन्तर वाहिनी पी.ए.सी.पूर्वी ज़ोन कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन

(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** वाराणसी के रामनगर स्थित 36वीं वाहिनी पीएसी,कैंपस में 29वीं अन्तर वाहिनी पी.ए.सी.पूर्वी ज़ोन कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में (कुश्ती,बॉक्सिंग, बॉडीबिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग) प्रतियोगिता शामिल रहा। आज सोमवार को तीन दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह का आयोजन रामनगर परिसर में हुआ। कार्यक्रमके मुख्य अतिथि रहे मनोज कुमार सोनकर,पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी), पीएसी वाराणसी अनुभाग को सेनानायक डॉ.अनिल कुमार पाण्डेय (आईपीएस) द्वारा पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में 10 वाहिनी से लगभग 220 खिलाड़ियों ने पूरे जोश-खरगोश के साथ हिस्सा लिया।

सोमवार को समापन समारोह के परिणाम में प्रथम स्थान (विजेता) 36वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी। द्वितीय स्थान 37वीं वाहिनी पीएसी,कानपुर। तृतीय स्थान 12वीं वाहिनी पीएसी,फतेहपुर रहे।

विशेष सराहना एवं प्रोत्साहन मुख्य अतिथि द्वारा सभी टीमों के मैनेजरों,इंडिया फेडरेशन टीम के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निर्णायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए ।उन्होंने सभी जवानों की खेल भावना की सराहना करते हुए भविष्य में भी 36वीं वाहिनी को ऐसे आयोजनों के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद कुमार यादव, कैलाश नाथ यादव, शिविरपाल,सुरेंद्र कुमार, सूबेदार मेजर,अजीत प्रताप सिंह,गौरव त्रिपाठी साहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## हाटा विधायक ने दो नए परिवहन निगम की बसों को दिखाई हरी झंडी

**हाटा, कुशीनगर।** विधानसभा क्षेत्र हाटा में सोमवार को दो नई बस सेवाओं का विधायक मोहन वर्मा ने विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस दौरान विधायक ने हरी झंडी दिखाकर बस सेवा जनता को समर्पित किया।

विधायक श्री वर्मा ने बताया कि नई बस सेवाओं के संचालन से हाटा एवं आसपास के क्षेत्रों की परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी, आमजन को सुगम, सुरक्षित एवं किफायती आवागमन सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इन बस सेवाओं के प्रारंभ होने से हाटा विधानसभा क्षेत्र को गोरखपुर मंडल से लेकर राजधानी लखनऊ तक सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं रोजगार से जुड़े आवागमन में उल्लेखनीय सुविधा होगी। विधायक श्री मोहन वर्मा ने कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, तथा भविष्य में भी परिवहन सहित बुनियादी सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

## थाना गोरई व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग देहात की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़

**अलीगढ़ ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र बनाने/बिक्री करने वाले शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन, स0पु0अ0 सम्यक चौधरी व क्षेत्राधिकारी इगलास महेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना गोरई पुलिस व क्रिमिनल इंटेलीजेन्स विंग (देहात) की संयुक्त टीमों द्वारा मुखबिर की सूचना पर 05 शातिर अभियुक्तों को बेसवां रोड पर बन्द पड़े भट्टे से अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करने एवं अवैध देशी शस्त्रों का निर्माण करते हुए भारी संख्या में बने/ अधबने तमंचे के साथ शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करते हुए गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि तमंचे बनाने का समान (रॉ मैटेरियल) अलीगढ़ में मदारगेट से तथा तमंचे के लिए नाल छीपी टोला आगरा से खरीदते हैं जिसमें एक तमंचा बनाने की लागत 1000 से 1500 रुपये आती है तथा एक तमंचा को छः से सात हजार में बेचते हैं।

## नगर निगम की मिली भगत से नाले के उपर चल रहा होटल नूरी, पूर्व में थूक लगाकर रोटी बनाने पर सील हुआ होटल

**अलीगढ़।** महानगर के थाना सासनी गेट अंतर्गत जयगंज पुलिस चौकी के नजदीक संचालित होटल नूरी जोकि नाले के उपर बना हुआ है। इस पर नगर निगम की महान कृपा है। इस होटल के कारण हर समय जाम बना रहता है वही स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पूर्व में थूक लगाकर रोटी बनाने का एक वीडियो वायरल होने पर फूड विभाग ने होटल सील कर दिया था। परंतु 3 दिन बाद ही विभाग ने होटल की सील खोल दी और कोई कार्यवाही नहीं हुई। होटल के मालिक का कहना है कि मेरे उपर जयगंज चौकी के पुलिस कर्मियों का सहयोग है। मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय हैं कि वैसे तो नगर निगम अतिक्रमण करने वालो पर सख्त है तो इस होटल पर कार्यवाही क्यों नहीं होती जबकि यह नाले पर संचालित है।

# शब-ए-बारात आज, पूरी रात चलेगा इबादत का सिलसिला

- शब-ए-बारात के दिन लोग अल्लाह से अपने गुनाहों की मांगते माफी

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शब-ए-बारात का त्योहार मुस्लिम लोगों के लिए काफी अहम त्योहारों में से एक हैं, इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग रात में जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं। इस बार शब ए बारात आज यानी 3 फरवरी को पड़ रही है। कि शब ए बारात इस्लामिक माह शाबान जो की इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार आठवां महीना है इसकी 15 तारीख की रात, शब ए बारात जो बरादत की रात कहलाती है।

शब ए बारात के बावत हाफिज राहत रजा बताते हैं कि यह रात मुसलमानों के लिए एक बहुत ही मुकद्दस मानी जाती है और इस रात को इबादत मगफिरत और रहमत की बारिश होती है। हाफिज ने बताया कि शब ए बारात की रात अल्लाह अपनी रहमत के दरवाजे खोल देता है। इस रात अल्लाह दुनिया के आसमान पर नुलूस फरमाता है। इस रात बंदे रात भर इबादत करते हैं और अल्लाह से जो भी जायज दुआ मांगो वह कबूल होती है। बंदे अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा करते हैं, लेकिन मगफिरत (माफी) तब तक नहीं मिलती जब तक दिल से तौबा न की जाए। बताया कि इस रात अल्लाह इंसान के पिछले आमालों (काम) को ध्यान में रखकर उसके आने वाले दिनों की किस्मत लिखता है कौन कब पैदा होगा और कौन कब मरेगा इसका रिकॉर्ड भी इस दिन लिखा जाता है।

हाफिज रजा ने बताया कि शब ए बारात के दिन लोग कब्रगाह पर जाकर दुनिया छोड़ चुके खानदान के लोगों की कब्र पर रोशनी करते और कब्र पर गुलाब के फूल चढाकर अगरबत्ती जलाकर मगफिरत की दुआएं करते हैं। इस रात को इबादत में गुजारने वाले लोगों के सारे गुनाह माफ किए जाते हैं और फरिश्ते रहमत के साथ जमीन पर उतरते हैं।

## आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद श्री जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 02/02/2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 मय स्टाफ क्षेत्रांतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।स्टाक रजिस्टर, pos से बिक्री, online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# ग्राम समाज की ज़मीन पर आवासीय पट्टे की मांग को लेकर पांच दर्जन महिलाओं का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** सदर तहसील के मामना गांव की करीब पांच दर्जन महिलाओं ने आवास के लिए जमीन का पट्टा कराए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और ग्राम समाज की खाली भूमि पर दलितों को आवास के लिए भूमि के पट्टे आवंटित कराए जाने की मांग की है, जिससे उनके गरीब परिवारों को छत नसीब हो सके।

ज्ञापन में महिलाओं का आरोप है कि परिवार बढ़ने के कारण उनके छोटे घरों में रहना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों के पास रहने के लिए भूमि का कोई टुकड़ा भी नहीं है, जिससे उन्हें तमाम समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि गांव में लगभग 40 ऐसे परिवार हैं जिनके पास अपनी ज़मीन नहीं है। एक ही कमरे में कई पीढ़ियों का गुज़र बसर करते चले आ रहे है, लेकिन अब संभव नहीं हो पा रहा है। महिलाओं की मुख्य मांग है कि उन्हें ग्राम समाज की खाली पड़ी ज़मीन पर आवासीय पट्टे दिए जाएं, जिससे इससे न केवल उन्हें अपने बच्चों के लिए सुरक्षित छत मिलेगी, बल्कि वे अपने मवेशियों को भी पाल सकेंगी, जो उनकी आजीविका का साधन हैं। ज्ञापन में बताया कि वे पिछले कई वर्षों से प्रशासन से गुहार लगा रही हैं, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने तहसील प्रशासन को कई इस संबन्ध में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे परेशान होकर गांव की महिलाएं एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंची और प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पट्टों का आवंटन नहीं हुआ, तो वे अपने आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगी। ज्ञापन देने वालों में हरवाई, लीला, आशारानी, प्रीति, भोला देवी, रामदेवी, सीमा, मत्थी, विद्या, रामश्री, कुंवर, पानबाई, क्रांति, नेहा, पूजा, देवकुंवर, कल्लो, सिमकी देवी, बब्ली, गुलारानी सहित करीब पांच दर्जन महिलाएं शामिल हैं।

# कानून-व्यवस्था एवं बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

- बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे और अलार्म सिस्टम को किया चेक, संदिग्धों से की पूछताछ

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जिले के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# केंद्रीय बजट 2026 को लेकर कही खुशी कही गम



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** केंद्रीय बजट को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में खुशी और नाराजगी दोनों दिखाई दी है। पूर्व पार्षद व अधिवक्ता आलोक कुमार सिंह ने बजट का स्वागत करते हुए कहा बजट में न केवल आर्थिक प्रगति पर बल दिया गया है, बल्कि न्याय व्यवस्था, विधिक ढांचे और संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की भावना भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह ने बजट को लेकर कहा कि वर्ष 2026 का केंद्रीय बजट देश के समग्र विकास की दिशा में एक संतुलित, दूरदर्शी और समावेशी प्रयास के रूप में सामने आया है।अधिवक्ता संघ अयोध्या से महामंत्री प्रत्याशी रहे अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा अधिवक्ता समाज बजट में विधिक शिक्षा और प्रशिक्षण को प्रोत्साहन दिए जाने की पहल की भी सराहना करता है।अयोध्या के व्यापारी सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि बजट को लेकर देश के व्यापारियों में निराशा है। व्यापारियों को उम्मीद थी कि इस बजट में जीएसटी की जटिलताओं को कम किया जाएगा, छोटे और मध्यम व्यापार के लिए कर राहत मिलेगी तथा महंगाई पर नियंत्रण के ठोस उपाय होंगे। लेकिन बजट में ऐसी कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई जिससे व्यापार को सीधा लाभ मिल सके। व्यापारी दीपक यादव ने बजट पर निराशा दिखाई और कहा बढ़ती लागत, घटती मांग और सख्त कर नियमों के बीच व्यापारियों को राहत की आवश्यकता थी। कांग्रेस नेता राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह बजट ऐसे समय में पेश किया गया है जब देश महंगाई, बेरोज़गारी और आर्थिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, लेकिन इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस और दूरदर्शी कदम दिखाई नहीं देते।महिलाओं में बजट को लेकर निराशा दिखी।सुशीला पाण्डेय ने कहा सबसे बड़ी चिंता बढ़ती महंगाई को लेकर है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं और महिलाओं को लेकर बजट में कोई राहत नहीं है। सपा नेता दान बहादुर सिंह ने बजट पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में कृषि क्षेत्र किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और उन्हें बाज़ार में बेहतर मूल्य दिलाने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं का अभाव है।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। इसमें जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# केंद्र सरकार का 2026 का बजट जनता के साथ छल, महँगाई-बेरोज़गारी पर चुप्पी : सरोज यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 के बजट को आम जनता की उम्मीदों के साथ छल बताते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसान, मज़दूर, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग सभी वर्गों को निराश करने वाला है।सरोज यादव ने कहा कि सरकार का यह बजट पूरी तरह से कॉरपोरेट हितों का बजट है, जिसमें आम आदमी की बुनियादी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है। देश आज महँगाई, बेरोज़गारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, लेकिन बजट में इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल आंकड़ों और खोखले वादों की भरमार है।उन्होंने कहा कि



किसानों को आज भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी नहीं मिली, युवाओं के लिए स्थायी रोजगार का कोई स्पष्ट रोडमैप सामने नहीं आया और महिलाओं की सुरक्षा व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए।

स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी बजट आवंटन जरूरत के मुकाबले काफी कम है, जिससे सरकार की प्राथमिकताएं साफ झलकती हैं।सरोज यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि महँगाई से त्रस्त जनता को इस बजट से आखिर क्या राहत मिली? बेरोज़गार युवाओं के लिए ठोस योजना कहाँ है? किसानों की आय दोगुनी करने का वादा अब किस फाइल में दब गया है?उन्होंने आगे कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश की वास्तविक जरूरतों से पूरी तरह कटा हुआ है।

शोषित, पीड़ित, वंचित, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और व्यापारी वर्ग–किसी के हित की बात इसमें नहीं की गई है। उल्टा यह बजट इन वर्गों की स्थिति को और कमजोर करने वाला साबित होगा।

अंत में उन्होंने कहा कि इस बजट से आम आदमी के हाथ केवल निराशा लगी है और सामाजिक न्याय व विकास के सरकारी दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। यह बजट उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नहीं, बल्कि उपेक्षा का बजट है।

# साइबर जागरूकता पर निवेशक सेमिनार, अयोध्या पुलिस व बीएसई का संयुक्त आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आरटीसी सभागार में रीजनल इन्वेस्टर सेमिनार फॉर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेमिनार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा अयोध्या पुलिस के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य वित्तीय धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ आम नागरिकों को जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदररामन राममूर्ति उपस्थित रहे। उन्होंने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध और वित्तीय फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूकता सबसे सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या डॉ. गौरव ग्रोवर ने रिक्रूट आरक्षियों एवं पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने साइबर अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही नागरिकों को फर्जी निवेश योजनाओं, स्कैम कॉल्स एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने का आह्वान किया।सेमिनार में निवेशकों, पुलिस कर्मियों एवं आम नागरिकों की उत्साहजनक सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम गरिमामय एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। इस दौरान साइबर अपराध नोडल अधिकारी बलवंत चौधरी, सहायक पुलिस अधीक्षक देवेश चतुर्वेदी, सभी थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क के प्रभारी/कर्मचारी तथा अन्य पुलिस कर्मी भी उपस्थित रहे।

# बरेली के रिठौरा में नशे का खौफनाक कारोबार: 16 साल के मासूम समीर की चाकू मारकर हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** जिले का रिठौरा कस्बा अब नशे के सौदागरों का अखाड़ा बन चुका है। यहां दिन-रात खुलेआम स्मैक, गांजा, अफीम और अन्य नशीले पदार्थ बिक रहे हैं, जिसकी सबसे बड़ी कीमत मासूम युवा पीढ़ी चुका रही है। नशे के बदमाश अब छोटी-छोटी बातों पर जान लेने से भी नहीं हिचकते। ताजा वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।केवल 16 साल का निर्दोष लड़का समीर अहमद, पिता शरीफ अहमद का लाड़ला, नशेड़ी टोलियों की क्रूरता का शिकार हो गया। उसकी चीखें आज भी रिठौरा की गलियों में गूंज रही हैं, लेकिन अब वह इस दुनिया में नहीं रहा। घटना की पूरी दास्तान दिल दहला देने वाली है। 30/31 जनवरी 2026 की रात साढ़े दस बजे समीर अपने दोस्त अर्स के साथ बाइक पर कस्बे में दुकान से सामान खरीदने गया था। लौटते वक्त नरेश किराना दुकान के पास पहुंचा तो चार नशेड़ी युवकों–आरिफ पुत्र नासिर, जाकिर पुत्र नासिर (दोनों वार्ड 4, मोहल्ला इंद्रापुरी), अयान पुत्र आदिल (वार्ड 2, नई बस्ती) और करन सिंह पुत्र सठरू लाल यादव (वार्ड 2, नवदिया)–ने उसे घेर लिया। मामूली बात–बाइक चलाने के तरीके पर–उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। जान से मारने की धमकियां दीं।जब समीर ने विरोध किया, तो जाकिर, अयान और करन सिंह ने उसे पकड़ लिया। आरिफ ने जानबूझकर, जान लेने की नियत से चाकू से उसे गोदा। कई गहरे वार किए गए। खून से लथपथ समीर को घटनास्थल पर ही छोड़कर हमलावर फरार हो गए। यह सब कुछ शाहिल पुत्र हाफिज अहमद और नौसाद पुत्र अनीस अहमद ने अपनी आंखों से देखा। परिवार ने तुरंत समीर को ओमेगा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत इतनी गंभीर थी कि राममूर्ति अस्पताल, भोजीपुरा रेफर कर दिया गया। वहां भी डॉक्टरों ने हताश होकर कहा रक्तस्राव बहुत ज्यादा, हालत नाजुक। परिवार ने आखिरी उम्मीद में दिल्ली के बड़े अस्पताल ले जाने का फैसला किया। लेकिन रास्ते में ही समीर की सांसें थम गईं। 16 साल का नन्हा दिल हमेशा के लिए धड़कना बंद हो गया। एक मां-बाप का सपना, एक बहन-भाई का सहारा, नशे के इस जहरीले जाल में कहीं खो गया। यह सिर्फ एक हत्या नहीं–यह रिठौरा में फैले नशे के माफिया का खुला चेहरा है। नशे के अड्डे यहां खुलेआम चल रहे हैं। युवा लाइन लगाकर जहर खरीदते हैं। नशेड़ी टोलियां अब अपराध की नई ऊंचाइयां छू रही हैं मारपीट, लूट, अब हत्या। प्रशासन की आंखों के सामने यह धंधा फल-फूल रहा है। पुलिस छापेमारी करती है, लेकिन जड़ें इतनी गहरी हैं कि उखड़ती नहीं दिखतीं।

## 8वें वेतन आयोग की कि कार्यवाही में हो रही देरी के विरोध में नरमू ने किया विरोध प्रदर्शन

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** देश की सबसे बड़ी फ़ेडरेशन आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वाहन पर एन ई रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा इज़्ज़तनगर मे एक रैली वर्कशॉप गेट से डीआरएम ऑफिस तक निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी के नेतृत्व में सैकड़ो कर्मचारियों द्वारा विरोध दिवस के रूप में मनाया इस अवसर पर नरमू के महामंत्री ने बताया की आठवें वेतन आयोग की घोषणा तो कर दी गई कमेटी का गठन भी कर दिया गया पर उस पर अभी तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई जिससे 1 जनवरी 2026 को लागू होने वाले नए वेतनमानों में भत्तों पर असर पड़ेगा जितनी अधिक देरी होगी कर्मचारियों का उतना ही नुकसान होगा कार्यकारी अध्यक्ष वी एन सिंह ने बताया कि बोनस का भुगतान वास्तविक वेतन के आधार पर ना करके 7000 रुपए की सीलिंग पर किया जा रहा है जो किसी भी रूप में न्याय संगत नहीं है, यूनियन की मांग है की आठवे वेतन आयोग की कार्यवाही शीघ्र करके जनवरी 2026 से नए वेतनमान लागू किया जाए एवं बोनस का भुगतान वास्तविक वेतन के आधार पर किया जाए प्रदर्शन रैली कारखाना गेट से डीआरएम ऑफिस तक निकाली गई विरोध प्रदर्शन में नरमू के महामंत्री बसंत चतुर्वेदी, केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष वी एन सिंह मंडल मंत्री राम किशोर, पूर्व वर्कशॉप मंडल अध्यक्ष बृजपाल सिंह, अनुराग शुक्ला, के के यादव, सचिन सक्सेना,राजवीर मीणा, आबिद, बाबूलाल मीणा ,राजधर शर्मा, गोविंद पोरवाल , अनुराग, अनिल कुमार, नाजिश खान मिहिर भट्टाचार्य, जगवीर यादव ,आराम सिंह,राजन कुमार, पी के दुवे,रोहित कुमार, विपरेंद्र ठाकुर,संजय त्यागी, इंदर सक्सेना,हरीश भारती,महिप कश्यप,मीडिया प्रभारी,स्टोर शाखा अध्यक्ष रामसनेही शाखा मंत्री अशोक अग्निहोत्री, ओम प्रकाश, जाफरा अखतर , सुषमा शर्मा, मुन्नी देवी, रुखसाना आशा रानी , साधना पांडे, मिनी देवी, मालती नेगी, गीता , रविंद्र चौहान, अनीता सिंह, लीनियन टूडू पवन कुमार मिश्रा, मोहम्मद कमर, अनिल नागरानी, ऋषि कुमार, बाबूलाल मीणा सुनील कुमार, संजीव, पंकज कुमार , घनश्याम वर्मा, सुरेंद्र कुमार, हर्ष सक्सैना, देवकीनंदन जोशी, जबर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुशील चंद्र , भुवनेश, बृजमोहन महतो, विष्णु मंडल, वीरेंद्र कुमार, राकेश मीणा, संतोष वर्मा , संतोष कुमार, जयपाल, लोकेश कुमार, संजय कुमार, राजपाल सिंह , अनिल सेठ,अशोक कुमार, साजिद हुसैन मनोज कार, शकील अहमद, सत्य प्रकाशआदि सैकड़ो रेल कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## पूर्व सांसद के होटल से चार लाख की चोरी, सीसीटीवी कैमरे मिले बंद

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित होटल डिप्लोमेट में बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। होटल के कैश काउंटर से करीब चार लाख रुपये गायब होने से होटल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह घटना लगभग एक सप्ताह पहले की है, जिसकी शिकायत अब पुलिस से की गई है।

होटल प्रबंधन के अनुसार 23 जनवरी को अकाउंट विभाग के लॉकर में लगभग साढ़े चार लाख रुपये सुरक्षित रखे गए थे। 25 जनवरी की शाम जब लॉकर खोला गया तो उसमें मात्र 50 हजार रुपये ही मिले। नकदी कम मिलने की सूचना मिलते ही होटल प्रशासन सकते में आ गया।

नकदी गायब होने के बाद होटल प्रबंधन ने पहले अपने स्तर पर कर्मचारियों से पूछताछ और रिकॉर्ड की जांच की, लेकिन कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी।

# वेदान ग्रुप व बीइंग अलाइव फाउंडेशन की सराहनीय पहल, बना जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** समाज के हर वर्ग तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से वेदान ग्रुप एवं बीइंग अलाइव फाउंडेशन द्वारा संचालित वेदान BEING ALIVE CHARITABLE HEALTH CARE CENTRE लगातार जनसेवा की मिसाल बनता जा रहा है। यह केंद्र विशेष रूप से उन जरूरतमंद, गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ होते हैं। इस चैरिटेबल हेल्थ केयर सेंटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विभिन्न रोगों के अनुभवी, वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ डॉक्टर नियमित रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। मानसिक रोग, हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, ईएनटी, यूरोलॉजी, फेफड़े एवं अस्थमा, आयुर्वेद सहित लगभग हर प्रमुख चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ यहां निर्धारित समय पर मरीजों को परामर्श दे रहे हैं। मानसिक रोग से लेकर हृदय, न्यूरो, स्त्री रोग तक एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं वेदान BEING ALIVE CHARITABLE HEALTH CARE CENTRE में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर्स का साप्ताहिक टाइम टेबल निर्धारित किया गया है, ताकि लोग समय पर आकर बिना किसी असुविधा के विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकें। प्रत्येक सोमवार को शाम 5 बजे से 6 बजे तक वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. रमजान अली अपनी सेवाएं देते हैं। मंगलवार को होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. कुलसुम आरा (11 से 12 बजे) तथा जनरल फिजिशियन डॉ. एम.ए. अहमद शाम 5 से 6 बजे तक उपलब्ध रहते हैं। बुधवार को सुबह डॉ. आफताब हुसैन अंसारी , दोपहर में नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरशद अली, तथा सायं व रात्रि में वरिष्ठ फिजिशियन व ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ मरीजों का उपचार करते हैं। बृहस्पतिवार को यह केंद्र विशेषज्ञ सेवाओं का हब बन जाता है। इस दिन यूरोसर्जन डॉ. हरीश अंसारी, न्यूरोसर्जन डॉ. कुंदन कुमार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नाजिश रहमान, आयुर्वेदाचार्य डॉ. अंजनी कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. सलीक अहमद एवं डॉ. मोहम्मद असजद रज़ा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनाज़िर इक़बाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ताहिर हुसैन, ऑर्थोपेडिक एवं पल्मोनरी मेडिसिन विशेषज्ञ सहित कई वरिष्ठ डॉक्टर अलग-अलग समय पर सेवाएं प्रदान करते हैं। शुक्रवार को गोल्ड मेडलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद कलीम, ईएनटी सर्जन डॉ. अबू सईद, ट्रॉमा एवं जनरल सर्जन, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ तथा अन्य अनुभवी चिकित्सक मरीजों की जांच करते हैं।

# आमजन से शालीन व्यवहार करें पुलिसकर्मीः एसपी

**पुलिस अधीक्षक ने घुघली थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया**



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने थाना घुघली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, अभिलेखों के रख-रखाव, शस्त्रागार, सीसीटीवी व्यवस्था, महिला हेल्प डेस्क, आगंतुक रजिस्टर एवं साफ-सफाई की स्थिति का गहन अवलोकन किया। श्री मीना ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए वांछित व वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों को अनुशासन, समयबद्ध कार्यवाही, आमजन से शालीन व्यवहार और अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। सीमावर्ती क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए गश्त और चेकिंग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के उपरांत एसपी महोदय ने थाने की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

## हिस्ट्रीशीटर ससुर पर महिला ने लगाए बलात्कार और झूठे मुकदमों के गंभीर आरोप

**बरेली/शाहजहांपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद बरेली की एक महिला (प्रार्थिनी) ने अपने ससुर रामऔतार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विवाह के बाद से ही उसके साथ मानसिक, शारीरिक और यौन शोषण किया गया। पीड़िता का आरोप है कि उसने थाना बारादरी बरेली में मुकदमा गंभीर धाराके तहत अपने ससुर के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराया था, लेकिन उसके भाई को अगवा कर धमकाने और दबाव डालकर समझौता कराकर मामला समाप्त करा दिया गया। प्रार्थिनी के अनुसार, उसका परिवार सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित है और उसका इकलौता भाई चिकित्सक की पढ़ाई कर रहा है। आरोप है कि ससुर रामऔतार, जो थाना बारादरी का हिस्ट्रीशीटर है, ने अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि छिपाकर 1 मार्च 2024 को लगभग 65 लाख रुपये खर्च कर हिंदू रीति-रिवाज से विवाह सम्पन्न कराया। पीड़िता का कहना है कि उसके पति करन को संपत्ति से बेदखल करने और झूठे मुकदमों में फँसाने की धमकी दी गई। आरोप है कि ससुर अवैध रूप से बालाजी प्रॉपर्टी के नाम पर विवादित जमीनों पर कब्जा और बिक्री करता है और क्षेत्र में अपराधियों के साथ मिलकर दहशत फैलाता है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके साथ लगातार यौन उत्पीड़न किया गया और मेडिकल जांच के नाम पर धोखे से दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर कराए गए।

# शिक्षा और सम्मान की पहल छात्राओं को मिला संबल



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाज़ार(महराजगंज)।** स्थानीय नगर के लोहेपार मोहल्ले में युवाओं की सामाजिक सहभागिता का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रही कक्षा 10 एवं 12 की छात्राओं को परीक्षा से पूर्व पठन-पाठन एवं लेखन सामग्री प्रदान कर बेहतर सफलता के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं की माताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। लोहेपार सम्मान समारोह का आयोजन ठाकुर जी मंदिर परिसर में किया गया, जिसका शुभारंभ प्रेमलाल सिंघानिया कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शशिकला सिंह, समाजसेवी एवं मीडिया समूह के सीईओ प्रमोद गुप्ता एवं प्रवीण सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने युवाओं द्वारा पिछले कई वर्षों से निरंतर संचालित इस शैक्षिक प्रोत्साहन अभियान की सराहना करते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं लगन के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने का संदेश दिया।

# पुलिस लाइन में जलभराव की समस्या का समाधान शुरू

**नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास**

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे स्थानीय पुलिस लाइन परिसर में आखिरकार समाधान की दिशा में कदम बढ़ा है। उत्तर प्रदेश शासन, गृह विभाग द्वारा स्वीकृत नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को किया गया। यह कार्य सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया के प्रयासों से स्वीकृत हुआ है। बरसात के मौसम में पुलिस लाइन परिसर में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण पुलिसकर्मियों, उनके परिवारों और आगंतुकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नाला निर्माण कार्य शुरू होने से इस समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जगी है। शिलान्यास कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा तथा पूर्व



नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि पुलिस लाइन जैसी संवेदनशील और महत्वपूर्ण जगहों पर बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना बेहद आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कहा कि इस कार्य के पूर्ण होने से पुलिसकर्मियों के कार्य और आवासीय वातावरण में सुधार आएगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर जोर दिया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याओं को चिन्हित कर उनका स्थायी समाधान किया जाए, ताकि विकास का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे।

कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता प्रवीण भारती, अवर अभियंता रणजीत तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन रूपेश कुमार सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## किसान फॉर्मर रजिस्ट्रेशन से वंचित ना रह जाएः डीएम

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज ग्राम पंचायत बेलवा तिवारी में फॉर्मर रजिस्ट्री निर्माण हेतु आयोजित विशेष अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर की जा रही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी ली और अब तक तैयार की गई फॉर्मर रजिस्ट्री की संख्या पूछी। पंचायत सहायक ने बताया कि आज कुल 08 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री पूर्ण की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किसान फॉर्मर रजिस्ट्री से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसान सम्मान निधि सहित सभी कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ फॉर्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही मिलेगा।

# मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद, प्रशासनिक हस्तक्षेप से सुलझा मामला

**ग्रामसभा देउरवां में मूर्ति स्थापना को लेकर हुआ विवाद**



*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहां(महराजगंज)।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा देउरवां में रविवार की रात भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। गांव के कुछ लोगों ने मूर्ति स्थापना पर आपत्ति जताते हुए इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं चिउटहां चौकी प्रभारी सारिका सिंह ने बिना अनुमति मूर्ति स्थापना को नियमविरुद्ध बताते हुए मूर्ति हटाने के निर्देश दिए, लेकिन मूर्ति स्थापित करने वाले लोग इसे हटाने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद सिंदुरिया थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति से एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम निचलौल तत्काल मौके पर पहुंचे और कानूनगो रामनिवास पासवान तथा लेखपाल चंदन सिंह को बुलाकर भूमि का सीमांकन कराया। सीमांकन में उक्त भूमि ग्राम प्रधान की निजी भूमि पाई गई।

विवाद के समाधान के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज पटेल ने एसडीएम की उपस्थिति में लिखित रूप से एक डिसमिल भूमि भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति स्थापना के लिए देने की सहमति दी, जिसके बाद मामला शांत हो गया। इस संबंध में एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा मूर्ति स्थापना को लेकर आपत्ति जताई गई थी।


## समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने संत रविदास जी की जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया

**गोण्डा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उ. प्र. पीडीए के जननायक अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देशन में जिला महासचिव राजेश यादव की अध्यक्षता में महान समाज सुधारक एवं संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलामहासचिव राजेश यादव ने कहा कि संत रविदास जी ने मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश देकर पाखंडवाद पर प्रहार किया और समाज में ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाने का मार्ग दिखाया। प्रदेश सचिव विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से संत रविदास जी के मानवतावादी विचारों पर चलती आई है। जिला प्रवक्ता जावेद मंटू ने संत जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान दिलाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## भूमाफिया पर जमीन हथियाने का लगा आरोप

**जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह करने की दिया चेतावनी**

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** जहां एक तरफ योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है वहीं दूसरी तरफ दबंग भूमाफिया दूसरे की जमीन हथियाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं, बता दें कि एक वृद्ध प्रार्थी राजपति सिंह पुत्र स्वर्गीय रामनरेश सिंह निवासी ग्राम चरौंहा, थाना-परसपुर जिला-गोण्डा का निवासी है। जिसने पुलिस अधीक्षक को अपने लिखित तहरीर में बताया कि प्रार्थी बचपन से ही ग्राम महेशपुर, परगना नवाबगंज, तहसील तरबगंज में रहने लगा, और वहीं रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की, जिसमें कामता प्रसाद सुन्दरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या फैजाबाद से बीए, एलएलबी की पढ़ाई पूरी की, और ग्राम महेशपुर में रहने के दौरान प्रार्थी ने कई खातेदारों की भूमि पर काबिज व दखील हो गये और कृषि कार्य करने लगे। इसी दौरान गांव में चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ हुई और दौरान चकबन्दी दीर्घकालीन कब्जे के आधार पर कई नम्बरान सहायक चकबन्दी अधिकारी के आदेश से बकाया लगान जमा करते हुये प्रार्थी का नाम संक्रमणीय भूमिधर दर्ज कागजात हुआ और प्रार्थी का नाम आधार वर्ष व सीएच 23, सीएच 41, सीएच 45 बनते हुये सीएच 45 की नई खाता संख्या-103 की गाटा संख्या-399/9.16 एकड़ दर्ज कागजात हुआ और उसके बाद कई खतौनियां प्रार्थी के नाम बनीं। ग्राम महेशपुर के कुछ भू-माफिया एक कथित महिला संजू देवी उर्फ गायत्री देवी कथित पुत्री राजपति सिंह का बताकर प्रार्थी के नाम दर्ज भूमि गाटा संख्या-399 का प0क0-11 का आदेश दिनांक-27.07.2006 को दर्ज कागजात करा लिया। प्रार्थी को जानकारी होने पर प्रार्थी ने उक्त प0क0-11 आदेश निरस्त कराने का प्रार्थना पत्र तहसील तरबगंज में दिया, जो काफी समय तक विचाराधीन रहा। इसी दौरान भू-माफियाओं द्वारा प्रार्थी की उक्त पत्रावली तहसील से गायब करा दी गई और उक्त प0क0-11ख आदेश दिनांक-27.07.2006 के आधार पर संजू देवी उर्फ गायत्री देवी ने उक्त भूमि का बैनामा कई लोगों को कर दिया। प्रार्थी तभी से सक्षम अधिकारियों के समक्ष दौड़ रहा है, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। प्रार्थी ने उक्त फर्जी प0क0-11 आदेश के विरूद्ध थाना तरबगंज जनपद गोण्डा में मुकदमा अपराध संख्या-492/2024 विपक्षीगण के विरूद्ध पंजीकृत कराया, जिसमें विवेचक महोदय द्वारा विपक्षीगण के प्रभाव में आकर अन्तिम रिपोर्ट प्रेषित कर दी है। जिससे प्रार्थी काफी आहत है। 18 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से दर्ज की गई प0क0-11ख आदेश दिनांक-27.07.2006 निरस्त नहीं किया गया तथा प्रार्थी जीवित होते हुये भी मृतक की श्रेणी में बना हुआ है, जो प्रार्थी के साथ घोर अन्याय है।

## केंद्र सरकार के भारी भरकम बजट से पुरानी पेंशन गायब

अवधनामा संवाददाता, **सिद्धार्थनगर।** केंद्र सरकार के वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2026-27 का भारी भरकम बजट 53.5 लाख करोड़ रूपये का कल संसद में पेश किया गया। इस बजट में केंद्र सरकार ने आर्थिक विकास को गति देते हुए सभी क्षेत्रों में बजट की घोषणा की गई है परंतु कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन के लिए किसी भी प्रकार की ना तो चर्चा है और ना तो बजट का आवंटन। इससे केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारियों में निराशा और रोष दोनों ही व्याप्त है। उक्त बातें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बस्ती मंडल के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने कहीं।

मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी एक लंबे अरसे से पुरानी पेंशन को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जू नहीं रेग रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी संगठनों ने इस लड़ाई को अब एक साथ मिलकर लड़ने का फैसला लिया है।

## सैय्यदा खातून के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी चाफा स्थित राम दीन जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में समाजवादी पार्टी द्वारा विधायक सैय्यदा खातून के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत विधायक सैय्यदा खातून व मुख्य अतिथि कविन्दर चौधरी ने संत रविदास जी की जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कप्तानगंज के विधायक कविन्द्र चौधरी ने अपने संबोधन में भाजपा के नीतियों की विरोध करते हुए कहा कि आज समाज में जात पात का बोलबाला हो गया है। जिसके चलते देश की तरक्की थम सी गई है। भाजपा अपनी कुर्सी बचाने के लिए तरह-तरह के नियम लागू कर रही है। समाजवादी पार्टी हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। यह सभी धर्मो का सम्मान करना जानती है। भाजपा समाज में जहर घोलने का काम कर रहीं है। बगैर आपसी भाईचारे के समाज का विकास संभव नही है। उन्होंने कहा कि डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून जी अपने विधानसभा की समस्याओं को उठाती है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी इसलिए आप सभी अभी से लग जाइए और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकिए।विधायक सैय्यदा खातून ने उपस्थित क्षेत्रवासियों, बाजार वासियों का अभिनंदन स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी लोगों से अपील है कि अपना अपना एसआईआर फार्म पूर्ण करवा लें। जिससे वोटिंग के समय कोई दिक्कत न होने पाये। कुछ लोगों का फार्म में गडबड़ी की शिकायत है तो प्रशासन कैम्प लगा कर त्रुटि सुधार की व्यवस्था की है, वहां पहुच कर सही करवा लेंउन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव होंगे।उन्होंने जनसभा में आये सभी लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि लाल जी यादव व विजय पासवान सहित अन्य नेता कार्यकर्ता ने भी सम्बोधित किया।इस मौके पर जहीर मलिक, पप्पू सिद्दीकी, सिंधु पासवान, चिसियावन यादव, पुत्तन, बेचई यादव, फुजैल अहमद, फैजान अहमद,डा अली मजहर, मिथुन यादव, जितेन्द्र पटेल, आजाद जायसवाल, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्ति रथ को सदर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा पूरे देश में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है।

उक्त के क्रम में बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए सदर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि यह अभियान केवल एक जागरूकता कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी बेटियों के भविष्य, शिक्षा और सम्मान की रक्षा का एक सशक्त संकल्प है। इसी राष्ट्रीय अभियान को मानव सेवा संस्थान सेवा द्वारा जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ का संचालन किया जा रहा है, जो लगभग 30 दिनों तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर जन-जन को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराएगा। उन्होंने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि जब हम एक बच्चे का बचपन बचाते हैं, तब हम एक पूरी पीढ़ी को शिक्षित, स्वस्थ और सशक्त बनाते हैं। बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुप्रथा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और मानवाधिकारों पर गहरा प्रहार है। उन्होंने कहा यह पुनीत अभियान समाज के लिए एक अत्यंत सकारात्मक, प्रेरणादायी और प्रभावशाली संदेश देगा।

मानव सेवा संस्थान के कार्यकारी निदेशक पुरु मयंक त्रिपाठी ने इस अभियान को हरी झंडी दिखाने के लिए सदर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के सन्दीप कुमार मद्धेशिया, अरूण कुमार मद्धेशिया, ग्राम प्रधान झंगटी अरविंद तिवारी, प्रधान विशुनपुर राजेश यादव, हेमंत सिंह, प्रधान अनिल कुमार गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार, जेई सुधांशु पाठक, सर्वजीत, मंटू विश्वकर्मा, सहित भारी संख्या में स्टेकहोल्डर्स एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## खेसरहा में गैर मान्यता प्राप्त कक्षाओं पर कार्रवाई, दो विद्यालयों को नोटिस

**बांसी सिद्धार्थनगर।** खंड शिक्षा अधिकारी खेसरहा/बांसी नीरज कुमार सिंह द्वारा विकासखंड खेसरहा क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विरुद्ध निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान रेडियेण्ट पब्लिक स्कूल मूजडीह एवं विशेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज मूजडीह में अनियमितताएं पाई गईं।

रेडियेण्ट पब्लिक स्कूल मूजडीह को केवल कक्षा 1 से 5 तक संचालन की मान्यता प्राप्त है, जबकि विद्यालय में कक्षा 6 से 10 तक की कक्षाएं भी संचालित की जा रही थीं। वहीं, विशेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज मूजडीह को कक्षा 6 से 12 तक की मान्यता है, लेकिन यहां कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं भी चलाई जा रही थीं। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दोनों विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाध्यापक को निर्देश देते हुए गैर मान्यता प्राप्त कक्षाओं का संचालन बंद करने को कहा गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए विद्यालय को सील कर दिया जाएगा।

## यूजीसी के नए नियमों का सवर्ण आर्मी ने किया विरोध

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** सवर्ण आर्मी संगठन ने सोमवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती को सौंपा। संगठन ने जनवरी 2026 में जारी उच्च शिक्षा से संबंधित नियमों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की।

संगठन का कहना है कि 15 जनवरी 2026 को जारी किए गए ये नियम भले ही उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता स्थापित करने के उद्देश्य से लाए गए हों, लेकिन यह भारत के संविधान में प्रदत्त समानता के मूल अधिकार की भावना के अनुरूप नहीं हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नियमों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े प्रावधानों पर विशेष जोर दिया गया है, जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों की अनदेखी की गई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यूजीसी द्वारा सभी विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में 90 दिनों के भीतर समानता समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है, जिससे शैक्षणिक परिसरों में असंतोष एवं भय का माहौल बन रहा है। संगठन का कहना है कि संशोधित नियमों में अन्य पिछड़ा वर्ग को शामिल किए जाने के बावजूद झूठी अथवा दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर दंड का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, जिससे नियमों के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है।

सवर्ण आर्मी ने कहा कि देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा सामान्य वर्ग से संबंधित है, जिसने शिक्षा, प्रशासन, उद्योग, कृषि एवं राजस्व सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके बावजूद ऐसी नीतियां लागू की जा रही हैं, जो सामान्य वर्ग के छात्रों और युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर सकती हैं। संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि यूजीसी के उक्त नियमों को निरस्त कर सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष, संतुलित एवं संविधानसम्मत व्यवस्था लागू की जाए। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी भी दी गई।ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दूबे, महामंत्री ज्ञानेंद्र द्विवेदी, जिला महासचिव शैलेंद्र कुमार पांडेय, जिला सचिव विजय मिश्रा, आईटी सेल प्रभारी राहुल द्विवेदी, ब्लाक अध्यक्ष राम प्रकाश मिश्रा, शिक्षक सिध्देश्वर पाण्डेय, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ शैलू, मोनू चतुर्वेदी, बालमुकुंद पांडेय, अजय उपाध्याय, संजय सोलंकी, अरुण दूबे, अष्टभुजा श्रीवास्तव, मनोज कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

## युवा, मध्यम वर्ग और रोजगार को सशक्त करने वाला बजट : सिद्धार्थ चौधरी




अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते विधानसभा शोहरतगढ के युवा भाजपा नेता सिद्धार्थ चौधरी ने इसे देश के युवाओं, मध्यम वर्ग और रोजगार सृजन को मजबूती देने वाला दूरदर्शी बजट बताया है। कहा कि इस बजट में तकनीक, स्टार्ट-अप, नवाचार और स्किल डेवलपमेंट पर विशेष जोर दिया गया है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ नए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन मिलने से देश की प्रतिभा को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास और आधुनिक सुविधाओं से जुड़ी घोषणाएँ आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी तथा आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेंगी। कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत, संतुलित और भविष्यदर्शी कदम है, जो देश को प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा।

## अकबरपुर ब्रिज के नीचे क्रासिंग पर हादसा टला स्कूल के समय बच्चों को ख़तरा

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के अकबरपुर ब्रिज के नीचे स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तरफ वंदे भारत एक्सप्रेस और दूसरी ओर कोटा-पटना ट्रेन गुजर रही थी। इसी दौरान कई बच्चे रेलवे ट्रैक के बीच फंसे नजर आए।स्थिति इसलिए और गंभीर हो गई क्योंकि ठीक उसी समय पास स्थित सेंट पीटर्स स्कूल की छुट्टी हुई थी, जिससे बड़ी संख्या में बच्चे क्रॉसिंग के आसपास मौजूद थे। स्थानीय लोगों की सतर्कता से समय रहते बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना के बाद अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।



लोगों का कहना है कि अकबरपुर ब्रिज के नीचे बनी यह क्रॉसिंग लंबे समय से खतरनाक साबित हो रही है, लेकिन अब तक न तो स्थायी बैरिकेडिंग की गई और न ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती। लोगों ने प्रशासन और रेलवे विभाग से मांग की है कि स्कूल छुट्टी के समय विशेष निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था और वैकल्पिक सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी मासूम की जान खतरे में न पड़े। प्रशासन की लापरवाही किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## 60 वर्ष की आयु पर मिलेगी 3000 रुपये मासिक पेंशन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और लघु व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उ?द्देश्य से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति विशेष पंजीयन अभियान शुरू किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना (PMSYM) और प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना (NPS-Traders) में पात्र श्रमिकों एवं व्यापारियों का पंजीयन कराया जाएगा। यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक पंजीयन किया जाएगा। उक्त जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना (PMSYM) के अन्तर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होंगे, जिनकी मासिक आय 15000 रुपये या उससे कम है और जो आयकरदाता या ईपीएफ, ईएसआईसी अथवा एनपीएस के सदस्य नहीं हैं। इसके अन्तर्गत रिक्शा चालक, फेरीवाले घरेलू कामगार, मिड-डे-मील कर्मी, ईट भट्ठा मजदूर, निर्माण श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, खतिहर मजदूर, हथकरघा, बीड़ी, चमड़ा उद्?द्योग से जुड़े कामगार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा सहित अन्य असंगठित कर्मकार शामिल हैं।

प्रधानमंत्री लघु व्यापरी मानधन योजना (NPS-Traders) के अन्तर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के 1.5 करोड़ से कम वार्षिक टर्नओवर वाले लघु व्यापारी शामिल हो सकते हैं। इसके अन्तर्गत स्वयं नियोजित लघु व्यापारी जैसे दुकान मालिक, खुदरा व्यापारी, मिल मालिक, वर्कशाप संचालक, कमीशन एजेन्ट, छोटे होटल रेस्तरा मालिक रियल एस्टेट एजेन्ट आदि शामिल हैं।

उक्त दोनों योजनाओं में पंजीकरण हेतु आयु वर्ग के अनुसार 55 से 200 रुपाए तक का मासिक अंशदान करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी, जबकि मृत्यु की स्थिति में पति या पत्नी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन का प्रावधान है। इन योजनाओं में जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन कराया जा सकता है। लाभार्थी स्वयं भी https://mandhan.in पोर्टल पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नम्बर एवं नामिनी का विवरण आवश्यक है। उक्त योजनाओं के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, खजुरिया रोड, सिद्धार्थनगर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## विधायक ने एसआईआर के नोटिस की ली जानकारी



**लोटन सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय पासवान ने सोमवार को ब्लाक लोटन परिसर में पहुंच कर एसआईआर (एसआईआर) मे हो रही जनता के परेशानी के सम्बंध में एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा से जानकारी ली उन्होंने बताया की कुछ ग्राम पंचायत मे मतदाता को नोटिस मिला है वह लोग सचिव से मिल कर परिवार रजिस्टर नकल लेकर लगा रहे है। जानकारी लेने के बाद विधायक ने आरोप लगाया कि बीएलओ को एसआईआर की पूरी जानकारी नही है उन्होंने किसी तरह की प्रशिक्षण नही दिया गया था रोजगार आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिक्षामित्र एस आई आर का कार्य कर रहे है उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी नही है तो कार्य कैसे करे। आगे कहा कि एसआईआर के काम से जनता परेशान है क्योंकि क्षेत्र में फॉर्म पूर्ण रूप से नही भरा गया था आधा अधुरा फार्म भरा गया था। फॉर्म को सही तरीके से नहीं भरा जा रहा है और बीएलओ क्षेत्र में अनुपस्थित रहते हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी पीडीए समाज का वोट कटवाना चाहती है जैसा कि बिहार मे चुनाव से पहले बड़ी संख्या में वोट काटे गए थे। उन्होंने चेतावनी दी कि पार्टी इसका विरोध करेगी और एक बड़ा आंदोलन भी करेगी। ऐसे में सरकारी कर्मचारियों की निष्पक्षता कैसे सुनिश्चित हो सकती है। सरकार से इसमें पारदर्शिता लाने की मांग की है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष जोखन प्रसाद चौधरी,संजीत यादव,अयूब खां,महेश चन्द्र यादव, नीलेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## नगर कोतवाली पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिक को दो दिनों तक रखा लाकअप मे कैद, माँ ने एसपी से लगाया गुहार

**पीड़ित माँ ने पुलिस पर लगाया फर्जी मामला दर्ज कर गैंगस्टर की कार्यवाही करने की धमकी देने का आरोप**

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस पर एक पीड़िता ने दबंगई का आरोप लगाते होते पुलिस अधीक्षक गोण्डा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार की है. जबकि पीड़िता के बेटे ने पुलिस पर फर्जी मामले मे गुंडा अक्ट लगाकर एनकाउंटर करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पूरे मामले की बात करें तो यहाँ की आवास विकास कालोनी की रहने वाली अर्चिता पाण्डेय ने अपने प्रार्थना पत्र मे दर्शाया है की विपक्षी ने उसके बेटे अर्पित पाण्डेय को फोन करके भाई के जन्म दिन की पार्टी के लिए बड़गाँव बुलाया, वहां पहुँचने के बाद नसीम अंसारी, विक्की पाठक, सत्यम मिश्रा व प्रियांशु पंडित आदि लोगों ने कहा कि हमे खाने की नही बल्कि दारु पीने की पार्टी चाहिए, जिस पर बेटे ने कहा की मै दारु नही पीता, अगर आप लोगों को पीना है तो जाके लें आईये पैसे मै दे देता हूँ, इतना कहने के बाद बेटे ने 500 रुपये ऑनलाइन करने के लिए अपना मोबाइल विपक्षीगण को दे दिया, मोबाइल लेने के बाद विपक्षीगण मोटर साइकल से चले गए, और बेटा वहीँ पर इंतजार करने लगा। इस दौरान जब एक घंटे तक उक्त लोग नही आये, तो बेटे द्वारा बड़गाँव पुलिस चौकी पर पहुंचकर मोबाइल चोरी का प्रार्थना पत्र दिया गया है। दिनांक 28 जनवरी को शाम 6 बजे दो सिपाहियों द्वारा बेटे को थाने लाया गया, थाने पहुँचने पर पता चला कि विपक्षीगणों ने बेटे के खिलाफ बाईक चोरी की तहरीर दिया गया है. इस दौरान विपक्षीगणों ने पुलिस के सामने ही पुत्र को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बोले कि बताओ मोटर साईकल कहाँ है, बेटे ने जब कहा कि मुझे इसके बारे मे कुछ भी नही मालूम है। जिसे सुनकर पुलिस वालों ने कहा कि अगर तुम जानकारी नही दोगे, तो तुम्हे फर्जी मुक़दमे मे फंसा कर जेल भेज देंगे. पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान बेटे को थाने पर बिठा कर मुझे घर भेज दिया गया। वहीँ मामले को लेकर 16 वर्षीय नाबालिक अर्पित पाण्डेय ने जो पुलिस पर आरोप लगाए हैं उसे सुनकर आपके भी होश उड़ जायेंगे।

अर्पित पाण्डेय का आरोप है कि उसे पहले पुलिस चौकी के दीवान ने माँ बहन कि भद्दी भद्दी गालियां दी है। उसके बाद नगर कोतवाली पुलिस ने उसे 28 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक लाकअप के पीछे सलाखों मे कैद रखा, अर्पित पांडेय का ये भी आरोप है कि थाने की पुलिस ने न केवल उसका भारी शोषण किया है. बल्कि उनके द्वारा फर्जी मामले मे फंसा कर गुंडा एक्ट लगाने की धमकी भी दी गई, और तो और उसने बताया कि कोतवाली पुलिस ने उसे पूछ ताछ के लिए मछ्ली गाँव लें गई जहाँ सून सान जगह पर उसे धमकी देते हुए कहा कि सही बता दो वरना एनकाउंटर कर देंगे, पीड़ित का कहना है कि कोतवाली से लें जाते समय उसकी माँ ने पुलिस के गाड़ी का वीडियो बना लिया था, जिसे अधिकारीयों को ट्वीट करने के बाद ऐसा नही कर पाए, और 151 के तहत एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उसका चालान किया गया है।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र मामले में जांच पर उठे सवाल

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर के सैदपुर ग्राम पंचायत में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव प्रज्ञा प्रभा पर मेवालाल पुत्र इन्दर राम को मृत दर्शाते हुए दिनांक 8 दिसंबर 2023 का कथित रूप से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप है, जबकि जांच में दोष सिद्ध पाए जाने की बात सामने आई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, जांच में दोष साबित होने के बावजूद संबंधित सचिव के विरुद्ध न तो निलंबन की कार्रवाई की गई और न ही कोई ठोस कानूनी कदम उठाया गया। आरोप है कि एडीओ पंचायत एवं डीपीआरओ स्तर से सचिव को बचाने का प्रयास किया गया और पूरे मामले में केवल औपचारिक कार्रवाई करते हुए वेतन वृद्धि जैसी हल्की दंडात्मक कार्रवाई कर दी गई, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो दोषी को क्लीन चिट दे दी गई हो। इस पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों का दावा है कि एडीओ पंचायत व डीपीआरओ द्वारा कथित रूप से कमीशन और निजी लाभ लेकर कठोर कार्रवाई से परहेज किया गया, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने के संकेत मिल रहे हैं।

## इमामे ज़माना अस की विलादत पर मछलीगांव में 3 फ़रवरी को होगी महफ़िल

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** (123 वाँ दौर) 14 शाबान मुताबिक़ 3फरवरी, 2026 दिन मंगलवार रात्रि 9 बजे बमुक़ाम-जामा मस्जिद मछली गांव ज़िला अम्बेडकर नगर में एक भव्य महफिल ए मक़ासिदा जश्न ए इमाम ए अस्र अलैहिस्सलाम का आयोजन किया जाएगा जिसका आगाज़ मौलाना मासूम रज़ा कैफ़ी साहब के तिलावत ए कलाम ए पाक से होगा और इफ़्तिताही तक़रीर मौलाना नाज़िम अली ख़ैराबादी साहब क़िब्ला के नूरानी बयान से होगा

निज़ामत के फ़राएज़ अंतरराष्ट्रीय शोहरत याफ़्ता शायर व नाजिम प्रोफ़ेसर डा. अब्बास रज़ा नैयर साहब जलालपुरी करेंगे शोअरा ए कराम में अंतरराष्ट्रीय शोहरतों के मालिक इक़बाल अशहर साहब, हसन मेहदी मीरपुरी,मनाज़िर फतेहपुरी, मेराज मंगलोरी, मक़दाद साहब,बाक़िर बलियावी, मुनव्वर जलालपुरी, अकबर एजाज़ जलालपुरी, शरफ़ उतरौलवी, कमाल मेहदी,ज़फ़र नसीराबादी, सलीम बलरामपुरी, हैदर गोंडवी और सुहैल बस्तवी साहब शिरकत करेंगे अगले दिन यानी 15 शाबान मुताबिक़ 4 फरवरी सह-पहर 3 बजे मौलाना मोहम्मद हुसैन बाक़री साहब क़िब्ला लखनऊ का खिताब होगा।

कन्वीनर- जनाब नजमुल हसन इब्ने अनवरुल हसन करबलाई मरहूम ने बिला तफ़रीक मज़हब व मिल्लत तामाम मोमिनीन से शिरकत की वालिहाना गुज़ारिश की है। नगपुर-मुस्तफाबाद में हैदरी चौक के समीप 4 फरवरी को दोपहर एक बजे अंजुमन रौनक -ए- इस्लाम के बैनर तले तरही महफ़िल में शायरों का जमावड़ा होगा। अख्तर सिरसिवी अब्बास सिरसिवी, इकबाल ईरानी,रशी बनारसी, असद नसीराबाद, शैलेन्द्र अजमेरी, जौहर शिकारपूरी, फाजिल जरैलवी, शरर नकवी, फ़राज़ वास्ती, मनाजिर अख्तर अपना कलाम पेश करेंगे। मौलाना मोहम्मद हसन जौनपुर की मोजूदगी में मौलाना अशफाक हुसैन अध्यक्षता करेंगे। 4 को अपराह्न दो बजे उस्मानपुर स्थित बारगाह हुसैनी में अंजुमन जफरूल ईमान के बैनर तले जश्न ए क़ायम का आयोजन किया गया है।

## महिला सशक्तिकरण बेटी बहू सम्मेलन के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**लोटन सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी,बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा व बाल कल्याण समिति व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान,ग्राम एवं नगर विकास संस्थान,मिशन शक्ति केंद्र थाना लोटन के क्रम में बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम एवं बाल संरक्षण के मुद्दे एवं पाक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी नये कानून के संबंध मे थाना लोटन द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व बेटी बहू सम्मेलन व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में सोमवार को लोटन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज के निर्देशन में ग्राम कोल्हूआ व धरनिहवा में जाकर शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई 1090 वुमेन पावर लाइन181 महिला हेल्प लाइन1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन112 पुलिस हेल्प लाइन1098 चाईल्ड केयर लाइन108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## बजट के वक्त कुछ सवाल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निरंतर नौवां बजट लोकसभा में पेश किया है। देश की महिला वित्त मंत्री और यह निरंतरताज्वाकई एक कीर्तिमान है। 2026-27 के बजट में क्या प्रावधान किए गए हैं, किसके हिस्से, कितनी राशि आवंटित की गई है, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के क्या अंतर्विरोध और खामियां हैं, करीब 378 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था में आम आदमी कितना सम्पन्न है, उसकी जेब में कितना पैसा है, इनमें से कुछ विसंगतियों का विश्लेषण आज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का तीसरा बजट देश के सामने है, लेकिन हम पहले कुछ बुनियादी सवाल उठा रहे हैं। बेशक हम चौथी आर्थिक महाशक्ति हैं, लेकिन भारत में आज भी प्रति व्यक्ति आय 2.34 लाख रुपए सालाना क्यों है? और देश विश्व में 140वें स्थान पर क्यों है? बीते पांच साल में हमारा निर्यात क्यों नहीं बढ़ रहा है और आयात का बोझ बढ़ता जा रहा है? नतीजतन 2024-25 में व्यापार घाटा 24 लाख करोड़ रुपए है। बीते 10 सालों के दौरान विदेशी निवेश में गिरावट क्यों जारी है? ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2025 में विदेशी निवेश 9730 करोड़ रुपए था, जो 63 फीसदी कम हुआ है। घरेलू बड़ी कंपनियां भी अपने देश में निवेश बहुत कम कर रही हैं, जबकि विदेशों में उनका निवेश 14 अरब डॉलर से बढ़ कर




24 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। कारपोरेट का यह नकारात्मक रुख क्यों है? 'आर्थिक सर्वेक्षण' में हमारी जीडीपी की विकास दर 6.8 फीसदी से 7.2 फीसदी का अनुमान दिया गया है, लेकिन डॉलर की तुलना में हमारी मुद्रा 'रुपए' का अवमूल्यन देखें, तो यह विकास दर मात्र 1.5 फीसदी बनती है। क्या इसी आधार पर भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बन सकता है? हमारे 11 बड़े राज्यों पर अभूतपूर्व कर्ज है और देश पर भी कर्ज का बोझ करीब 225 फीसदी बढ़ गया है, नतीजतन प्रत्येक भारतीय पर औसतन 4.8 लाख रुपए का कर्ज है। अर्थव्यवस्था की कौन-सी गुलाबी तस्वीर पेश की जा रही है? कुछ और तथ्य गौरतलब हैं। एक साल में देश की आईटी की 5 प्रमुख कंपनियों में मात्र 17 नौकरियां दी गई हैं। बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी की जो दरें हमारे सामने आती हैं, वे सरकारी और अर्द्धसत्य हैं। देश में करीब 1.20 करोड़ गिग वर्कर्स कार्यरत हैं।

उनमें से 40 फीसदी औसतन 15,000 रुपए माहवार ही कमा पाते हैं। यानी 500 रुपए प्रतिदिनज्न्यूनतम दिहाड़ी से भी कमज! बीमा क्षेत्र दुनिया में सबसे निचले स्तर पर है, क्योंकि लोग बीमे को लेकर जागरूक ही नहीं हैं और देश में बीमा बहुत महंगा है। बहरहाल वित्त मंत्री ने बजट में कुछ अहं घोषणाओं, योजनाओं, कारिडोर, पार्क संबंधी प्रस्ताव रखे हैं। उनमें विकास पर सरकारी पूंजीगत व्यय के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का रिकार्ड आबंटन किया गया है। सरकार ने ग्लोबल बायो फार्मा हब और सेमीकंडक्टर मिशन के लिए क्रमश॰ 10,000 और 40,000 करोड़ रुपए तय किए हैं। ये मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण है। हालांकि जीडीपी में इस क्षेत्र का योगदान घटकर 12-13 फीसदी तक आ गया है, लेकिन बजट में 'चैम्पियन एमएसएमई' के निर्माण की बात कही गई है। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों के बढ़ावे और विस्तार के लिए 10,000 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए 2000 करोड़ रुपए का टॉप अप भी घोषित किया गया है।

बजट में दुर्लभ अर्थ खनिजों, 7 हाईस्पीड रेल के कॉरिडोर और 20 नए जलमार्गों के जरिए बुनियादी ढांचे को संबोधित किया गया है। मेगा टेक्सटाइल पार्क, राष्ट्रीय फाइबर योजना, केमिकल पार्क से लेकर हर शहर पर 5000 करोड़ रुपए खर्च करने तक की घोषणाएं की गई हैं। चिकित्सा और धार्मिक पर्यटन की भी योजनाएं हैं। हर जिले में अस्पताल और महिला छात्रावास होगा। 2026-27 के दौरान वित्तीय घाटा जीडीपी के 4.3 फीसदी तक रह सकता है।

बजट में दावा किया गया है कि 10 सालों के दौरान 25 करोड़ लोग 'गरीबी से बाहर' निकाले गए हैं। फिर भी 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रति माह 'मुफ्त अनाज' बांटा जा रहा है। इस तरह कई विरोधाभास और सवाल बजट के वक्त उभरे हैं, जिनका जवाब प्रधानमंत्री ही दे सकते हैं। हम उम्मीद करें कि आने वाले समय में इस बजट से आम नागरिक को कितनी राहत मिलती है और मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन करना कितना संभव होता है। बहरहाल सरकार अपने वादे पर कितनी खरी उतरती है, यह देखना होगा।

## तुम्हारी फाइलों का मौसम झूठा है

**सुरेश सौरभ**

अभी कश्मीर फइल्स देखकर रंज और गम मेरा हल्का न हुआ था कि यह नामुराद फाइल बेमौसम टपक पड़ी। ऐसा लग रहा सब मेरे शेर के पीछे हाथ धोकर नहीं नहा धोकर पड़े हैं- मेरा शेर-ताकतवर बब्बर शेर है-भक्तों का अराध्य, आदरणीय, पूजनीय वंदनीय है- उसका नाम किसी ऐरी-गैरी फाइल से जोड़ा जाना कितना तकलीफदेह है। कितना पीड़ादायक है, मैं किसी मुंह से बता नहीं सकता?

इसमें जरुर अंतरराष्ट्रीय स्तर की साजिशें हैं- दुनिया भर की आँखों में हमारे शेर का यश और वैभव खरकने लगा है- इसीलिए पाखंडी जलनखोर हरामखोर हमारे महामानव युगपुरुष का नाम बेमतलब की फाइल से जोड़-गाँठ रहे हैं- जो 18-18 घंटे देश के लिए दिन-रात काम करता हो-दिन में पचास पोशाकें बदल कर सैकड़ों मीटिंगें करता हो-अपना घर-बार सब देश के लिए छोड़ रखा हो-ऐसा महात्यागी ,महाज्ञानी, महाध्यानी मोर प्रिय यानि सब प्राणियों के प्रिय महामानव का नाम किसी ऐरी-गैरी नीली-पीली फाइल से जोड़ना बहुत ही ,गलत ही नहीं, निहायत ही निंदनीय है। मैं इसकी कड़ी-और सबसे बड़ी निंदा करता हूँ-जिसे देश के कार्यों से, अपने लिए तिल भर फुरसत न मिलती हो, जो देश के कार्यों में इतना मशरूफ हो कि जिसे अपनी मूलभूत भौतिक रासायनिक क्रियाओं को निपटाने की भी तनिक सुध न रहती हो, फिर उसका नाम किसी विलासिता की फाइल में घसीटा जाना, उनके प्रशंसकों ,भक्तों को चुल्लू भर पानी में डूब मरने के सामान है। इसमें जरूर खालिस्तानी पाकिस्तानी ताकतों की साजिशें हैं जिन्हें नेस्तनाबूद करने के लिए हम सबको एकजुट होकर खड़े होना पड़ेगा, जैसे यूजीसी के खिलाफ खड़े हुए थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके।**

# नारी देह, नारी अधिकार: माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि

भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।


ललित गर्ग

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि माहवारी स्वच्छता



की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है।

न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल ÷महिलाओं का मामला÷ मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है।

# बजट-2026 : रोना हॅसना दोनों मना

**बजट में बड़े और दीर्घकालिक सुधार पर सरकार गति को बनाए रखने के संकेत दिये गए है। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया।**

बजट को लेकर वैसे भी आम आदमी की सोच केवल मंहगाई और बेरोजगारी रोकने तक टिकी रहती है। जबकि पक्ष और विपक्ष हमेशा की तरह बजट अपना राग अलापता नजर आया। सरकारी नौकरी पेशा, व्यापारी, उघोगपति और अन्य संवर्ग हमेशा बजट को लेकर अपने हानि लाभ के हिसाब से चर्चा, प्रतिक्रिया देते रहे है। यही बॉत 2026 के केन्द्रीय आम बजट को लेकर सामने आ रही है। विपक्ष और सरकारी सेवकों के नेतृत्व ने जहॉ आम बजट 2026 को एक सिरे से अलाभकारी, आदूदर्शी बताया है वही सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं, केन्द्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों ने जहॉ जमकर आम बजट की सराहना करते हुए इसे दूरगामी लाभकारी बताया है। बहरहाल आम जनता जो दो जून के लिए रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रही है उसके लिए बजट ना रोने जैसा है औ न ही हॅसने जैसा है। बजट में नशें पर भारी टैक्स लादकर बड़ा प्रहार किया गया है। लेकिन इसका फायदा एक बार फिर इस व्यापार को चलाने वाले दिग्गजों के खाते में दर्ज होगा। वैसे सरल शब्दों में कहे तो बजट एक ऐसा प्रयास है जो पारंपरिक राह से ज्यादा भटकता नहीं है, बुनियादी बातों पर कायम रहता है और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों के प्रति विवेकपूर्ण दृष्टिकोण बनाए रखता है। बहरहाल इसे एक निराशाजनक प्रयास कहा जा सकता है। बाज़ारों से पूछें तो वे इसे और भी बुरा कहेंगे, खासकर शेयरों में आई भारी गिरावट को देखते हुए, जो केंद्रीय बजट पेश होने के बाद पिछले छह वर्षों में देखी गई सबसे बड़ी गिरावट थी। महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केन्द्रीय बजट में सरकार की कोई स्पष्ट मंशा सामने नही आई है। अगर बजट की बारीकियॉ आम जनता को समझाने में सत्तारूढ़ पार्टी समझाने में असफल रही तो इसका फायदा आगामी चुनावों में विपक्ष को मिले ऐसी सम्भावनाओं को नकारा नही जा सकता।


प्रेम शर्मा



वैसे तो इस बजट से अलग-अलग सेक्टर से जुड़े देश के नागरिकों की ढेरों उम्मीदें जुड़ी हुई थीं। खासतौर से टैक्स पेयर्स को टैक्स स्लैब में कुछ नए बदलाव और कुछ नई छूट की आशा निराशा में तब्दील कर दी गई। हालांकि कुछ सेक्टर्स में कुछ बड़ी रियायत दिए जाने की घोषणा की गई है।

बजट में बड़े और दीर्घकालिक सुधार पर सरकार गति को बनाए रखने के संकेत दिये गए है। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया।विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु-केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है।

वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके।

अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति श्रृंखला में जारी वैश्विक उथल-पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। बजट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने युवाओं, किसानों, निवेशकों का जिक्र करते हुए दावा किया कि ये बजट भारत के असली संकटों से अनजान है। राहुल गांधी ने कहा है कि केंद्रीय बजट में भारत के सामने मौजूद वास्तविक संकटों से आंख मूंद ली गई। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। यही नही इस बजट से मिडिल क्लास को खासी उम्मीदें थीं. आयकर में छूट और महंगाई पर काबू जैसे ऐलान के इंतजार कर रहे थे। सीनियर सिटीजन को भी रेल किराये में छूट समेत की उम्मीदें थीं। लेकिन वित्त मंत्री आम आदमी से जुड़े मुद्दों से किनारा करते हुए सरकार के मिशन 2047 पर तथस्थ दिखाई पड़ी। कुल मिलाकर यह बजट मीडिल क्लास, बेरोजगार और कम आय वर्ग के लिए रोना और हॅसना मना जैसे वाक्य का पर्याय साबित हुआ है।

# सुरक्षित हवाई यात्रा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे

**बारामती में हुए विमान हादसे के बाद हवाई यात्रा कितनी सुरक्षित इस पर चर्चा होने लगी है। इस हादसे के बाद से सोशल मीडिया पर कई लोगों ने हवाई यात्रा को लेकर अपने डर को भी जाहिर किया। जाहिर है जान की फिक्र हर किसी को होती ही है। अहमदाबाद हादसे का खौफ लोगों के मन में बैठ गया था और यही कारण है कि लोग अब विमान के प्रकार को देखकर टिकट बुक करा रहे थे।**

बीती 28 जनवरी को बारामती के पास हुई एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार व चालक दल के सदस्यों समेत पांच लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। मुंबई से बारामती आ रहा चार्टर विमान मौसम की खराबी के कारण रनवे के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का असली पता जांच के बाद ही चलेगा, मगर प्रथम दृष्ट्या धुंध के कारण दृश्यता में कमी ही बताया जा रहा है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए के मुताबिक दुर्घटना क्रैश लैंडिंग के दौरान हुई। रनवे के निकट हुए हादसे में विमान में आग लग गई और स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद किसी को बचाया नहीं जा सका। विमान लियरजेट-45 सोलह साल पुराना था।


राजेश माहेश्वरी

मई 2025 में दिल्ली से श्रीनगर जा रहे इंडिगो के विमान को जब तेज टर्बुलेंस और ओलों ने झकझोरा तो 277 यात्रियों की जान सांसत में आ गई। हालांकि पायलट की सूझबूझ से सुरक्षित लैंडिंग संभव हुई। इस घटना के लगभग एक महीने बाद अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया, जिसमें विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की जान चली गई। बारामती में हुए विमान हादसे के बाद हवाई यात्रा कितनी सुरक्षित इस पर चर्चा होने लगी है। इस हादसे के बाद से सोशल मीडिया पर कई लोगों ने हवाई यात्रा को लेकर अपने डर को भी जाहिर किया। जाहिर है जान की फिक्र हर किसी को होती ही है। अहमदाबाद हादसे का खौफ लोगों के मन में बैठ गया था और यही कारण है कि लोग अब विमान के प्रकार को देखकर टिकट बुक करा रहे थे। अहमदाबाद घटना के बाद लोकल सर्कल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार देश में 40 प्रतिशत से ज्यादा लोग अब एयरलाइंस द्वारा उपयोग किए जा रहे विमान के प्रकार की जांच करने के बाद टिकट बुक कर रहे हैं। इस सर्वेक्षण में 294 जिलों से 40 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई।

साल 2022 में किए गए सर्वेक्षण में केवल 10 प्रतिशत लोगों ने बुकिंग से पहले विमान के प्रकार की जांच करने की बात कही थी। लेकिन अहमदाबाद में हुए हादसे के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 41 प्रतिशत हो गया है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लोगों ने बोइंग 787-8 के संचालन पर रोक लगाने की मांग उठाई थी। एयर इंडिया की दुर्घटना के बाद विश्व स्तर पर हुई कई घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में यात्रियों में विमान को लेकर चिंता बढ़ती दिखी। सर्वेक्षण में शामिल 56 प्रतिशत एअरलाइन यात्री इस बात के पक्ष में हैं कि सरकार को सभी मुद्दों की जांच व समाधान होने तक बोइंग 787-8 के संचालन पर रोक लगानी चाहिए। वहीं, 34 प्रतिशत लोगों ने कहा कि जब तक स्पष्ट सबूत नहीं मिल जाते, तब तक इसे उड़ाने से नहीं रोका जाना चाहिए।



आंकड़ों के आलोक में बात करें तो वर्ष 2024 में दुनिया भर में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या 475 करोड़ से अधिक थी। बीते साल ये आंकड़ा 5 अरब से अधिक होने की उम्मीद है। ये आंकड़े संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी संस्था इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन के हैं। 2005 में 824 लोगों ने विमान हादसों में जान गंवाई। 2008 में मरने वालों का आंकड़ा घटकर 524 हो गया। 2013 में मरने वालों की संख्या घटकर 173 हो गई लेकिन अगले साल यानी कि 2014 विमान हादसों के लिए काला साबित हुआ। इस साल 904 लोगों ने अपनी जान गंवाई। 2020 में 298 लोगों ने अपनी जान गंवाई। 2023 में 72 लोगों की जान विमान हादसे में गई। साफ है कि विमान हादसे में मरने वालों की संख्या में समय के साथ काफी कमी आई है। एविएशन इंडस्ट्री का लक्ष्य है कि विमान हादसों में किसी की भी मौत ना हो। ये लक्ष्य इंडस्ट्री 2030 तक हासिल करना चाहती है। दुनिया भर में कुल कितने कमर्शियल प्लेन से जुड़े एक्सीडेंट हुए उसका पिछले 20 सालों का आंकड़े की बात करें तो 2005 में 119 विमान हादसे हुए, 2008 में संख्या बढ़कर 138 हो गई, 2012 में ये 100 से नीचे आ गई। 2016 में विमान हादसों की संख्या घटकर 75 हो गई, 2023 में कुल 66 विमान दुर्घटना हुई। यानि कि समय के साथ विमान दुर्घटना की संख्या में कमी आई है। हादसों की दर यानि कि प्रति 10 लाख उड़ान पर होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या कितनी रही। 2005 में ये दर 4.4 थी जो 2010 में घटकर 4.2 हो गई। 2015 में ये आंकड़ा घटकर 2.8 हो गया, 2020 में हादसे की दर घटकर 2.1 हो गई। 2023 में ये आंकड़ा 1.9 हो गया। साफ दिखता है कि पिछले 20 सालों में हादसों में कमी आई है।

हादसों की दर यानि कि प्रति 10 लाख उड़ान पर होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या कितनी रही। 2005 में ये दर 4.4 थी जो 2010 में घटकर 4.2 हो गई। 2015 में ये आंकड़ा घटकर 2.8 हो गया, 2020 में हादसे की दर घटकर 2.1 हो गई। 2023 में ये आंकड़ा 1.9 हो गया। साफ दिखता है कि पिछले 20 सालों में हादसों में कमी आई है। कब होते हैं हवाई हादसे ये प्रश्न बड़ा अहम है। मीडिया रिपोर्ट और जानकारों के मुताबिक आधे जानलेवा हादसे लैंडिंग-टेक ऑफ के वक्त होते हैं। 37 फीसदी जानलेवा हादसे लैंडिंग के समय हुए। टेक ऑफ करते हुए 13 फीसदी जानलेवा हादसे हुए। लैंडिंग के लिए फाइनल अप्रोच करते समय 10 फीसदी हादसे हुए। विमान जब उड़ान की शुरुआत के बाद ऊंचाई पकड़ता है और फ्लैप्स बंद करता है, ये समय भी जानलेवा हादसों के लिए 10 फीसदी जिम्मेदार है। समतल उड़ान के समय भी 10 फीसदी हादसे टैक्सी, लोड/अनलोड, पार्किंग, टो करते समय भी 10 फीसदी जानलेवा हादसे होते हैं। प्रारंभिक चढ़ान के समय 7 फीसदी जानलेवा हादसे हुए हैं। नीचे उतरते समय यानी जब विमान लैंडिंग के लिए ऊंचाई कम करता है तब 3 फीसदी जानलेवा हादसे हुए।

देश में हवाई सुरक्षा की स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं है। मई-जून, 2025 में सिर्फ उत्तराखंड में तीन हेलीकॉप्टर हादसे हुए हैं। संसदीय समिति ने हेलीकॉप्टर यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए कहा है कि पूरे देश में हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए एक सुरक्षा नियम तैयार होनी चाहिए। इस फ्रेमवर्क के आधार पर ही हर राज्य को हेलीकॉप्टर सेवा चलाने की अनुमति होनी चाहिए। इसमें किस क्षेत्र में किस तरह के पायलटों की नियुक्ति होनी चाहिए, इसका भी विवरण होना चाहिए। अभी नियमों को लेकर स्पष्टता नहीं है। राज्य सरकारें नियम बनाती हैं और केंद्र की इसमें सीमित भूमिका होती है।

# अपनी मिट्टी से जुड़े रहना ही असली शक्ति: बृजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता



■ श्री नागेश्वर धाम आश्रम का डिप्टी सीएम ने किया लोकार्पण, बोले, मेरा गांव, मेरा तीर्थ कार्यक्रम प्रेरणादायी

**फतेहपुर।** तहसील बिन्दकी अंतर्गत विकास खंड खजुहा के ग्राम हिम्मतपुर, पोस्ट अजमतपुर स्थित श्री नागेश्वर धाम आश्रम का सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मेरा गांव, मेरा तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकार्पण शिलापट्ट का अनावरण कर आश्रम में वैदिक रीति-रिवाज से दर्शन-पूजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान ग्राम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मेरा गांव, मेरा तीर्थ कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायी है। इससे हमें अपने गांव को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा मिलती है। हम सबको अपनी मातृभूमि और जन्म स्थान से जुड़े रहना चाहिए, क्योंकि हमारी मिट्टी हमें ऊर्जा देती है। उन्होंने कहा कि जो लोग गांव से निकलकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं, उन्हें भी अपने गांव के विकास में सकारात्मक योगदान देना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि गांव सशक्त होंगे तभी देश उन्नत होगा और तभी प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार होगा। उन्होंने युवाओं से संस्कृति और संस्कार को आगे बढ़ाने की अपील की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम भावी पीढ़ी को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी अजीत पाल सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन, कार्यक्रम संयोजक डॉ. घनश्याम अग्निहोत्री सहित अन्य वक्ताओं ने भी मेरा गांव, मेरा तीर्थ कार्यक्रम के महत्व पर अपने विचार रखे।

# वृंदावन में अवैध खनन पर प्रशासन मौन

अवधनामा संवाददाता

■ परिक्रमा मार्ग से दिन में दौड़ रहे ट्रैक्टर

**वृंदावन( मथुरा)।** अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है और पुलिस की ढील का खामियाजा श्रद्धालुओं और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ सकता है। परिक्रमा मार्ग से होकर गुरुकुल स्कूल के सामने से खनन से लदे ट्रैक्टर दिन के समय खुलेआम फर्राटा भर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा करते हैं और गुरुकुल में बच्चों का हॉस्टल भी संचालित है इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से लेकर शाम तक भारी ट्रैक्टर परिक्रमा मार्ग से गुजरते रहते हैं। तेज रफ्तार और बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के चल रहे ये ट्रैक्टर किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। बच्चों के स्कूल आने-जाने और श्रद्धालुओं की आवाजाही के समय भी ट्रैक्टरों की आवाजाही नहीं रोकी जा रही है।

गुरुकुल स्कूल प्रबंधन और आसपास के निवासियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि किसी दिन कोई दुर्घटना हो गई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और पुलिस की होगी। कई बार मौखिक शिकायत किए जाने के बावजूद अवैध खनन और ट्रैक्टरों की आवाजाही पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिक्रमा मार्ग धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ मार्ग है, जहां श्रद्धालु नंगे पैर परिक्रमा करते हैं। ऐसे पवित्र मार्ग से खनन सामग्री से भरे ट्रैक्टरों का गुजरना न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध खनन माफिया को कहीं न कहीं पुलिस का संरक्षण प्राप्त है तभी दिनदहाड़े ट्रैक्टर निकल रहे हैं और कोई रोक-टोक नहीं हो रही। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी।

# पन्द्रहवीं शाबान की रात में नेक आमाल का खास एहतेमाम करना चाहिए: डॉ इफ्तेखार

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** इस महीने की पन्दरहवी रात को शबे बरात कहा जाता हे जो 14 तारीख के सूरज डूबने से शुरू होती हे और 15 तारीख की सुबह सादिक़ तक रहती हे, शबे बरात फार्सी का लफ्ज़ हे जिस्के मानी निजात पाने की रात के हें, क्यों की इस रात मे बहोत से गुनाहगारों की मगफिरत की जाती हे इसलिए इस रात को शबे बरात कहा जाता है। पन्दरहवी शाबान की रात में इन नेक आमाल का ख़ास एहतेमाम करना चाहिए। 1 इशा और फजर की नमाज़ें वक्त पर अदा करें। 2 बकदरे तौफीक नफल नमाज़ें खास कर नमाज़े तहज्जुद अदा करें। 3 अगर मुमकिन हो तो सलातुत तसबीह पढ़ें। 4 क़ुरान पाक की तिलावत करें, 5 कसरत से अल्लाह का ज़िक्र करें, 6 किसी किसी शबे बरात मे कब्रस्तिान तशरीफ ले जाएं अपने और अपने मरहूमीन के लिए के लिए दुआए मगफिरत करें, लेकिन हर शबे बरात मे कब्रस्तान जाने का ख़ास एहतेमाम कोई ज़रूरी नहीं है। क्यों कि पूरी ज़िन्दगी में नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से सिर्फ एक मरतबा इस रात मे कब्रस्तान जाना साबित हे। 7 अल्लाह से खूब दुआए मांगे ख़ास कर अपने गुनाहों की मगफिरत चाहें।

पन्दरहवी शाबान की रात में इन आमाल का हदीस से कोई सबूत नहीं है।

हलवा पकाना हलवा पकाने से शबे बरात का दूर दूर तक कोई तअल्लुक नहीं हे। 2 आतिशबाज़ी (यानी पटाखे फोड़ना ) करना ये फुज़ूल खर्ची हे, और इससे अपनी और दूसरों की प्रोपर्टी को नुक्सान पहुंचने का भी खौफ हे। 3 इजतिमाई तौर पर कब्रस्तान जाना। 4 कब्रस्तान मे औरतों का जाना। 5 कब्रस्तान मे चिरागां रौशनी का इन्तेज़ाम करना। 6 मुख्तलिफ किस्म के डेकोरेशन का एहतेमाम करना, 7 औरतों और मर्दों का इख्तिलात होना, (यानी एक जगह इकट्ठा होना) 8 कब्रों पर चादर चढाना। **नोट-** इस रात में बकदरे तौफीक इंफिरादी अकेले इबादत करनी चाहिये, लिहाज़ा इजतिमाई इबादतों से अपने आपको दूर रखने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। क्यूं की नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से इस रात में इजतिमाई तौर पर कोई इबादत करना साबित नहीं है। जिन गुनाहगारों की इस बा बरकत रात मे भी मगफिरत नही होती वह यह है।1 मुशरिक। 2 कातिल। 3 वालिदैन की नाफरमानी करने वाला। 4 बुग्ज़ वा अदावत रखने वाला। 5 रिश्ता तोडने वाला। 6 तकब्बुराना तौर टखनों से नीचे कपडा पहनने वाला। 7 शराब पीने वाला। 8 ज़िना करने वाला। लिहाज़ा हम सबको तमाम गुनाहों से खास कर इन कबीरा गुनाहों से बचना चाहिए। अल्लाह तआला हमारे तमाम नेक आमाल को क़बूल फरमाए, शाबान के महीने की फज़ीलत और उसमे ज़्यादा रोज़ा रखने के मुतअल्लिक उम्मते मुस्लिमा मुत्तफिक हे, अलबत्ता पन्दरहवी रात की खुसूसी फज़ीलत के मुतअल्लिक उलमा, फुक़हा और मुहद्दिसीन के दरमियान ज़मानए क़दीम से इख्तिलाफ चला आ रहा है।

# सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को मिला 'जीवन रक्षक सम्मान'

अवधनामा संवाददाता

■ रक्तसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों की हुई सराहना



**फतेहपुर।** वीरों की धरती गाजीपुर में जीवन रक्षक फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह में फतेहपुर की अग्रणी रक्तसेवा संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अभिनव सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया।

सम्मान प्राप्त करने के लिए सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन की ओर से संस्था के प्रबंधक गुरमीत सिंह एवं सक्रिय रक्तदाता सतीश शर्मा समारोह में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में फतेहपुर जिले में लगातार जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने, रक्तदान शिविरों के आयोजन और आपातकालीन सेवाओं में योगदान देने के लिए संस्था के कार्यों की विशेष सराहना की गई। इस अवसर पर जीवन रक्षक फाउंडेशन गाजीपुर के संस्थापक शीर्ष दीप शर्मा, सचिव डॉ. उरूज फातमा, अध्यक्ष मनीष पाल सहित उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, वाराणसी, भदोही, प्रयागराज एवं अन्य जिलों से आई विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान और मानव सेवा के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन जैसे संगठनों का सम्मान युवाओं को सामाजिक सेवा से जोड़ने का कार्य करता है और जरूरतमंदों के लिए नई उम्मीद जगाता है।

# बांकेबिहारी मंदिर में मुस्लिम को रेलिंग ठेका देने पर विवाद

**वृंदावन (मथुरा)।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में प्रवेश द्वार से निकास द्वार तक रेलिंग लगाने का ठेका मुस्लिम को देने का विरोध शुरू हो गया है। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने से लोगों ने आपत्ति जताई है।

फेसबुक पर संदीप पहल नामक व्यक्ति ने एक वीडियो अपलोड किया है। ये वीडियो कुछ दिन पुराना है, लेकिन रविवार को ये चर्चा में रहा। इस वीडियो में संदीप पहल कहते दिख रहे हैं कि हरिद्वार में हरि की पौड़ी पर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है तो बांकेबिहारी मंदिर में रेलिंग लगाने का ठेका एक मुस्लिम को कैसे दिया जा सकता है। संदीप का कहना है कि बांकेबिहारी मंदिर में स्टील की रेलिंग बनाने का टेंडर मेरठ की कनिका कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। इस कंपनी के मुख्य पार्टनर कांग्रेस नेता सलीम खान हैं।

# अवैध रूप से फार्म-7 जमा करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता



■ सपा नेताओं ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा में चल रहे मतदाता सूची के आपत्ति-दावा कार्यक्रम के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ अनजान व्यक्तियों द्वारा अवैध तरीके से बीएलओ के पास फार्म नंबर-7 जमा किए जा रहे हैं। जिससे वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की आशंका बनी हुई है। इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को सौंपे गये शिकायती पत्र में सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, जिलाध्यक्ष मो. कलीम खान, विधानसभा प्रभारी हारून अहमद, युवा सपा नेता जुनैद सिद्दीकी ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासीगण बदरुद्दीन पुत्र हसन खान, इरफान पुत्र हामिद, सलमा पत्नी फिरोज, नादिल पुत्र रफीक, अलीशा पुत्र तनवीर, नजरुल पुत्र जुम्मन, मोहसिन, जीशान, कासिम, जुम्मन पुत्रगण सलीम ने अपने-अपने एसआईआर फॉर्म अपने-अपने भाग संख्या के अनुसार अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास प्रपत्र जमा किए थे। जिसकी एक प्रति बीएलओ ने हम लोगों को रिसीविंग दे दी थी और जब वोटर लिस्ट की अंतिम सूची का निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशन किया गया। तब प्रार्थीगणों ने अपने-अपने बोट का निरीक्षण किया और प्रार्थीगण के वोट वोटर लिस्ट में हैं। अब इस समय आपत्ति व दावे का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहा है। इसी दौरान दिनांक 31 जनवरी को विशेष पुनरीक्षण अभियान और सभी बीएलओ बूथ पर अपने-अपने भाग संख्या में कार्य कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक से सरेआम मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी रेनु देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 28 जनवरी की शाम 07 उसके पुत्र सुमित के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही राजा पुत्र रामस्वरूप, सर्वेश पुत्र मंगल ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की ईलाज दौरान तोड़ा दम

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** थाना छिबरामऊ की पुलिस चौकी सिकंदरपुर के ग्राम अंबेडकर नगर निवासी आकाश कुमार पुत्र समरपाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 14 जनवरी को उसके पिता समरपाल पुत्र पातीराम टेंपो पर बैठकर गुरसहायगंज की ओर जा रहे थे तभी टेंपो चालक टिंकू शर्मा पुत्र नामालूम ने टेंपो को नियंत्रित गति से चलते हुए पलट दिया। जिससे टेंपो में बैठे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज दौरान 17 जनवरी को उनकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बजट में व्यापारियों के लिए कुछ खास नहीं : जमालुद्दीन



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** पूर्व सपा विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने नवीन प्रतिष्ठान यारों की बैठक कॉफी हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापार की स्थिति बेहद खराब है, बजट में भी व्यापारियों के लिए कुछ खास नहीं किया गया है। कहा कि वर्तमान सरकार व्यापारियों एवं जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। सोमवार को फतेहगढ रोड स्थित यारों की बैठक कॉफी हाउस के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व सपा विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि यदि व्यापार में कठिन परिश्रम ईमानदारी के साथ किया जाए तो व्यक्ति सफलता की बुलंदियों तक आसानी से पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापार की सफलता के लिये ग्राहक को मानक अनुरूप सेवायें प्रदान करना बेहद जरूरी है। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक सारिक एवं साकिब के नेतृत्व में मुख्य अतिथि जमालुद्दीन सिद्दीकी का फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

### जनसुनवाई में 30 शिकायतें, 22 का मौके पर निस्तारण, बुजुर्ग को मिली सुनने की ताक़त, निराश्रित महिला को मिला सहारा

**संभल। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की शिकायतें सुनीं। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं पर जिलाधिकारी ने न केवल गंभीरता से संज्ञान लिया, बल्कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल और ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 22 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। त्वरित समाधान से संतुष्ट फरियादियों के चेहरों पर राहत और विश्वास स्पष्ट दिखाई दिया।

# वृंदावन में स्मार्ट सिटी गेस्ट हाउस निर्माण की गुणवत्ता पर नगर आयुक्त सख्त

**वृंदावन( मथुरा)।** वृंदावन जोन में हजारीमल सोमानी इंटर कॉलेज के समीप स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का गहनता से परीक्षण किया गया तथा मानकों के अनुसार कार्य हो रहा है या नहीं इसकी जांच की गई।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यदायी संस्था को चेतावनी दी गई कि निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ मानक अनुरूप और निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री, संरचना की मजबूती और कार्य की गति पर विशेष ध्यान दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत हो रहे कार्यों में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मथुरा में 'वोट डकैती' के खिलाफ समाजवादियों का हल्लाबोल

अवधनामा संवाददाता

■ फर्जी फॉर्म-7 के जरिए वोट काटने के बड़े खेल का पर्दाफाश

**मथुरा।** लोकतंत्र की हत्या और विपक्षी मतदाताओं के वोट काटने के बड़े षड्यंत्र के खिलाफ आज समाजवादी पार्टी के विभिन्न फ्रंटल संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरी। मुन्ना मलिक (पार्षद व पूर्व जिला अध्यक्ष, समाजवादी युवजन सभा) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार को ज्ञापन सौंपा और साक्ष्यों के साथ बताया कि किस तरह जनपद में लोकतंत्र की गरिमा को तार-तार किया जा रहा है।

मुन्ना मलिक ने कड़े शब्दों में कहा, ÷मथुरा की बलदेव विधानसभा के गांव ओल समेत कई क्षेत्रों में सैकड़ों फॉर्म-7 बीएलओ को उपलब्ध कराए गए हैं। एक ही व्यक्ति द्वारा एक ही जाति और धर्म विशेष के लोगों के नाम कटवाने के लिए प्रशासन पर अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है। यह सीधे तौर पर वोट की डकैती है जिसे समाजवादी बर्दाश्त नहीं करेंगे। राघवेंद्र प्रताप (पूर्व जिला अध्यक्ष, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड) ने कहा, मथुरा में लोकतंत्र की हत्या का बड़ा षड्यंत्र रचा गया है। अज्ञात लोगों के जरिए फर्जी हस्ताक्षर कर थोक में फॉर्म भरे जा रहे हैं। हमने एडीएम स्नत्र पंकज कुमार जी से मांग की है कि इन फर्जी फॉर्मों को तुरंत निरस्त कर दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। पवन चौधरी (पूर्व जिला अध्यक्ष, समाजवादी लोहिया वाहिनी) ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा, चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। बिना भौतिक सत्यापन के किसी का नाम काटना असंवैधानिक है।

# गोवर्धन के अडींग में एसबीआई बैंक के एटीएम में चोरी का प्रयास

**गोवर्धन (मथुरा)।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव अड़ींग में अज्ञात चोरों द्वारा एसबीआई बैंक अड़ींग बाईपास के एटीएम में चोरी करने का प्रयास किया गया, लेकिन चोर अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात्रि अड़ींग बाईपास पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के बाहर लगे एटीएम के तालों को अज्ञात चोरों ने तोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस की सतर्कता को भांपते हुए चोर एटीएम की शटर को नुकसान पहुंचाकर भाग निकले। बताया जा रहा है कि अड़ींग चौकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया के नेतृत्व में क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त की जा रही है, इसके बावजूद सर्दी के मौसम का फायदा उठाकर चोर सक्रिय नजर आ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सीओ गोवर्धन अनिल, थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर, चौकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

# भोजपुरी गीत से मनाया मनोज तिवारी का जन्मदिन




अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** श्री रामलीला लंका मैदान के गेट नंबर 1 के पास भोजपुरी गायक व सांसद मनोज तिवारी के जन्मदिन पर उनके शुभचिंतको ने केक काट जन्मदिन मनाया। आयोजक धर्मराज जायसवाल उर्फ़ धन्नू भैया ने बताया की भोजपुरी गायक मनोज तिवारी भैया के हम फैन हैं। जब मनोज तिवारी भोजपुरी गायकी में अपने परचम लहरा रहे थे। हम लोग गाजीपुर में उनके गीत और कार्यक्रम लेकर उनके भोजपुरी गानो के कैसेट बिक्री कर प्रचार प्रसार करते रहे है। जिसकी वजह से मनोज भैया भी हम लोग को पसंद करते थे। गाजीपुर जब भी आते तो मनोज भैया हम लोग का हाल-चाल कुशलक्षेम जानना उनकी आदतों में शुमार है । यह बड़े ही सरल स्वभाव के हैं। हर भोजपुरिया व्यक्ति के दिल में राज करते हैं। बिहार चुनाव के दौरान उनके भोजपुरी गीत का काफी प्रभाव वहां के लोगो पर पड़ा और लोकगीत गायक के रूप मे बिहार की जनता के सिरमौर है। भोजपुरिया समाज में उनकी एक अलग पहचान है। उनके गाये गीत देवी मां के पचरा, भोजपुरी के गाने बड़े लोकप्रिय हैं। आज भले ही वह दिल्ली में विराजमान है। यहां पर हम लोग के दिलों में हमेशा राज करते हैं। उसी के वजह से हम लोग यहां पर 1 फरवरी को उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाते हैं।

# भारत ग्लोबल बायो फार्मा हब बनने जा रहा : डॉ विनोद बिंद

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 9वां केंद्रीय बजट को भदोही के बीजेपी सांसद व आर्थोपेडिक सर्जन डॉ विनोद बिंद ने सराहना करते हुए इसे आशाओं का बजट बताया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और आर्थिक अनुशासन का संतुलित उदाहरण है। उन्होंने कहा कि लगभग 7 प्रतिशत की निरंतर आर्थिक वृद्धि दर वैश्विक परिस्थितियों में भारत की आर्थिक ताकत को दर्शाती है और इसे विकसित भारत-2047 की दिशा में एक ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट बताया। सांसद विनोद बिंद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट युवा, किसान, बागवान, महिलाएं, व्यापारी, कर्मचारी, एसएमई और मध्यम वर्ग सहित समाज के हर वर्ग का संतुलित रूप से ख्याल रखा गया है। बजट में देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है। कहा कि भारत आने वाले समय में ग्लोबल बायो फार्मा हब बनने जा रहा है। बायो फार्मा शक्ति परियोजना के लिए दस हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान रखा गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोटापा, कैंसर, हृदय रोगों सहित सात तरह के रोगों की रोकथाम के लिए शुरुआती तौर पर उनकी स्क्रीनिंग और शुरुआती तौर पर ही उनकी रोकथाम का विशेष प्रावधान किया जाएगा। प्रत्येक जिले के अस्पतालों में 50 प्रतिशत क्षमता को बढ़ाया जाएगा। इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। हाई स्पीड रेल कॉरिडोर, कैंसर व शुगर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं को सस्ता करने, बड़े टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना, महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में छात्रावास की व्यवस्था, स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों के सुधारीकरण।

# मिशन शक्ति केंद्र में दंपति के विवाद का निस्तारण हुआ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति केंद्र पर एक दंपति के आपसी विवाद को काउंसिलिंग के दौरान आपसी समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से निपटाया गया। सोमवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी एवं मुख्य महिला आरक्षी शशिवाला द्वारा आवेदिका वंदना देवी पत्नी सचिन निवासी ग्राम बडौरा के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति व ससुराली जनो को बुलाकर दोनों पक्षों की बात को गंभीरता से सुना और समझाया। काउंसलिंग के दौरान दंपति को धैर्यपूर्वक एक-दूसरे की बात सुनने और समस्याओं का समाधान मिल-बैठकर करने की सलाह दी गई। काउंसलिंग के बाद दंपति ने अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य में आपसी सहयोग और समझ के साथ जीवन व्यतीत करने का आश्वासन दिया।

# शहज़ादा ए अली अकबर (अ0स0) की यौमे विलादत पर मंक़बती महफ़िल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**अमरोह।** हर साल की तरह इस साल भी हज़रत इमाम हुसैन के बेटे ज़मीदार ए करबला, शहज़ादे अली अकबर (अ0स0)की विलादत के मौके पर नगर के अज़ाख़ाना छज्जी मोहल्ला क़ाज़ी गली में जश्ने शहज़ादा ए अली अकबर के उनवान से एक मंक़बती महफिल का आयोजन किया गया जिसकी सदारत हज़रत मौलाना सैयद सफदर रज़ा इमामी साहब क़िब्ला ने की जबकि निज़ामत डॉक्टर लाडले रहबर ने महफिल का आग़ाज़ हज़रत मौलाना मंज़र अब्बास साहब क़िब्ला की तिलावत क़ुरआन ए पाक से हुआ । नाते रसूल ताजदार अमरोहवी साहब ने पेश की । यह महफिल अपनी कामयाबी की 20 वीं महफिल थी। नाते रसूल के बाद मनकबती महफिल का बाक़ायदा आग़ाज़ हुआ। मशहूर शायर वसीम अमरोहवी ने कहाजो अहले तख़्त है वह आज भी मैदां से गायब है। अमामां आज भी थामे हुए तलवार मिलता है।

नाजिम अमरोहवी ने कहा बाजुज़ शब्बीर दुनिया में मुकद्दर किसका ऐसा है। किसे फर्ज़न्द मिसले अहमदे मुख्तार मिलता है।।अलमदार सीतापुर ने कहा मिलाता है जो शमशीरे अली अकबर को नज़रों से। तो वह फिर एक का दो , और दो का चार मिलता है।। शुजा अब्बास ने कुछ इस तरह कहा कहां बर्छी चलाता है सितमगर सोच लें इतना। अली अकबर का कब है यह पैगम्बर का सीना है। वरिष्ठ पत्रकार और शायर जमाल अब्बास फैहमी यूं गोया हुए सरे बाज़ार मिलता है सरे दरबार मिलता है। गुरुर ए ज़ोरे बातिल ख़ाक में हर बार मिलता है।। असद अमरोहवी ने फरमाया--- फक़त जो रोक दे नौ लाख का लश्कर निगाहों पर। हमें तारीख में ऐसा अलम बरदार मिलता है।। नौजवान शायर अशरफ फराज़ ने पढ़ा--- बा शक्लें कुरआ जो एक अख़बार मिलता है। उसी अख़बार में ज़िक्र ए शहे अबरार मिलता है।। मशहूर शायर शानदार अमरोहवी यूं गोया हुए- -- गलों से काट देते हैं बहत्तर शेर खंजर को।यज़ीद -इंकारे बेअत यूं बहत्तर बार मिलता है।। फुरकान अमरोहवी ने अपना कलाम इस तरह पेश किया। जहां वालों अली अकबर के दादा जान का मुंकिर। परेशां हल मिलता है,ज़लीलों ख़्वार मिलता है। निज़ामत कर रहे कर रहे डॉ0 लाडले रहबर ने अपना कलाम कुछ इस अंदाज़ से पेश किया। अली की शेर दिल बेटी के एक बेख़ौफ खुदबे से। जवाबे जुल्म ज़ालिम को सरे दरबार मिलता है।। इसके अलावा शहरयार इमरान, साहिल अमरोहवी, नौशा अमरोहवी, ज़िया काज़मी, हसन इमाम नक़वी, शाहनवाज़ तक़ी,अली मोजिज़, सामी अमरोहवी, शादाब अमरोहवी, ज़ैग़म शमीम आदि आदि शायरों ने भी कलाम पेश किया। महफ़िल देर रात तक चली। बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे। बानिये महफिल मरहुम ज़िया अब्बास नजमी के बुलन्दी ए दर्जात के लिए दुआ की। आखिर में महफ़िल के कनविनर शुजा अब्बास ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# बिना हिन्दू, मुस्लिम भाई चारे के देश तरक्की नहीं कर सकता

अवधनामा संवाददाता

■ दीपक को राष्ट्रीय भाई चारा अवॉर्ड से सम्मानित करेगी वीआईपी पार्टी

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब डॉ शेख ने कहा कि उत्तराखंड के जांबाज दीपक कुमार को वी आई पी पार्टी राष्ट्रीय भाई चारा अवॉर्ड से सम्मानित करेगी,डॉ शेख ने कहा कि कोटद्वार के अंदर एक वर्षो पुरानी दुकान है बाबा के नाम से ,कुछ उपद्रवी तत्व आते है। बाबा कलेक्शन के मालिक के साथ मारपीट करते है ओर कहते है, कि बाबा नाम हटा लो, इस घटना को देख कर पड़ोस के जिम संचालक दीपक कुमार आ गए और ओर उपद्रवी तत्वों से बोले बाबा को क्यों परेशान कर रहे हो, उपद्रवी लोगों ने पूछा तुम्हारा नाम किया है, इस नौजवान ने तपाक से कहा मेरा नाम मुहम्मद दीपक है यह सुनकर लोग वहां से चले जाते हैं, इस घटना से करोड़ों दिलों में अपनी जगह बना लेते है दीपक ,देश में बढ़ रही नफरत भरे माहौल में मुहब्बतंका चिराग जलाते हैं,दीपक कुमार ,आज देश को हजारों दीपकों की जरूरत है ,जो इस नफरत को मिटा सके, डॉ शेख ने कहा कि कुछ प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों में होड़ लगी हुई है कि कौन सब से ज्यादा एक समुदाय को टारगेट करता है,उन सब में पहले नंबर पर। आने वाले भी उत्तराखंड के धामी ही है, धामी को चाहिए था कि कोटद्वार में उपद्रवी लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाही करनी चाहिए थी उन को जेल में डाला जाना चाहिए था,जब की धामी के प्रशासन ने उल्टे दीपक के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया ,लगता है देश में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है सुप्रीम कोर्ट को इस तरह के नफरती लोगों पर संज्ञान लेना चाहिए,उधर डॉ शेख ने विपक्ष पर भी हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष को सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए।

# हर जनपद में बनेंगे पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन : सीएम योगी

- रोजगार से जोड़ा जाएगा औद्योगिक विकास
- युवाओं को एक ही परिसर में नौकरी व कौशल
- 50 एकड़ में विकसित होंगे इंडस्ट्रियल जोन
- एमएसएमई और स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से सभी जनपदों में 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेण्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन' विकसित करने के लिए उपयुक्त भूमि शीघ्र चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीति का लक्ष्य ऐसा सक्षम वातावरण तैयार करना है, जहाँ युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के अवसर एक ही परिसर में सुलभ हों। उन्होंने निर्देश दिए कि इस महत्वाकांक्षी योजना को स्थानीय आवश्यकताओं और क्षेत्रीय सम्भावनाओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री यहाँ लोक भवन में 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेण्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन' के सम्बन्ध में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर शुभारम्भ की गयी यह योजना उद्योग, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार तथा उद्योग-सहायता से जुड़े विभागों और सुविधाओं को एकीकृत रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने एम.एस.एम.ई., सेवा आधारित उद्योगों और नवाचार से जुड़े क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्लग-एण्ड-प्ले यूनिट और फ्लैटेड फैक्ट्री जैसी आधुनिक सुविधाओं के विकास पर विशेष बल दिया, जिससे उद्यमियों को प्रारम्भ से ही आवश्यक अवसंरचना उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेण्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन' प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और उद्यमिता का एक सशक्त केन्द्र बनेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्भावित स्थलों की शीघ्र पहचान कर परियोजना के क्रियान्वयन को गति दी जाए, ताकि यह पहल प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन का एक प्रभावी मॉडल बन सके। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस योजना के अन्तर्गत कॉमन फैसिलिटी सेण्टर, टेस्टिंग फैसिलिटी, डिस्प्ले एवं डिजाइन सेण्टर, टूल रूम, ई.टी.पी./सी.ई.टी.पी., प्लग-एण्ड-प्ले यूनिट तथा फ्लैटेड फैक्ट्री की सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। साथ ही, युवाओं के कौशल उन्नयन हेतु उद्यमिता प्रशिक्षण, मेण्टरिंग, विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी तथा हैण्ड-होल्डिंग की व्यवस्था भी इसी परिसर से की जाएगी। योजना को चरणबद्ध रूप से प्रदेश के सभी जनपदों में लागू किए जाने का प्रस्ताव है। प्रत्येक जनपद में न्यूनतम 50 एकड़ क्षेत्रफल में एम्प्लॉयमेण्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन विकसित किए जाएंगे। प्रस्तावित जोन के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र, फ्लैटेड फैक्ट्री, वाणिज्यिक क्षेत्र, सड़क, कॉमन फैसिलिटी, सर्विस सेक्टर, ग्रीन एरिया और कार्यालय स्पेस का संतुलित ले-आउट तैयार किया गया है। साथ ही, 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेण्ट एण्ड स्किल डेवलपमेण्ट सेण्टर' की स्थापना भी प्रस्तावित है, जिसमें प्रशिक्षण हॉल, कॉन्फ्रेंस रूम, एक्सटेंशन काउण्टर और उद्योग-सहायता से जुड़ी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि ऑपरेशनल मॉडल के अन्तर्गत स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रशिक्षण, कौशल विकास, इण्टर्नशिप, अप्रेण्टिसशिप तथा सम्बन्धित उद्योगों में वेतन आधारित रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## शबे बरात आज, जगमगायेंगे कब्रिस्तान व कर्बलाएं

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** शब-ए-बरात का त्योहार मंगलवार को मनाया जायेगा। त्योहार को लेकर लोगों ने इसकी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। इस दिन लोग अपने रिश्तेदारों और अजीजों की कब्रों पर जायेंगे व कब्रों को तरह-तरह के फूलों से सजायेंगे और कुराने पाक की तिलावत करेंगे। इस मौके पर कब्रों पर मोमबत्ती तथा अगरबत्ती जलाकर उनकी मगफिरते के लिए दुआ की जायेगी। लोगों ने शहर के कब्रिस्तानों में जाकर अपने पुरखों की कब्रों की मरम्मत कराई हैं कब्रों पर चूना पुतवाया गया है तो किसी ने पक्की बनवाई है। शब बरात को लेकर कब्रिस्तान कमेटियों ने व्यवस्थाओं को लेकर तैयारी कर ली हैं।

## महफिले मिलादे अलमबरदारे हुसैनी 6 को

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** हजरत अली (अ.स) के बेटे हजरत अब्बास (अ.स) की विलादत के सिलसिले में दरगाह अब्बास रुस्तम नगर में 6 फरवरी, शुक्रवार को महफिले मिलादे अलमबरदारे हुसैनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के कन्वीनर फैज बाकर ने बताया कि महफिल को मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास रात 8:30 बजे खिताब करेंगे। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक व हदीस-ए-किसा से करेंगे। इसके बाद शायर हजरत अब्बास (अ.स) की शान में अपने कलाम पेश करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन ने अंसारे अब्बासिया ने किया है।

## उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उद्यान विभाग की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सरकारी आवास पर उद्यान विभाग द्वारा संचालित समस्त औद्यानिक विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभागीय अधिकारी वर्चुअली उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पर ड्रॉप मोर क्रॉप-माइक्रोइरीगेशन, एकीकृत बागवानी विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना, फलपट्टी विकास योजना, पान उत्पादन को प्रोत्साहन योजना आदि के अंतर्गत संचालित औद्यानिक कार्यक्रमों- ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, संरक्षित खेती, औद्यानिक फसलों का विस्तार, रोपण सामग्री उत्पादन, नर्सरी का सुदृढ़ीकरण, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, पान उत्पादन तथा कटाई उपरांत प्रबंधन आदि की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

मंत्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि करना तथा उद्यानिकी को प्रदेश की अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बनाना है। इसके लिए फल, सब्जी, फूल, मसाला, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने हेतु संचालित योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन आवश्यक है।

# भाषा विवि में फ्यूचरिस्टिक आइडियाज़ एंड स्टार्टअप इनोवेशन फोरम का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में 02 फरवरी 2026 को विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फ्यूचरिस्टिक आइडियाज़ एंड स्टार्टअप इनोवेशन फोरम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के भविष्यपरक एवं नवोन्मेषी विचारों की पहचान कर उन्हें स्टार्टअप के रूप में विकसित करने हेतु मार्गदर्शन, मेंटरशिप और इनक्यूबेशन सहयोग प्रदान करना रहा। फोरम के अंतर्गत स्टार्टअप इकोसिस्टम की समझ, वर्तमान स्टार्टअप परिदृश्य, चरणबद्ध हैंडहोल्डिंग मॉडल तथा विद्यार्थियों के विचारों के विकास एवं प्रस्तुतीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान 190 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 16 उत्कृष्ट विचारों का चयन किया गया। चयनित विचारों को आगे विशेषज्ञ मेंटरिंग, बिज़नेस वैलिडेशन, प्रोटोटाइप डेवलपमेंट एवं इनक्यूबेशन सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन के वाईस चेयरमैन प्रो. सैयद हैदर अली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, नेतृत्व और उद्यमशील सोच को विकसित करने की प्रयोगशाला है। विद्यार्थियों के विचारों को यदि संरचित मार्गदर्शन और संस्थागत समर्थन मिले, तो वे सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं। इस अवसर पर राफ्ट्स एंड रिवर्स के डायरेक्टर नृपिन भट्ट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के पास समस्याओं को अवसर में बदलने की अद्भुत क्षमता होती है। सही मार्गदर्शन और निरंतर मेंटरशिप से छात्र अपने विचारों को सफल स्टार्टअप में परिवर्तित कर सकते हैं। इस प्रकार के मंच नवाचार को दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

## सी.एम.एस. में 'धार्मिक सद्भावना सप्ताह' का शुभारम्भ

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में 'धार्मिक सद्भावना सप्ताह' का शुभारम्भ आज बड़े उल्लासपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विभिन्न धर्मावलम्बियों की उपस्थिति से सम्पूर्ण वातावरण 'सर्वधर्म समभाव' की भावना से ओतप्रोत हो गया। समारोह में हिन्दू धर्म से बी.के. राजयोगिनी राधा बहन जी एवं प्रभु अपरिमय श्यामदास जी, सिख धर्म से सरदार हरपाल सिंह जग्गी, इस्लाम धर्म से मौलाना यासूब अब्बास साहब, मौलाना सूफ्यान निजामी एवं मौलाना डा. कल्बे सिब्तेन नूरी, ईसाई धर्म से फादर लारेन्स नोरोन्हा, जैन धर्म से श्री शैलेन्द्र जैन, बौद्ध धर्म से भिक्षु ज्ञानलोक एवं भंते दीपांकर जी एवं बहाई धर्म से सुश्री अचिन्त्य रूपानी दासी एवं श्रीमती शिप्रा उपाध्याय ने धार्मिक एकता, सामुदायिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द की पुरजोर अपील की। इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ।

# 01 फरवरी तक 01 मिलियन श्रद्धालुओं ने परिवहन निगम की बसों से किया माघ मेला-प्रयागराज में स्नान: दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) द्वारा इस वर्ष के माघ मेले और कुंभ स्नान के सफल आयोजन हेतु व्यापक बस सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। पूरे प्रदेश से लगभग 3800 बसें माघ मेले हेतु लगायी गयी है। माघ मेला 2026 के दौरान 01 फरवरी 2026 तक लगभग 01 मिलियन श्रद्धालु एवं पर्यटक प्रयागराज पहुँचे, और संगम के पावन धरा पर स्नान का पुण्य लाभ उठाया है।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा भी उपलब्ध करवाई है। यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने माघ मेले के दौरान प्रयागराज आने-जाने के लिए विशेष बस सेवाओं का संचालन भी



किया, जिनमें एसी और नॉन-एसी बसों की व्यवस्था की गई। यह बसें प्रमुख शहरों और गाँवों से प्रयागराज तक सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान की।

परिवहन मंत्री ने बताया कि सभी बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया। इसके अलावा, बसों में सुरक्षा व्यवस्था, सैनेटाइजेशन और स्टाफ की पर्याप्त तैनाती की गई थी ताकि यात्रियों को पूरी सुरक्षा और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके। माघ मेला के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने सामान्य बसों की संख्या में वृद्धि की और विशेष अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की। प्रमुख स्नान तिथियों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। 03 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन 1800 बसे आवंटित थी जिसमें से 783 बसों से लगभग 16341 यात्रियों ने यात्रा की, 200 बसें रिजर्व में रखी गयी थी। इसी प्रकार 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर 1800 आबंटित बसों में से 1540 बसों से लगभग 30627 ने यात्रा की,300 बसें रिजर्व में थी। 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर 3800 आबंटित बसों में से 2387 बसों से 74462 यात्रियों ने यात्रा की, 485 बसें रिजर्व थी। 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर 1800 आबंटित बसों में से 1526 बसों के संचालन से 48111 यात्रियों ने यात्रा की,300 बसें रिजर्व थी। 01 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर आबंटित 1800 बसों में से 1297 बसों के संचालन से 42753 यात्रियों ने यात्रा की,300 बसें रिजर्व थी। इस प्रकार प्रमुख स्नान तिथियों पर कुल 7533 बसों का अतिरिक्त संचालन किया गया और लगभग 212294 यात्रियों ने यात्रा की। 3 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक औसतन 1178 बसें प्रतिदिन संचालित की गई और लगभग एक मिलियन यात्रियों ने यात्रा की। इसके साथ ही, यात्रियों के लिए अतिरिक्त रूटों का भी संचालन किया गया, ताकि हर श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के अपने गंतव्य तक पहुँच सके। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा 24 घंटे बस सेवा प्रदान की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के कुंभ स्नान के लिए समय पर पहुंच सकें और उचित समय पर लौट सकें।

# घर में लाखों की चोरी, सफाई कर्मी पर गहराया शक

- बर्थडे पार्टी में गया था परिवार, पीठे से साफ हो गए जेवर
- अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के लालनगर खेड़ा में एक सनसनीखेज चोरी का मामला सामने आया है। यहाँ रहने वाली सलमा खान पत्नी सैय्यद अनवर इमाम के घर को चोरों ने उस वक्त निशाना बनाया जब पूरा परिवार एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने गया था। सोमवार को मामले की जानकारी तब हुई जब प्रार्थिनी ने अलमारी खोली और जेवरात गायब पाए।

?मिली जानकारी के अनुसार,बीते शुक्रवार को सलमा खान अपने नवासे की बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए हजरतगंज स्थित होटल चरण गई थीं। रात करीब 12 बजे जब परिवार वापस लौटा तो उन्हें खिड़की का पर्दा हटा हुआ मिला, लेकिन उस वक्त किसी अनहोनी का शक नहीं हुआ। रविवार को जब परिवार एक अन्य कार्यक्रम में जाने की तैयारी कर रहा था, तब अलमारी खोलने पर पता चला कि अंदर का लॉकर टूटा हुआ है और लाखों के जेवरात गायब हैं।

?चोरी गए सामान में करीब 100 ग्राम सोने की चूड़ियाँ, 120 ग्राम सोने के कड़े, तनिष्क ब्रांड का भारी हार सेट, सोने के टॉप्स, झुमकी, अंगूठी, नाक की कील और चांदी की भारी पायल सहित कई कीमती आभूषण शामिल हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में घर में साफ-सफाई करने वाले अनूप पुत्र गुरु पर शक जताया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर जब अनूप सफाई के लिए आया था, तब उसने परिवार के बाहर जाने और वापस आने के समय के बारे में पूछताछ की थी।

वही संबंध में इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया के मामले की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्ध सफाई कर्मी से पूछताछ कर मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।

# एमएसजी फाउंडेशन ने आयोजित किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

- 125 से अधिक लोगों को मिला लाभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय एमएसजी फाउंडेशन (मदद सहयोग गाइडेंस) द्वारा रविवार, 1 फरवरी 2026 को शाही खरताखान, सुन्नी इंटर कॉलेज के पास, लखनऊ में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मरहूमा निदा हसीन बिंत-ए-मोहम्मद हसीन की स्मृति में ईसाल-ए-सवाब के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिराज़ रिज़वी द्वारा किया गया। वे एरा'स लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लखनऊ के बायोकेमिस्ट्री विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं तथा ऑल इंडिया अली (अ.स.) मिशन एवं नहजुल बलाग़ा अकादमी, लखनऊ के जनरल सेक्रेटरी भी हैं। अपने संबोधन में उन्होंने एमएसजी फाउंडेशन के



सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर एवं वजन की जांच, दंत परीक्षण, सामान्य परामर्श सेवाएँ तथा नि:शुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। चिकित्सा टीम में डॉ. फ़रज़ाना रिज़वी (MBBS, MD – Psychiatry), जिन्हें हाल ही में MD पूर्ण करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डॉ. सानिया रऊफ (MBBS), डॉ. अस्मा जाफ़री (डेंटल सर्जन), सैयद फ़रहीन फ़ातिमा (फिजियोथेरेपिस्ट) विशिष्ट अतिथि ताबिंदा ज़ैदी (ओनर, मेपल स्कूल), मोहम्मद मोजिस रिज़वी (ग्राफिक डिज़ाइनर) मौजूद रहे।

जूनियर डॉक्टर टीम में डॉ. मोहद साद, डॉ. तमजीद आरिफ, सना गौस एवं मोहद साक़िब कार्यक्रम में एमएसजी फाउंडेशन की टीम से अलीज़ा परवीन, मुमताज़ नक़वी बानो, फ़ातिमा नाज़, ज़मान, सलीम अली सहित संस्था के संस्थापक मोहम्मद सादिक भी उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में करीब 125 मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। स्थानीय नागरिकों ने एमएसजी फाउंडेशन की इस मानवीय एवं सराहनीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# केंद्रीय बजट 2026 निराशाजनक और जन-विरोधी: संजीव कुमार

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट 2026 को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएँ तेज हो गई हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने बजट को दिशाहीन, निराशाजनक और जन-विरोधी बताया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि यह बजट आम आदमी और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। उनके अनुसार बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन का कोई ठोस रोडमैप नहीं दिखता, जिससे पढ़े-लिखे बेरोजगारों में निराशा बढ़ेगी। किसानों के मुद्दे पर भी उन्होंने चिंता जताई और कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए पर्याप्त और प्रभावी प्रावधानों का अभाव है। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए भी बजट में कोई स्पष्ट और ठोस नीति नजर नहीं आती। संजीव कुमार मिश्रा ने यह भी कहा कि वेतनभोगी करदाताओं के लिए आयकर दरों में कोई राहत न दिए जाने से मध्यम वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उनका आरोप है



कि बजट में बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने पर अधिक ध्यान दिया गया है, जबकि आम जनता की समस्याएं नजरअंदाज कर दी गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि जनता को बजट 2026 से बड़ी राहत की उम्मीद थी, लेकिन महंगाई, सीमित रोजगार अवसर और दबाव में चल रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर ठोस पहल नहीं की गई। जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने निष्कर्ष में कहा कि यह बजट देश की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने वाला और केवल सपने दिखाने वाला बजट साबित होगा।

## जश्ने नूर ए अस्र व जश्ने मुंतजिर कल

**लखनऊ।** हजरत हजरत इमाम मेहदी (अ.स) की विलादत के सिलसिले में इमामबाड़ा उम्मूल बनीं मंसूर नगर में 4 फरवरी को शाम 7:30 बजे जश्ने नूर ए असर का आयोजन किया जाएगा। इस जश्न को मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी खिताब करेंगे चश्मे के बाद तमाम शायर इमाम मेहंदी की शान में अपने कलाम पेश करेंगे। जश्न का आगाज एजाज हुसैन कश्मीरी तिलावते कुरान ए पाक व संचालन राहिब हसन करेंगे। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में बुधवार को जश्ने मुंतजिर मनाया जाएगा। जश्ने महफ़िल को मौलाना जमन हैदर जैदपुरी और मौलाना फिरोज़ अब्बास मग़रिब की नमाज़ के बाद खिताब करेंगे। इसके बाद शायर इमाम की शान में अपना नज़राना पेश करेंगे। इसी तरह कर्बला नसीरुद्दीन हैदर डालीगंज में बुधवार को सुबह 8 बजे महफ़िल ए कायम का आयोजन किया जाएगा। महफ़िल को मौलाना एजाज अतहर खिताब करेंगे। इस ।मौके पर कर्बला में सुबह 8 बजे से मग़रिब की नमाज तक नज़र का सिलसिला जारी रहेगा।

# हमारा संगठन व्यापारियों के हित में कार्य करता हैं : संतोष गुप्ता



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोशिएशन के संयुक्त तत्वाधान में उरई से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक वन्देभारत ट्रेन चलवाए जाने के संबंध में कैप्टन अखिलेश नगायच एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में उरई रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक श्री एस के खरे को ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक कैप्टन अखिलेश नगायच ने कहा कि हमारे जिला जालौन को सैनिकों के नाम से जाना जाता है जहां के सैकड़ो जाबांज वीर सपूत सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अभी तक अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को निछावर किया है। आज भी हमारे जिले के हजारों सैनिक देश की सीमा की रक्षा अपनी जान की बाजी लगाकर कर रहे हैं। लेकिन हमारे जिले से अभी तक कोई भी ट्रेन देश की राजधानी नई दिल्ली तक सीधी नहीं जाती है जिससे सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवारों के साथ साथ जिले के आम जनमानस को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महोदय से निवेदन है कि हमारे जिले के लिए देश की राजधानी दिल्ली से उरई रेलवे स्टेशन तक वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए। जिससे आम जनमानस लाभान्वित हो सके। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की डायरेक्ट ट्रेन होने से जिले के उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में कैप्टन अखिलेश नगायच के साथ कैप्टन छेदा सिंह, कैप्टन संतोष कुमार रैकवार, हवलदार जितेन्द्र सिंह सरदार, हवलदार अमर सिंह पाल, नायब सूबेदार बृजलाल चौधरी, नायब सूबेदार रामबाबू राठौर, हवलदार रामशरण शर्मा, हवलदार लल्लन सिंह, पेटी अफसर सौरभ अवस्थी, सूबेदार राम लखन राठौर, हवलदार रामनारायण चतुर्वेदी, हवलदार जसवीर सिंह, सूबेदार मुक्ता प्रसाद, हवलदार कमलेश कुमार, हवलदार गोविंद सिंह, सूबेदार वीर सिंह, नायब सूबेदार रामकृपाल सिंह, हवलदार राजेंद्र कुमार, सूबेदार बीपी सिंह, पेटी अफसर राम शंकर, सूरदास राम जी सिंह जादौन हवलदार ओम नारायण प्रजापति शहर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं व्यापार मंडल के प्रदीप द्विवेदी संजीव सिपोलिया जी रमेश यादव सरिता गुप्ता विनीता कुशवाहा, हिरदेश पटेल, शिवदयाल गुप्ता दिनेश कुमार एवं अन्य व्यापारी फौजी भाई उपस्थित रहे।

# डीएम एसपी ने बबीना व कदौरा गौशालाओं का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बबीना एवं कदौरा स्थित कान्हा गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंश संरक्षण एवं व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गोवंशों को गुड़ खिलाया। विशेष दृश्य तब देखने को मिला जब जिलाधिकारी ने गोवंशों को पुकारा, तो वे दौड़ते हुए उनके पास आ गए। जिलाधिकारी ने गोवंशों को दुलारते हुए उनके संरक्षण एवं समुचित देखभाल के महत्व पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए हरा चारा, स्वच्छ पेयजल एवं चिकित्सीय देखभाल की व्यवस्था निरंतर सुनिश्चित की जाए। साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में सुबह-शाम प्रतिदिन अनिवार्य रूप से सफाई कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गौशाला प्रबंधन को व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 97 जोड़ों का विवाह संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया में सोमवार को ओम मैरेज हॉल, मेन रोड तरकुलवा (हीरो एजेंसी के निकट) में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 97 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिनमें 83 हिन्दू एवं 14 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री (कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, भाजपा महामंत्री रविन्द्र कौशल, राजू भारती, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव, ब्लॉक प्रमुख तरकुलवा रामआशीष गुप्ता, गन्ना विकास समिति चेयरमैन अवधेश सिंह, नगर पंचायत



अध्यक्ष हेतिमपुर वीरेंद्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष तरकुलवा जनार्दन कुशवाहा, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र प्रताप राव, समाजसेवी संजय सिंह सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं संबंधित खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय का प्रावधान है, जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है तथा 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अगला सामूहिक विवाह कार्यक्रम 04 फरवरी 2026 को प्रिंस पैलेस, कोटवा चौराहा, कसया रोड, देवरिया में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 95 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित है। इसमें विकास खंड भटनी के 26, रामपुर कारखाना के 54, नगर पंचायत रामपुर कारखाना के 09 तथा बरियारपुर के 06 जोड़े शामिल होंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार 3 फरवरी 2026



# विदिशा की इशिका मीणा का शूटिंग बॉल टीम में चयन, वर्ल्ड कप में बढ़ाएंगी भारत का मान



**विदिशा।** विदिशा की खिलाड़ी इशिका मीणा का चयन भारतीय शूटिंग बॉल टीम में हुआ है। वे 1 से 3 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में होने वाले दूसरे शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मध्य प्रदेश से चुनी गई वे एकमात्र खिलाड़ी हैं और टीम में मुख्य अटैकर की भूमिका निभाएंगी।

विदिशा जिले की होनहार खिलाड़ी इशिका मीणा ने खेल जगत में एक नई पहचान बनाते हुए जिले के साथ-साथ पूरे मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। इशिका का चयन भारतीय शूटिंग बॉल टीम में हुआ है और वे दूसरे शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। खास बात यह है कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश से चुनी गई वे एकमात्र खिलाड़ी हैं। शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप का आयोजन 1 से 3 फरवरी 2026 तक राजधानी नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 18 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम में इशिका मीणा को मुख्य अटैकर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इशिका मीणा की शैक्षणिक और खेल यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। वे विदिशा स्थित महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल की पूर्व छात्रा रही हैं। उन्होंने बीपीईएस में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से बीपीएड की पढ़ाई कर रही हैं। खेल के क्षेत्र में इशिका लगातार सक्रिय रही हैं और अब तक सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की छह राष्ट्रीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर चुकी हैं।

उनकी इस सफलता के पीछे शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं अनुभवी कोच जितेंद्र सिंह बघेल का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है, जिन्होंने इशिका की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई। इशिका के चयन की खबर मिलते ही उनके स्कूल, खेल जगत और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वी टीच स्कूल प्रबंधन, खेल प्रेमी पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और खेल प्रेमियों ने इशिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और देश के लिए पदक जीतने की शुभकामनाएं दी हैं। विदिशा की यह बेटी आज युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।

# 22 साल के कार्लोस अल्काराज बने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, फाइनल में 38 साल के जोकोविच को हराया

**खिलाफ**

**अल्काराज पिछले साल भी ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन सिनर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।**



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच का सामना स्पेन के कार्लोस अल्काराज से हुआ। अल्काराज ने जोकोविच को हरा दिया और सर्बियाई दिग्गज 25वें ग्रैंडस्लैम से एक बार फिर दूर रह गए। यह अल्काराज का पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच का सामना स्पेन के कार्लोस अल्काराज से हुआ। एक तरफ युवा जोश और दूसरी तरफ अनुभव था, लेकिन अल्काराज का युवा जोश जोकोविच के अनुभव पर भारी पड़ा। अल्काराज ने 2-6, 6-2, 6-3, 7-5 से जोकोविच को हराया। यह अल्काराज का सातवां ग्रैंडस्लैम खिताब है। वहीं जोकोविच 25वें ग्रैंडस्लैम से फिर दूर रह गए।

पहला सेट जोकोविच ने 6-2 से अपने नाम किया था। पहले सेट में जोकोविच ने सर्विस और फॉर हेंड का जबरदस्त दम दिखाया। इसके बाद दूसरे सेट में अल्काराज ने जबरदस्त वापसी की और 6-2 से सेट अपने नाम किया। फिर तीसरे सेट में जोकोविच थके हुए नजर आए और इसका फायदा अल्काराज ने उठाया और 6-3 से जीत हासिल की। चौथा सेट अल्काराज ने 7-5 से जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। अल्काराज ने अब तक सात ग्रैंडस्लैम जीते हैं। यह उनका पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब है।

अल्काराज पिछले साल भी ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन सिनर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार सिनर को जोकोविच सेमीफाइनल में हराकर बाहर कर चुके थे, जबकि अल्काराज ने सेमीफाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था और अपना दम दिखाया था। यह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सबसे दिलचस्प मुकाबलों में से एक माना गया है। अल्काराज के 7 ग्रैंडस्लैम खिताबों में।

# खेलो इंडिया मिशन के साथ खेल सेक्टर को बड़ा बूस्ट

**नई दिल्ली।** आज पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खेल क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए खेलकूद के सामानों के लिए एक नई पहल का प्रस्ताव रखा। इस कदम से उच्च गुणवत्ता वाले स्पोर्ट्स गुड्स के घरेलू निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में पेश किए जा रहे आम बजट में खेल क्षेत्र को मजबूती देने की दिशा में अहम पहल का एलान किया है। बजट भाषण के दौरान उन्होंने खेलकूद के सामानों के निर्माण और गुणवत्ता सुधार के लिए एक नई पहल का प्रस्ताव रखा। इस कदम को भारत में खेल उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए बड़ा प्रोत्साहन माना जा रहा है।

# अयोध्या के जयप्रकाश ने जीता स्वर्ण पदक वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 दक्षिण कोरिया का किया टिकट पक्का



**अयोध्या।** 46वीं मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 28 जनवरी से 1 फरवरी 2026 केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के चंद्रशेखर नायर स्टेडियम में आयोजित हुई। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जयप्रकाश जी ने 5 किलोमीटर रेस वॉक में नया कीर्तिमान बनाया अपने आयु वर्ग का स्वर्ण पदक जीत दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप अगस्त 2026 के लिए अपना टिकट पक्का किया अब तक विभिन्न वर्गों के स्वतंत्र भारत में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीन स्वर्ण पदक विजेता है जिसमें। जयप्रकाश जी पहले ऐसे एथलीट हैं जिन्होंने राष्ट्रीय,एशिया विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव विश्व स्तर पर बढ़ाया है ऐसा करने वाले वह देश के पहले एथलीट है। उन्होंने जनपद अयोध्या के डीएम साहब कमिश्नर साहब एवं सभी शासनिक प्रशासनिक जनपद के निवासियों को इसका श्रेय देते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। जयप्रकाश जी मूलतः जनपद अयोध्या के रेतिया मोहल्ला निवासी हैं उनकी उपलब्धि से देश-प्रदेश एवं जनपद के युवाओं में काफी उत्साह है।

## टीम के उम्दा ताल-मेल से मेजबान यूपी करम ने हरियाणा को 10-0 से हराया

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहीद हाकी स्टेडियम पर सोमवार से शुरू 36वां करम ऑल इण्डिया केडी सिंह बाबू जूनियर अण्डर-14 पांच लाख प्राईजमनी हाकी टूर्नामेंट के पहले दिन मेजबान यूपी करम ने मेहमान टीम मेजर ध्यान चंद हरियाणा पर गोलों की बारिश करते हुए एकतरफा 10-0 गोल से जीत दर्ज कर ली। दूसरे मैच में हॉली वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी पंजाब ने जय हाकी अकादमी तमिलनाडु को 5-2 गोल और तीसरे मैच में उड़ीसा नवल टाटा ग्रासरूट टीम ने हाकी त्रिपुरा को एकतरफा 10-0 गोल से हराकर जीत से आगाज किया।

कप्तान मोहम्मद रियाज की कप्तानी में खेले गये मुकाबले में यूपी करम की ओर से अंशुल पाल ने पहले क्वार्टर के पहले मिनट में मैदानी गोल दागकर टीम का स्कोर 1-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में मेजर ध्यानचंद हरियाणा ने आक्रमकता दिखायी मगर गोल दागने में विफल रहे। दूसरे क्वार्टर के 26वें मिनट में प्रांजन पाल ने पेनॉल्टी कार्नर के अवसर को गोल में बदलकर टीम का स्कोर 2-0 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में यूपी करम ने प्रतिद्वंद्वी टीम ने मेजर ध्यानचंद हरियाणा पर पूरी तरह दबाव बना लिया और ताबड़तोड़ 4 गोल दागकर टीम का स्कोर 6-0 कर दिया। क्रीश सिंह ने 39वें मिनट, सनी कुशवाहा ने 41वें मिनट, कप्तान मोहम्मद रियाज ने 42वें मिनट और प्रांजल पाल ने टीम के लिए दूसरा गोल 45वें मिनट, सभी ने मैदानी गोल दागे। खेल के चौथे और अंतिम क्वार्टर में यूपी ने हरियाणा को पूरी तरह बेबस कर गेंद को अपने कब्जे में कर लिया। अंतिम क्वार्टर में अंशुल पाल ने टीम के लिए दूसरा गोल 50वें मिनट, देवांश चौरसिया ने 52वें और 55वें मिनट में लगातार 2 गोल दागे। अंतिम गोल की सफलता खेल के 57वें मिनट में यूपी करम के प्रथ्वीराज चौहान को तब मिली जब टीम के आक्रामक खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी टीम से गेंद को छीन कर चतुराई भरा पास दिया। यूपी की ओर से खिलाड़ियों ने छोटे-छोटे पास देने के अलावा रक्षा पंक्ति भेदने में भी अहम भूमिका अदा की। दूसरे लीग मैच में हॉली वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी पंजाब ने तमिलनाडु पर उम्दा जीत हासिल की। पंजाब की ओर से सुखप्रीत सिंह ने साथी खिलाड़ियों के मिले पास को 11वें और 14वें मिनट में गोल में बदला। प्रिंसपल सिंह, सिमरनजीत सिंह और कप्तान करनजीत सिंह ने 1-1 गोल दागा।

# भारत की अनाहत ने वॉशिंगटन में पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने आन फायर ओपन में शानदार प्रदर्शन किया। अनाहत ने दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को मात दी।

भारतीय युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद अनाहत ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी। यह जीत 15 वर्षीय अनाहत के करियर का सबसे बड़ा खिताब है और पीएसए टूर पर उनका कुल 15वां खिताब है जो उन्होंने मात्र 26 टूर्नामेंटों में हासिल किया। दिल्ली की यह खिलाड़ी फिलहाल विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर है। सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत पिछले मुकाबले में केनेडी से हार गई थीं। उन्होंने फाइनल में अद्भुत संयम दिखाया। 8-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीतकर उन्होंने पहला गेम अपने नाम कर लिया और उसके बाद मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया।



# संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचा महाभारत का यह एक्टर



**मुंबई।** तमाम फिल्मी सितारे वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। हाल ही में सीरियल महाभारत में युधिष्ठिर की भूमिका निभाने वाले एक्टर गजेंद्र चौहान वहां पहुंचे और अपना चर्चित संवाद सुनाया।

बीआर चोपड़ा के धारावाहिक महाभारत में युधिष्ठिर का किरदार निभाने वाले अभिनेता गजेंद्र चौहान हाल ही में प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे। उन्होंने संत प्रेमानंद के वृंदावन स्थित केली कुंज आश्रम में पहुंचकर उनके दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस छोटी सी मुलाकात के दौरान गजेंद्र चौहान ने महाभारत से अपना लोकप्रिय संवाद सुनाया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी से जुड़ा किस्सा भी सुनाया। आज सोमवार को भजन मार्ग के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें देखा जा सकता है कि गजेंद्र, संत प्रेमानंद से मिलते हुए अपना परिचय देते हैं। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा, युधिष्ठिर हम सबकी प्रेरणा थे। वे धर्म के अंश से जन्मे थे। इसलिए उनका किरदार निभाना भी अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी थी। इसके बाद गजेंद्र चौहान ने एक संवाद सुनाया। गजेंद्र चौहान ने महाभारत से अपना एक डायलॉग सुनाते हुए कहा कि महाभारत का यह संवाद अटल बिहारी वाजपेयी जी को बहुत पसंद था। वे जब भी उनसे मिलते थे, यही संवाद सुनने की इछा रखते थे।, जो कुछ इस तरह है- कोई भी पुत्र, कोई भी पिता, कोई व्यक्ति, कोई भी प्रतिज्ञा, कोई भी परंपरा राष्ट्र से ऊपर नहीं हो सकती। राष्ट्र की बात आएगी तो प्रतिज्ञा भी टूट जाएगी।


गजेंद्र चौहान ने भीष्म पितामह का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि भीष्म ने कठिन प्रतिज्ञा ली थी, लेकिन जब धर्म और श्रीकृष्ण की बात आती है तो प्रतिज्ञा तोड़ना भी धर्म बन जाता है। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा, बिल्कुल।

10 अक्तूबर 1956 को दिल्ली में जन्में एक्टर गजेंद्र चौहान ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी अहम किरदार अदा किए हैं, लेकिन मुख्य अभिनेता के तौर पर उन्हें लोकप्रियता हासिल नहीं हुई। बॉलीवुड से यादा गजेंद्र चौहान ने छोटे पर्दे पर नाम कमाया है। वे कई टीवी सीरियल्स में नजर आए हालांकि सही मायने में उन्हें पॉपुलैरिटी बीआर चोपड़ा के सुपरहिट पौराणिक सीरियल महाभारत से मिली।

# बेटी के साथ गाती हैं गाना, बैग में मिला थेपला

**पादुकोण**

**दीपिका पादुकोण अपनी बेटी दुआ पादुकोण को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने बच्ची की परवरिश और उसके लिए अपने प्यार के बारे में बात की।**



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी बेटी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि वह उसके साथ कैसै वक्त बिताती हैं।

दीपिका पादुकोण अपनी बेटी दुआ पादुकोण को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने बच्ची की परवरिश और उसके लिए अपने प्यार के बारे में बात की। उन्होंने बताया है कि वह एक मां के तौर पर कैसे जिंदगी गुजारती हैं। हार्पर बाजार इंडिया से बातचीत में दीपिका पादुकोण ने कहा, मेरा जुनून मेरी बेटी (दुआ) है। एक्ट्रेस ने अपनी छोटी बच्ची के साथ जिंदगी के कुछ मजेदार किस्से शेयर किए। उन्होंने बताया %मेरे बैग में सबसे अजीब चीज थेपला का एक टुकड़ा था जो वह (दुआ) खा रही थी। मुझे वह दो दिन बाद मिला। दीपिका ने मां बनने की छोटी-छोटी खुशियों के बारे में भी बात की और बताया, अच्छी बात यह है कि मैं अपनी बच्ची (दुआ) से बहुत ज्यादा आई लव यू कहती हूं। उन्होंने यह भी बताया कि वह अपनी बेटी के साथ मजाक में हेड, शोल्डर, नीज एंड टोज जैसे गाने कैसे गाती हैं। इस तरह की बातों से उनका रिश्ता और भी खास हो जाता है। आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने पिछले साल 8 घंटे काम करने की मांग की थी। यह मांग उन्होंने मां बनने के बाद की थी। हार्पर बाजार इंडिया से बातचीत में उन्होंने कहा था कि नई मांओं को काम पर लौटने के लिए सहयोग की जरूरत होती है। इसी वजह से उन्होंने ऐसा फैसला लिया है। दीपिका ने कहा कि हमने जरूरत से ज्यादा काम करना सामान्य मान लिया है। हम थकान को प्रतिबद्धता समझने की भूल करते हैं। इंसान के शरीर और दिमाग के लिए दिन में आठ घंटे काम करना काफी है।

# संजय मिश्रा को किस तरह के रोल पर आता है गुस्सा

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने फिल्मों में कई तरह के किरदार किए हैं। हाल ही में उन्होंने अपने किरादरों पर बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्हें किस तरह के रोल पर गुस्सा आता है। संजय मिश्रा अपकमिंग फिल्म वध 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में टाइपकास्ट होने के बारे में बात की। उन्होंने माना कि बार-बार एक जैसे रोल मिलने से कभी-कभी उन्हें चिड़चिड़ापन महसूस होता है। एएनआई के साथ बातचीत में संजय मिश्रा ने माना कि फिल्म इंडस्ट्री में पिछले काम की वजह से प्रोड्यूसर अक्सर उन्हें कॉमेडी रोल में ही लेते हैं। फिल्मों में टाइपकास्टिंग के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर एक्टर ने कहा, हां होता है। आपको टाइपकास्ट होना ही पड़ता है। प्रोड्यूसर्स को यह अच्छा लगता है। वह सोचते हैं कि अगर कोई कॉमेडी फिल्म है तो संजय मिश्रा इसे एक ही टेक में कर देंगे।

# ओलिविया डीन ने जीता ग्रैमी अवॉर्ड, अप्रवासी परिवार से ताल्लुक



**मुंबई।** 68वां ग्रैमी अवॉर्ड्स में सिंगर ओलिविया डीन ने भी ग्रैमी अवॉर्ड जीता है। इस मंच पर से उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इमीग्रेशन पॉलिसी का विरोध किया। जानिए, कौन है सिंगर ओलिविया? कैसे उनका संगीत जगत में आना हुआ?

ग्रैमी अवॉर्ड 2026 में कई संगीत जगत के कलाकारों ने शिरकत की। इस बार कुछ कलाकार ऐसे थे, जिन्हें पहली बार ग्रैमी अवॉर्ड मिला। इस सूची में सिंगर ओलिविया डीन भी शामिल रहीं। उन्होंने अवॉर्ड लेने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई प्रवासी नीति का विरोध किया। इस मंच पर अपनी जिंदगी और परिवार के बारे में जिक्र किया। जानिए, ओलिविया की जिंदगी और म्यूजिक करियर से जुड़ी खास बातें।

ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन का रोमांटिक एल्बम द आर्ट ऑफ लिविंग काफी पॉपुलर हुआ था। इस सिंगर ने अपने एल्बम के लिए ग्रैमी में बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का अवॉर्ड जीता। सिंगर, लिरिसिस्ट ओलिविया ने कई टेलीविजन और साउंडट्रैक्स के लिए अपनी आवाज दी है। सिंगर ने मैन आई नीड, ए कपल मिनट्स और सो इजी (टू फॉल इन लव) जैसे गानों से धूम मचा दी थी। म्यूजिक लवर्स को उनके गाने खूब पसंद आते हैं। सिंगर ओलिविया डीन को अमेजन म्यूजिक 2021 में ब्रेकथ्रू आर्टिस्ट ऑफ द ईयर के लिए नॉमिनेट किया गया था। उसी साल सिंगर को बीबीसी म्यूजिक इंट्रोड्यूसिंग आर्टिस्ट ऑफ द ईयर के लिए चुना गया। डीन ब्रिट अवार्ड के लिए तीन बार पहले भी नॉमिनेट हो चुकी हैं। यूके म्यूजिक सिंगल्स चार्ट में ओलिविया के चार सिंगल एक साथ लिस्ट हुए थे।

ग्रैमी में बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का खिताब जीतने वाली ओलिविया डीन के लिए यह राह आसान नहीं थी। उन्होंने लियोन थॉमस, एडिसन रे, द मारियास और लोला यंग जैसे सिंगर्स को हराकर ग्रैमी अपने नाम किया। ओलिविया पहली बार ग्रैमी में नॉमिनेट हुईं और पहली बार में ही अवॉर्ड जीत लिया। इस तरह वह उन विजेताओं की लिस्ट में शामिल हो गई हैं, जो पहली बार में ही नॉमिनेट होने पर ग्रैमी जीत गए थे।

सिंगर ओलिविया डीन ब्रिटिश मूल की हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ओलिविया एक जमैका, गुयानी घराने की मां और ब्रिटिश पिता की संतान हैं। उनकी मां बहुत पहले ही यूके छोड़ कर अमेरिका आ गईं। ओलिविया अमेरिका में पली-बढ़ी हैं। वह ग्रैमी जीतने के बाद मंच पर इमोशनल हो गईं। अपने अप्रवासी परिवार और जड़ों को उन्होंने याद किया। वह ग्रैमी के मंच पर कहती हैं, मैंने कभी सच में नहीं सोचा था कि मैं यहां तक आऊंगी। मैं यहां एक इमिग्रेंट की पोती के तौर पर हूं। अपने परिवार का जिक्र उन्होंने ग्रैमी के मंच पर इसलिए किया क्योंकि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इमीग्रेशन पॉलिसी के पक्ष में नहीं हैं। इस मंच पर अपने भाषण के जरिए वह ट्रंप का विरोध करती दिखीं।

# अल्लू अर्जुन ने राम चरण को जुड़वां बच्चों की दी बधाई

**मुंबई।** राम चरण और उपासना के घर डबल खुशियां आई हैं। उपासना ने हाल ही में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। इसी खुशी में अभिनेता अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर और मृणाल ठाकुर समेत कई सेलेब्स ने राम और उपासना को जुड़वां बच्चों के माता-पिता बनने की बधाई दी है।

साउथ अभिनेता राम चरण और उनकी पत्नी उपासना के घर हाल ही में दो जुड़वां बच्चों ने जन्म लिया है। 31 जनवरी 2026 को हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल में उपासना ने एक बेटा और एक बेटी को जन्म दिया। मां और दोनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं। वहीं राम चरण और उपासना को हर एक साउथ कलाकार माता-पिता बनने की बधाई दे रहे हैं और अपनी खुशी जता रहा हैं।

सबसे पहले सोशल मीडिया पर राम चरण के पिता चिरंजीवी ने यह खुशखबरी शेयर की।

# क्या बिग बॉस 19 का सारा क्लेश भूल गए फरहाना-अमाल मलिक

**मुंबई।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में अमाल मलिक और फरहाना भट्ट नजर आए थे। शो में कई बार दोनों का झगड़ा हुआ था। मगर, अब इनकी एक रोमांटिक फोटो वायरल हो रही है, जिसे देख लोग चौंक गए हैं।

अमाल मलिक और फरहाना भट्ट के बीच बिग बॉस 19 के दौरान कई बार झगड़ा हुआ। दोनों कई बार एक-दूसरे को नसीहत देते दिखे थे। शो खत्म हुए अब वक्त हो चुका है और लगता है अमाल और फरहाना ने भी पुराने लड़ाई-झगड़े और गिले-शिकवों पर धूल डाल दी है। फिलहाल तो इनकी एक रोमांटिक तस्वीर इंटरनेट पर वायरल है, जिसे देख नेटिजन्स सवाल कर रहे हैं।

बिग बॉस 19 में घर के अंदर रहते हुए अमाल मलिक और फरहाना भट्ट के बीच खूब तकरार हुई। मगर, अब सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में कुछ और ही तस्वीर नजर आ रही है। दोनों रोमांटिक अंदाज में एक-दूजे की बाहों में खोए हुए हैं। यह ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है। यह भी बता दें कि यह कोई एआई फोटो नहीं है, बल्कि असली है। इस फोटो का सीधा ताल्लुक इन दोनों के आगामी प्रोजेक्ट से है। फरहाना के साथ यह तस्वीर अमाल मलिक ने अपने एक्स अकाउंट से साझा की है। उन्होंने इसके साथ कोई कैप्शन नहीं लिखा है। इस फोटो को देख नेटिजन्स पूछ रहे हैं कि आखिर यह क्या है? कुछ यूजर्स तो पूछ रहे हैं कि क्या दोनों रिलेशनशिप में आ गए हैं? वैसे इस तस्वीर की सचाई फरहाना और अमाल के आगामी प्रोजेक्ट से जुड़ी है। बिग बॉस 19 के बाद दोनों को साथ में एक प्रोजेक्ट ऑफर हुआ, जो एक म्यूजिक वीडियो का है। इस म्यूजिक वीडियो की शूटिंग हो चुकी है। इसकी एक झलक अमाल ने आज सोमवार को एक्स अकाउंट से शेयर की है।



बीते दिनों बिग बॉस 19 के कंटेस्टेंट के लिए एक इवेंट रखा गया था। उस इवेंट के दौरान भी अमाल और फरहाना अपने इसी प्रोजेक्ट में बिजी थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस म्यूजिक वीडियो में दोनों की केमिस्ट्री कमाल होने वाली है। यह कब रिलीज होगा, इसे लेकर अभी दोनों की तरफ से कोई अपडेट नहीं दिया गया है।

# बजट से प्रॉपर्टी बाजार गुलजार होने के आसार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2026-27 के पेश होने के बाद दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे देश के शहरी इलाकों में घर निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिल सकता है। रहने के लिए अफोर्डेबल घरों से लेकर निवेश की दृष्टि से खरीदे जाने वाले घरों का दौर एक बार फिर वापस आ सकता है। यदि ऐसा होता है तो दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर प्रॉपर्टी की कीमतों में उछाल देखने को मिल सकता है। केंद्र सरकार ने बजट में निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। बजट में वित्त वर्ष 2026-27 में कैपिटल एक्सपेंडिचर को 12.2 लाख करोड़ निर्धारित किया गया है। यह पैसा रेल, सड़क, ब्रिज सहित अनेक योजनाओं में किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने दिल्ली से वाराणसी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के लिए सात बड़े हाई स्पीड कॉरीडोर बनाने का निर्णय लिया है। ये सड़कें या कॉरीडोर जिस भी मार्ग से गुजरते हैं, वहां प्रॉपर्टी बाजार को पंख लग जाते हैं। इस दृष्टि से बजट ने दिल्ली-एनसीआर के प्रॉपर्टी बाजार को एक और बूम देने का रास्ता साफ कर दिया है। सरकारी जमीन को मोनेटाइज करते हुए उसका उपयोग घर निर्माण कराने पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। देश की कई एजेंसियां अब ऐसी भूमि का लैंड यूज बदलते हुए उसे घर निर्माण के काम में लगा रही हैं। इसमें डीडीए के साथ-साथ अन्य एजेंसियां भी शामिल हैं।

# मनरेगा योजना की वापसी के लिए श्रमिकों का संघर्ष जारी, संसद घेरने की चेतावनी

**प्रदर्शन**

**मनरेगा कानून के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को जंतर-मंतर पर पूरे देश से आए मनरेगा श्रमिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया।**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त कर उसके स्थान पर जी राम जी योजना लाने का विरोध जारी है। सोमवार को जंतर-मंतर पर पहुंचे सैकड़ों मनरेगा श्रमिकों ने सरकार से जी राम जी योजना को वापस लेकर मनरेगा योजना को दुबारा लागू करने की मांग की।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त कर उसके स्थान पर जी राम जी योजना लाने का विरोध जारी है। सोमवार को जंतर-मंतर पर पहुंचे सैकड़ों मनरेगा श्रमिकों ने सरकार से जी राम जी योजना को वापस लेकर मनरेगा योजना को दुबारा लागू करने की मांग की। श्रमिकों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान संसद सत्र के दौरान ही जी राम जी योजना को वापस लेने की घोषणा नहीं की गई तो वे संसद घेरने के लिए मजबूर होंगे। मनरेगा कानून के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को जंतर-मंतर पर पूरे देश से आए मनरेगा श्रमिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों और मनरेगा संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि मनरेगा योजना केवल श्रमिकों के लिए आजीविका का साधन नहीं थी, बल्कि इसके कारण कोरोना जैसे आपात काल में देश के करोड़ों श्रमिकों को रोजगार देना संभव हो पाया। उनके अनुसार, केवल इसी योजना के कारण कोरोना काल के दौरान आपूर्ति व्यवस्था ठप नहीं पड़ने पाई और देश की अर्थव्यवस्था में गति बनी रही। श्रमिकों के अनुसार, ऐसे में सरकार को मनरेगा योजना को समाप्त करने का निर्णय नहीं लेना चाहिए।

मनरेगा बचाओ मोर्चा के संयोजक धीरज गाबा ने कहा कि मनरेगा की जगह जी राम जी योजना लाना कोई सुधार नहीं है, बल्कि यह दशकों के संघर्ष से हासिल मज़दूर अधिकारों को छीनने की साजिश है। मनरेगा बचाओ मोर्चा के प्रबल प्रताप शाही ने कहा कि विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण), 2025 ग्रामीण और खेतिहर मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस कानून को रद्द करने के साथ-साथ लेबर कोड समाप्त करने की घोषणा करनी चाहिए।

# संसद के बाद सोशल मीडिया बना अखाड़ा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का हवाला दिया, जिसका सत्तारूढ़ सांसदों ने विरोध किया, जिसके बाद से हंगामा मचा और सदन को स्थगित कर दिया गया। इसके बाद इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भाजपा और कांग्रेस आपस में भिड़ गए। पढ़ें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की एक टिप्पणी के सोशल मीडिया पर भी बवाल मच गया है। भारतीय जनता पार्टी ने जहां पूर्व सेना प्रमुख का एक वीडियो जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने एक पत्रिका का लेख साझा किया है। पहले यह जानते हैं कि ताजा विवाद कहां से शुरू हुआ है। आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) एमएम नरवणे की किताब में लिखे संस्मरण का जिक्र किया। हालांकि सत्तारूढ पार्टी के सांसदों ने हंगामा किया और कहा कि संसद में ऐसी किताब का हवाला नहीं दिया जा सकता, जो प्रकाशित न हुई हो।

भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसके साथ ही पार्टी ने लिखा, राहुल गांधी की शर्मनाक राजनीति। पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने स्पष्ट रूप से कहा है- जमीन का एक इंच भी नहीं खोया है। हम ठीक वहीं हैं, जहां हम थे। फिर भी अपनी झूठी कहानी को आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी ने तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया और एक पूर्व सेना प्रमुख को अपनी गंदी राजनीति में घसीट लिया। वो भी एक ऐसी किताब के जरिये, जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई है। पार्टी ने कहा, जब राजनीतिक एजेंडा देश और उसकी सशस्त्र सेनाओं से ऊपर आ जाता है, तो यह एक घोर राष्ट्रविरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

# राज्यसभा में स्पैम कॉल, विदेश पलायन से जुड़े मुद्दे उठे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में एक पीएफएएस रसायन निर्माण इकाई की जांच की मांग की। उन्होंने इसे खतरनाक रसायन बताते हुए आरोप लगाया कि इटली में विरोध के बाद बंद की गई मितेनी केमिकल प्लांट की मशीनरी एक भारतीय कंपनी को बेची गई। राज्यसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान विभिन्न दलों के सदस्यों ने स्पैम कॉल, युवाओं के विदेश पलायन, इलाज की बढ़ती लागत, साइबर सुरक्षा, इंटरनेट की कमी और मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे कई अहम मुद्दे उठाए।

सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए सांसद डॉ. फौजिया खान ने बताया कि वर्ष 2022 में 2.25 लाख, 2023 में 2.16 लाख और 2024 में 2.06 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी। उन्होंने दावा किया कि भारत अंतरराष्ट्रीय प्रवासन का सबसे बड़ा स्रोत है और लगभग 1.8 करोड़ भारतीय विदेशों में रह रहे हैं। खान के अनुसार, हर साल करीब 25 लाख भारतीय शिक्षा और रोजगार के लिए देश छोड़ते हैं। उन्होंने कहा, कोई देश तभी विश्वगुरु बन सकता है, जब उसके युवाओं को अपना भविष्य विदेशी वीजा और कैंपस में नहीं, बल्कि अपने देश की कक्षाओं, कार्यस्थलों और अवसरों में दिखे। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने डू नॉट कॉल सूची में पंजीकृत लोगों को किए जा रहे अनचाहे फोन कॉल का मुद्दा उठाते हुए इसे निजता का उल्लंघन बताया और दूरसंचार मंत्रालय से कार्रवाई की मांग की। समाजवादी पार्टी के सांसद जावेद अली खान ने राष्ट्रीय एकता परिषद को सक्रिय किए जाने की मांग की और कहा कि यह संस्था वर्तमान में निष्क्रिय हो चुकी है।

# स्टालिन वोट मांगेंगे केवल विजय का सपना डीएमके ने विजय के बयान का उड़ाया मजाक

**चेन्नई।** डीएमके ने विजय के बयान पर तंज कसा कि मुख्यमंत्री स्टालिन लोगों से टीवीके के पक्ष में वोट मांगेंगे। वहीं विजय ने अपनी पार्टी की ताकत और आगामी विधानसभा चुनाव में डीएमके को हराने का दावा किया।

तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। सोमवार को डीएमके ने टीवीके (तमिलगा वेत्री कझगम) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय के उस बयान पर तंज कसा, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन लोगों से टीवीके के पक्ष में वोट मांगेंगे।

डीएमके के प्रवक्ता टी.के.एस. एलंगोवन ने कहा तमिलनाडु की जीडीपी नंबर एक है, यह सब विजय के कारण है। सभी को शिक्षा मिल रही है।

उन्होंने राज्य के लोगों के लिए बहुत अच्छा काम किया है। और अब जब वे गहरी नींद में हैं, उन्हें लगता है कि मुख्यमंत्री उनके लिए वोट मांगेंगे। क्या शानदार सोच है।

टीवीके की स्थापना के दो साल पूरे होने के मौके पर विजय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में वास्तविक मुकाबला केवल टीवीके और डीएमके के बीच है। उन्होंने दावा किया टीवीके ही जनता की ताकत के दम पर डीएमके को हरा सकती है और सत्ता में आ सकती है।

विजय ने कहा यह चुनाव त्रिकोणीय या चार-कोने वाला नहीं है। एक है जनता द्वारा समर्थित टीवीके, दूसरा डीएमके, और तीसरा भाजपा और उसके सहयोगी। केवल टीवीके ही डीएमके को हराने में सक्षम है। उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आज हम लोगों और आपके समर्थन से बड़ी पार्टी बन गए हैं। आप मेरी ताकत हैं। हमारी पार्टी आप पर निर्भर करती है।

# प्राइवेट स्कूलों की फीस तय करने वाला कानून कब होगा लागू

**आदेश**

**सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें हाई कोर्ट के 8 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को दिल्ली की निजी स्कूलों में फीस नियंत्रित करने वाले नए कानून को लेकर सुनवाई हुई। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि यह कानून शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लागू नहीं किया जाएगा। अब यह कानून अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा।

जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। दिल्ली सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू पेश हुए। उन्होंने बेंच को बताया कि सरकार इस शैक्षणिक वर्ष में दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस का निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 को लागू नहीं करेगी।

सरकार के इस स्पष्टीकरण के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अब इस मामले में किसी और आदेश की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून से जुड़े सभी मुद्दों को दिल्ली हाई कोर्ट के सामने उठाने को कहा है। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट में इस कानून और इसके नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर पहले से ही सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें हाई कोर्ट के 8 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने उस समय निजी स्कूलों को फीस रेगुलेशन कमेटी बनाने का निर्देश देने वाले नोटिफिकेशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि, कमेटी बनाने का समय बढ़ा दिया गया था। सुनवाई के दौरान एक वकील ने कहा कि इस मामले में लाखों बच्चे और कई स्कूल शामिल हैं, इसलिए हाई कोर्ट को जल्द फैसला लेना चाहिए। इस पर बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट को इसकी जानकारी है। इससे पहले 19 जनवरी को भी सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को लागू करने के समय पर दिल्ली सरकार से सवाल किया था। कोर्ट ने कहा था कि शैक्षणिक सत्र के बीच में इसे लागू करना भ्रम पैदा कर सकता है।

यह नया कानून स्कूलों में फीस के नियम, अकाउंटिंग और अतिरिक्त शुल्क पर रोक लगाने जैसे कई प्रावधान करता है। यह कानून स्कूलों द्वारा ली जाने वाली कैपिटेशन फीस पर भी रोक लगाता है। हाई कोर्ट ने 8 जनवरी को स्कूलों को फीस कमेटी बनाने का समय 10 जनवरी से बढ़ाकर 20 जनवरी कर दिया था।

# 39 वर्षीय महिला फर्नांडीज राष्ट्रपति की दौड़ में आगे, मतगणना में मिली बढ़त

**रामोस**

**रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे स्थान पर मध्य-वामपंथी नेशनल लिबरेशन पार्टी के अल्वारो रामोस 30.05 प्रतिशत वोटों के साथ रहे।**



**कोस्टा रिका।** कोस्टा रिका के राष्ट्रपति चुनाव के शुरुआती परिणाम आने लगे हैं। इसके अनुसार दक्षिणपंथी, कानून-व्यवस्था समर्थक उम्मीदवार लौरा फर्नांडीज ने मजबूत बढ़त बना ली है। आइए जानते हैं किसे कितने फीसदी वोट मिले।

कोस्टा रिका के राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणपंथी कानून-व्यवस्था समर्थक उम्मीदवार लौरा फर्नांडीज ने शुरुआती दौर में मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत परिणामों के मुताबिक, प्रारंभिक मतगणना के आधार पर रविवार देर रात तक 31 प्रतिशत मतदान केंद्रों से प्राप्त मतों की गिनती से पता चला कि सत्तारूढ़ सॉवरेन पीपुल्स पार्टी (पीपीएसओ) की फर्नांडीज ने 53.01 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं, जिससे वह शुरुआती दौड़ में आराम से आगे चल रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे स्थान पर मध्य-वामपंथी नेशनल लिबरेशन पार्टी के अल्वारो रामोस 30.05 प्रतिशत वोटों के साथ रहे। वहीं, पूर्व प्रथम महिला क्लाउडिया डोबल्स 3.9 प्रतिशत वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इन आंकड़ों के साथ, फर्नांडीज को अब स्पष्ट जीत हासिल करने और 5 अप्रैल को होने वाले दूसरे दौर के चुनाव से बचने के लिए कम से कम 40 प्रतिशत वोटों की आवश्यकता है। उनकी लोकप्रियता में यह उछाल ऐसे समय आया है जब 39 वर्षीय राजनेता मौजूदा राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस के चुने हुए उत्तराधिकारी के रूप में चुनाव प्रचार कर रही हैं। उनके कड़े सुरक्षा एजेंडे को आगे बढ़ाने का वादा कर रही हैं।

हाल के वर्षों में परंपरागत रूप से शांतिपूर्ण रहे मध्य अमेरिकी देश में अपराध में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा कई मतदाताओं के लिए एक निर्णायक मुद्दा बन गई है। अल जजीरा के अनुसार, जहां कुछ लोग हिंसा पर अंकुश लगाने में विफल रहने के लिए चावेज प्रशासन को दोषी ठहराते हैं। वहीं अन्य लोग उनके टकरावपूर्ण दृष्टिकोण को व्यवस्था बहाल करने का सबसे मजबूत विकल्प मानते हैं। फर्नांडीज ने खुद को चावेस के साथ घनिष्ठ रूप से जोड़ लिया है, क्योंकि उन्होंने पहले उनकी राष्ट्रीय योजना और आर्थिक नीति मंत्री के रूप में और बाद में राष्ट्रपति पद की मंत्री के रूप में कार्य किया है। राष्ट्रपति चुनाव के साथ-साथ, कोस्टा रिका के लोगों ने 57 सीटों वाली राष्ट्रीय सभा के सदस्यों का भी चुनाव किया। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, चावेज की पार्टी को बढ़त मिलने की उम्मीद है, हालांकि हो सकता है कि उसे चावेज और फर्नांडीज द्वारा अपेक्षित बहुमत न मिले, जिससे उनके गुट को अन्य शक्तियों के साथ-साथ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करने का अधिकार मिल जाएगा। अगर 20 उम्मीदवारों ने चुनाव में भाग लिया, लेकिन प्रारंभिक और आंशिक परिणामों से पता चला कि फर्नांडीज और रामोस के अलावा कोई भी उम्मीदवार 5 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

# जोहरान ममदानी का न्यूयॉर्क में विरोध एपस्टीन विवाद से जुड़ा है मां मीरा नायर का नाम

**सीगल**

**यह विवाद 21 अक्तूबर 2009 की एक ईमेल से जुड़ा है, जो अमेरिकी पब्लिसिस्ट पेगी सीगल द्वारा भेजी गई थी।**



**नई दिल्ली।** एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज सामने आने के बाद न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी को ग्रेसी मैंशन के बाहर विरोध झेलना पड़ा। दस्तावेजों में उनकी मां, फिल्ममेकर मीरा नायर का नाम 2009 की एक ईमेल में दर्ज है। प्रदर्शनकारियों ने समर्थन के बावजूद धोखा देने का आरोप लगाया।

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी को ग्रेसी मैंशन के बाहर कुछ लोगों के विरोध और नारेबाजी का सामना करना पड़ा। यह घटना अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने के बाद सामने आई, जिनमें उनकी मां और मशहूर फिल्ममेकर मीरा नायर का नाम एक ईमेल में दर्ज है।

मेयर के आधिकारिक आवास ग्रेस मैंशन के बाहर जुटे लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने ममदानी का समर्थन किया था, लेकिन अब उन्हें धोखा महसूस हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमने आपके लिए वोट किया, आपके लिए आवाज उठाई लेकिन आपने हमसे झूठ बोला।

यह विवाद 21 अक्तूबर 2009 की एक ईमेल से जुड़ा है, जो अमेरिकी पब्लिसिस्ट पेगी सीगल द्वारा भेजी गई थी। ईमेल में दोषी यौन तस्कर घिसलेन मैक्सवेल के टाउनहाउस में आयोजित एक फिल्म स्क्रीनिंग के बाद हुए आफ्टर पार्टी का जिक्र है। ईमेल के मुताबिक, उस कार्यक्रम में बिल क्लिंटन, जेफ बेजोस, जीन पिगोजी और निर्देशक मीरा नायर सहित कई हाई-प्रोफाइल लोग मौजूद थे।

ईमेल में फिल्म का नाम नहीं दिया गया, लेकिन संदर्भ 2009 में रिलीज मीरा नायर की फिल्म अमेलिया से जोड़ा जा रहा है, जिसमें हिलेरी स्वैंक और रिचर्ड गेरे ने अभिनय किया था। बीते शुक्रवार को अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन से जुड़े रिकॉर्ड्स का एक बड़ा नया सेट सार्वजनिक किया। यह रिलीज एपस्टीन फाइल्स पारदर्शिता अधिनियम के तहत हुई, जिस पर 19 नवंबर 2025 को राष्ट्रपति ट्रंप ने हस्ताक्षर किए थे।

नए दस्तावेजों में 30 लाख से अधिक पेज, 2,000 से ज्यादा वीडियो और करीब 1.8 लाख तस्वीरें शामिल हैं। ये रिकॉर्ड्स फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क के मामलों, मैक्सवेल के खिलाफ केस, एपस्टीन की मौत की जांच, एफबीआई और इंस्पेक्टर जनरल की जांचों सहित कई स्रोतों से जुटाए गए हैं। 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने 1 जनवरी को न्यूयॉर्क सिटी के मेयर का पद संभाला। उन्होंने चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्र्यू कुओमो और रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा को हराया।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 10 साल की जेल



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को ढाका की स्पेशल जज कोर्ट-4 के जज रबीउल आलम ने भ्रष्टाचार से जुड़े दो मामलों में 10 जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ कोर्ट ने उनके परिवार के सदस्यों को भी सजा सुनाई है। बता दें कि, शेख हसीना पर जमीन आवंटन में नियमों के उल्लंघन का आरोप है।

बांग्लादेश की एक अदालत ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में कुल 10 साल की जेल की सजा सुनाई है। ये मामले सरकार की एक आवासीय योजना में जमीन के आवंटन में गड़बड़ी से जुड़े हैं। ढाका की स्पेशल जज कोर्ट-चार के जज रबीउल आलम ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोनों मामलों में शेख हसीना को पांच-पांच साल की सजा दी।

ये मामले राजधानी ढाका के पास पूर्बाचोल इलाके में चल रही राजुक न्यू टाउन परियोजना से जुड़े हैं। आरोप है कि वहां दो 10-काठा के प्लॉट गलत तरीके से आवंटित किए गए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नियमों को तोड़ा और जमीन आवंटन की प्रक्रिया में हेरफेर की। यह परियोजना राजधानी विकास प्राधिकरण (राजधनी उन्नयन कर्तृपक्खा) यानी राजुक के तहत आती है।

इन मामलों में शेख हसीना के साथ उनके परिवार के कई सदस्यों को भी दोषी ठहराया गया है। इसमें तुलिप सिद्दीकी को कुल चार साल की जेल, रदवान मुजीब सिद्दीकी और अजमीना सिद्दीकी को सात-सात साल की जेल की सजा मिली है। वहीं राजुक के सदस्य मोहम्मद खुर्शीद आलम, जिन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण किया था, को दो साल की सजा मिली है। सभी दोषियों पर एक लाख टका जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न देने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी।

शेख हसीना फिलहाल भारत में रह रही हैं। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद वे देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इससे पहले अदालत उन्हें भगोड़ा भी घोषित कर चुकी है।

ये दोनों मामले बांग्लादेश के भ्रष्टाचार विरोधी आयोग (एसीसी) ने दर्ज किए थे।

# डिजिटल ठगी के खिलाफ चीन की सख्त कार्रवाई, म्यांमार स्कैम गिरोह के चार दोषियों को फांसी



**ताइपे।** चीन ने म्यांमार में स्कैम नेटवर्क चलाने वाले चार अपराधियों को फांसी दी है। इन पर चार अरब डॉलर की ठगी और छह लोगों की हत्या का कारण बनने का आरोप था। इस गैंग पर गई गंभीर आरोप है। चीन अब ऐसे अंतरराष्ट्रीय गिरोहों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है।

चीन ने म्यांमार में सक्रिय एक बड़े स्कैम नेटवर्क के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी दी कि चीन ने चार लोगों को फांसी दे दी। इन लोगों को छह चीनी नागरिकों की हत्या और चार अरब डॉलर से ज्यादा का धोखाधड़ी और जुए का काला कारोबार चलाने का दोषी पाया गया था।

दक्षिण चीन की शेनझेन इंटरमीडिएट पीपल्स कोर्ट ने सोमवार सुबह एक आधिकारिक बयान में फांसी की घोषणा की। हालांकि, बयान में यह नहीं बताया गया कि उन्हें फांसी कब दी गई। इससे पहले पिछले हफ्ते भी म्यांमार में स्कैम सेंटर चलाने के 11 अन्य लोगों को फांसी देने का एलान हुआ था।

शेनझेन कोर्ट ने पिछले साल नवंबर में पांच लोगों को मौत की सजा सुनाई थी। इनमें कुख्यात बाई परिवार के सदस्य भी शामिल थे। यह परिवार स्कैम सेंटर और कसीनो का एक बड़ा नेटवर्क चलाने के लिए जाना जाता था। कोर्ट ने कहा, आरोपियों में से एक ग्रुप लीडर बाई सुओचेंग की सजा के बाद बीमारी से मौत हो गई। थी।

इस गिरोह ने चीन की सीमा से सटे म्यांमार के कोकांग क्षेत्र में बड़े इंडस्ट्रियल पार्क बनाए थे। इन पार्कों से वे जुआ और टेलीकॉम स्कैम का धंधा करने का आरोप था। इन पर अपहरण, जबरन वसूली और ड्रग्स बनाने जैसे गंभीर आरोप भी थे। कोर्ट के मुताबिक, इन्होंने पीड़ितों से 29 अरब युआन की ठगी की। इनके अपराधों की वजह से छह चीनी नागरिकों की जान गई और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

कोर्ट ने अपने बयान में कहा कि इन लोगों के अपराध बहुत जघन्य थे। इनके कामों से समाज को बड़ा खतरा पैदा हुआ था। आरोपियों ने पहले इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, लेकिन हाई कोर्ट ने उनकी दलीलें खारिज कर दीं।

यह कार्रवाई दक्षिण-पूर्व एशिया में चल रहे स्कैम ऑपरेशंस पर चीन की कार्रवाई का हिस्सा है। म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे देशों में स्कैम पार्क अब एक बड़े उद्योग का रूप ले चुके हैं। यहां तस्करी करके लाए गए मजदूरों से दुनिया भर के लोगों के साथ डिजिटल ठगी कराई जाती है। अब अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद इन अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

# बलूचिस्तान में एक साथ कई हमले

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी के भीषण हमलों में 50 लोगों की मौत हो गई। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना ने 40 घंटों में 145 विद्रोहियों को मार गिराया। जानकारी के मुताबिक, विद्रोहियों ने बाजारों और स्कूलों को निशाना बनाया था।

बलूचिस्तान में विद्रोहियों ने एक साथ कई जगहों पर बड़े हमले किए। इन हमलों में करीब 50 लोगों की जान चली गई। मरने वालों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक शामिल हैं। प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में 40 घंटों के भीतर 145 विद्रोहियों को ढेर कर दिया।

विद्रोहियों ने प्रांतीय राजधानी क्वेटा, ग्वादर, मस्तंग और नोशकी जिलों में एक साथ हमले किए। हमलावर आम लोगों के वेशभूषा में आए थे। उन्होंने अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों और बाजारों में घुसकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं।

## पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** दबंगों द्वारा अवरूद्ध रास्ते किए गए रास्ते को खुलवाने को लेकर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा और न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को सौंपे गए शिकायती पत्र में तरवा थानांतर्गत विशुनपुर (धिर धार) निवासी रामवृक्ष चौहान पुत्र स्व. इन्द्रजीत चौहान ने बताया कि गांव में स्थित पुस्तैनी घर के रास्ते को विपक्षी ने अवरूद्ध कर दिया है। जबकि उनके पट्टिदार द्वारा समझौता में नाली व खड़ंजा हेतु जगह देने की बात कहीं गई थी। समझौता उपरांत इधर दस दिनों से उक्त रास्ते को दबंग विपक्षी ने बांस-बल्ली लगाकर अवरूद्ध कर घर में आने जाने नहीं दे रहे है और जानमाल की धमकी दे रहे है। पीड़ित का आरोप है कि अवरूद्ध रास्ते को लेकर जब वह जब तरवां थाने पर जाता है तो उसे डांटकर भगा दिया जाता है। अवरूद्ध रास्ते को खोले जाने को लेकर पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## बच्चों का भविष्य ही देश का भविष्य है : डॉ. अब्दुल

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** डालिम्स सनबीम स्कूल, जौनपुर के विद्यालय परिसर में गत रात्रि वार्षिक मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर हो गया। यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए एक यादगार अवसर बन गया।

कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि डॉ अब्दुल कादिर खान (अध्यक्ष, मोहम्मद हसन इंस्टीट्यूशनल ग्रुप), विशिष्ट अतिथि जेएमएस ग्रुप के चेयरमैन जितेंद्र यादव तथा विशेष अतिथिगण डॉ. क़मर अब्बास, डॉ. हैदर अब्बास, आर.पी. सिंह, हसनैन कमर दीपु एवं अहमद अब्बास खान की गरिमामयी उपस्थिति से और बढ़ी। अतिथियों की मौजूदगी ने विद्यार्थियों का उत्साह दोगुना कर दिया। विद्यार्थियों ने नृत्य, समूहगान, नाट्य मंचन एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मंच कौशल स्पष्ट रूप से झलक रहा था। सुसज्जित परिसर, आकर्षक खेल स्टॉल और मेले का उल्लासपूर्ण माहौल संध्या को और भी यादगार बना गया।

मुख्य अतिथि डॉ अब्दुल कादिर खान ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समग्र शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को प्रेरणादायी बताया। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र यादव ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे सकारात्मक एवं पोषणकारी शैक्षिक वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सम्मानित स्टाफ सदस्य नवाल अहमद, फातेमातुज़्ज़ेहरा, नेदा एवं सबा वाजिया सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अलका गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए अभिभावकों के विश्वास, विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी, अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति तथा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के अथक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इसी अवसर पर डालिम्स स्कूल डायरेक्टर डॉ. ज़ारिया जैनब ने भी पधारे हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके निरंतर सहयोग और विश्वास के लिए आभार प्रकट किया। यह वार्षिक मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एक बार फिर विद्यालय की एकता, रचनात्मकता और उत्कृष्टता की भावना का जीवंत उदाहरण सिद्ध हुआ।

## देवघर पुस्तक मेला में अरविंद चित्रांश की तीन पुस्तकें आकर्षण का केंद्र बनी

**आजमगढ़।** गौरवशाली पूर्वांचल की भारतीय परंपरा में 29वां देवघर पुस्तक मेला में राजसूर्य प्राकाशन के प्रभारी अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव एवं मीनू पब्लिकेशन दिल्ली एवं अन्य प्रकाशको द्वारा 23 जनवरी 2025 से 2 फरवरी 2026 तक लगे ऐतिहासिक 29वां देवघर पुस्तक मेला में कई प्रकाशकों और हजारों पुस्तकों के बीच आजमगढ़ निवासी, पूर्वांचल के जाने-माने प्रमुख सामाजिक एवं सांस्कृतिककर्मी, लोककला संरक्षक एवं प्रधान संपादक अरविंद चित्रांश की तीन पुस्तकें- गौरवशाली पूर्वांचल (भारत की गौरव गाथा.....) एवं भोजपुरी फिल्मों एवं लोक संगीत से भोजपुरी वासियों का सरोकार और तीसरी पुस्तक भारतीय लोक संस्कृति एवं भोजपुरी भाषा,कला संस्कृति पर आधारित प्रसिद्ध लोकनाट्य- बिटिया की विदाई जो श्रीराम का आदर्श,सीता का त्याग और पारंपरिक संस्कार गीतों पर आधारित लोकनाट्य है।

## परीक्षाओं व महाशिवरात्रि को लेकर धारा 163 लागू

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट श्याम लता आनन्द ने बताया कि माह फरवरी में दि. 07, 08 फरवरी को केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटईटी)-2026 व भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सी.आई.एस.सी.ई.) द्वारा वर्ष 2026 एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) वर्ष 2026 हाइस्कूल, इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं दि. 17 फरवरी से 06 अप्रैल तक एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2026 की हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं दि. 18 फरवरी से प्रारंभ होकर दि. 12 मार्च तक आयोजित करायी जायेंगी इसके अतिरिक्त दि. 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया जायेगा, उक्त त्यौहार एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत असामाजिक एवं अराजक तत्वों के साथ-साथ कतिपय संगठन अपने निहित स्वार्थो की पूर्ति करने के लिए विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, वर्गो एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर लोक परिशान्ति विक्षुब्ध करने में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये जनशांति, जनसुरक्षा को बनाये रखने हेतु जनपद की सीमान्तर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-163 भा.ना.सु.सं. लागू की जाती है। उन्होने बताया कि यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में दि. 28 फरवरी 2026 की रात्रि तक प्रभावी रहेगा, जब तक कि इसे बीच में वापस न ले लिया जाये, इस आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लघंन भा.ना.सु.सं-2023 की संगत धाराओं के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सर्वोदय पब्लिक स्कूल, हरवंशपुर, आजमगढ़ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील दत्त द्वारा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए छात्रों को महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विशिष्ठ अतिथि नवीन वर्मा द्वारा तेज गति से व 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने हेतु समझाया गया। अन्य वक्ताओं द्वारा भी यातायात नियमों के बारे में बताते हुए छात्र/छात्राओं को नियमों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विशेष कार्य करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्त में राजेन्द्र प्रसाद, द्वारा सड़क सुरक्षा की गम्भीरता को बताते हुये सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील दत्त, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आजमगढ़, विशिष्ट अतिथि नवीन वर्मा, ए.सी.एफ., कृपाशंकर पाठक, अध्यक्ष, आटो यूनियन, राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रबन्धक सर्वोदय पब्लिक स्कूल, अतुल कुमार यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आजमगढ़, संजय पाल, यातायात निरीक्षक, स्काउट गाइड के अवधेश यादव एवं स्काउट गाइड /एन.सी.सी. के कैडेट, शिक्षक, छात्र/छात्राएं इत्यादि उपस्थित रहे।

## महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वी के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए गुडलक पार्टी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विदाई समारोह की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक- डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य- रामनयन मौर्य, उप प्रधानाचार्य- एसएन यादव एवं कोऑर्डिनेटर- आनंद मौर्य ने मां सरस्वती जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह की भव्य शुरुआत की। तत्पश्चात विद्यालय के 11वीं के छात्राओं ने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, फूलों की वर्षा कर और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। विद्यालय द्वारा 12वीं एवं 10वीं के सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य- रामनयन मौर्य एवं उप प्रधानाचार्य- एसएन यादव ने सप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया।

विद्यालय के 9वीं एवं 11वीं के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सब का मन मोह लिया । समारोह में हास्य नाटिका ने सबको हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया जिसे कक्षा नौवीं के छात्राओं ने मिलकर किया था। समारोह के दौरान सभी विषयों के अध्यापकों ने अपने-अपने संबोधन में बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी एवं परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों से सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल का प्रयोग कम से कम करें और अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें क्योंकि यही एक समय है जिसमें आप अपनी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य ने बताया परीक्षा नजदीक है हमें धैर्यपूर्वक अपनी तैयारी को करना है क्योंकि एक यही समय है जब हम अपनी मेहनत और लगन से परीक्षा को अच्छे नंबरों से पास हो सकते हैं। उन्होंने छात्रों से बचपन की यादों को संजोने और एक आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया। उप प्रधानाचार्य एसएन यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं विदाई समारोह के दिन सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और प्रगति के पद पर निरंतर आगे बढ़ाने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, दिनेश यादव, रामचरण मौर्य, मीनाक्षी अस्थाना, किशन यादव, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, अजय यादव, राहुल तिवारी, आरोही मोदनवाल, प्रेमा यादव,अजय यादव, आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## शिक्षा एक सतत और सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** शिक्षा एक सतत और सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया है जिसमें कर्म करते रहने से अधिकार स्वतः प्राप्त होते है उक्त बातें पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने रामआधार सिंह इंटर कालेज बैजारामपुर के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कही। आगे उन्होंने कहाकि यह विद्यालय बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है यही कारण है कि यहां पढ़ रहे बच्चों में प्रत्येक वर्ष कोई न कोई जिला व प्रदेश लेबल पर टॉप करता है। भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह ने कहाकि इस विद्यालय का उद्देश्य छात्र-छात्राओ को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा है, तभी विद्यालय के बच्चे हर वर्ष एक विशेष स्थान बनाये रखते हैं। इस मौके पर सत्येन्द्र सिंह फंटू, श्यामराज सिंह, अखिलेश सिंह, धर्मेन्द्र, सत्यम सहित आदि शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों का आभार प्रबंधक विनोद सिंह ने व्यक्त किया।

## नेशनल इंटर कॉलेज पट्टीनरेंद्रपुर में संत रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**जौनपुर (खुटहन) (अवधनामा संवाददाता)** नेशनल इंटर कॉलेज पट्टीनरेंद्रपुर में महान संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांत संघ चालक अंगराज जी द्वारा संत रविदास जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि अंगराज जी ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी ने समाज में सामाजिक समरसता और समानता की अलख जगाई। उन्होंने जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य किया। आज आवश्यकता है कि समाज संत रविदास के विचारों को अपनाकर सभी प्रकार के भेदभाव से मुक्त हो और सामाजिक समरसता को मजबूत करे। विशिष्ट अतिथि जिला संघ चालक सुभाष जी ने संत रविदास जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभाकर जी तथा संचालन सामाजिक समरसता प्रमुख अवधेश जी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विधायक रमेश सिंह, ऋषिकेश त्रिपाठी, रजनीश, हरिओम, बृजेश, सुरेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र, राणा प्रताप, नितिन तथा वरिष्ठ भाजपा नेता व पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम एवं कृषि विभाग को सभी किसानों की आईडी बनवाने के दिए निर्देश

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम किसान) की अगली किश्त पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना की अगली किश्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी, जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराया होगा। किसानों को जागरूक करने के लिए कैंप लगेंगे- उन्होंने जिलाधिकारियों से व्यक्तिगत रुचि लेकर इस कार्य में तेजी लाने को कहा मुख्य सचिव ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण को त्वरित गति से पूरा किया जाए। किसानों को जागरूक करने के लिए ग्राम स्तर पर कैंप आयोजित किए जाएं और रजिस्ट्री टीमों को सक्रिय रखा जाए। पूर्ण पारदर्शिता और सतर्कता बरतते हुए सुनिश्चित किया जाए कि कोई पात्र किसान रजिस्ट्री के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न रहे। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक में बताया गया कि जनपद में पीएम किसान के कुल 879354 लाभार्थियों में से अब तक 537530 (61.13 प्रतिशत) किसानों ने ही फार्मर रजिस्ट्री कराई है शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री 31 मार्च 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिया गया है। उक्त के अनुपालन में जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं उप कृषि निदेशक को पत्र लिखकर प्रति तहसील प्रतिदिन सर्वोच्च प्राथमिकता के दृटिगत 1500 फार्मर रजिस्ट्री बनवाने का निर्देश दीए है ताकि कोई भी पात्र कृषक योजना से वंचित न हो सकें।

## मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम दुकान पर टॉफी लेने गई चार साल की मासूम के साथ दुकानदार ने दुष्कर्म का प्रयास किया।

करेली थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम दुकान पर टॉफी लेने गई चार साल की मासूम के साथ दुकानदार ने दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके चीखने पर इकट्ठा हुए लोगों को देखकर आरोपी भागने लगा तो ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मासूम को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव का परिवार मजदूरी कर भरण पोषण करता है। रविवार शाम परिवार की एक चार साल की बच्ची टॉफी लेने पड़ोस में स्थित एक दुकान पर गई थी। इस दौरान दुकानदार ने मासूम को अपने कमरे में बुलाया और दुष्कर्म का प्रयास किया। मासूम की चीख सुनकर जब लोग उधर पहुंचे तो आरोपी भागने लगा। इस दौरान ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पीटा और सूचना करेली पुलिस को दी।

## कल्पवासियों की वापसी हेतु डीसीपीसी के स्वयंसेवक तैनात

अवधनामा संवाददाता



**माघी पूर्णिमा पर घाटों, चौराहों, मार्गों, रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर संभाली यातायात व्यवस्था**

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर एक माह से कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों को स्नान उपरांत उनके निज निवास तक सुरक्षित पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अपराध निरोधक समिति (डीसीपीसी), प्रयागराज के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने 1 फरवरी को व्यापक स्तर पर यातायात एवं सहयोगात्मक सेवा कार्य किया। समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी एक दिन पूर्व ही माघ मेला क्षेत्र में शिविर के माध्यम से उपस्थित होकर प्रमुख घाटों, चौराहों एवं संपर्क मार्गों पर तैनात हो गए थे। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं के उनके गंतव्य मार्गों की ओर सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सैकड़ों स्वयंसेवकों ने यातायात व्यवस्था संभाली और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सेवा कार्य किया। यह संपूर्ण सेवा कार्य प्रदेश चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव, वाइस चेयरमैन आर.एस. वर्मा तथा पूर्व आईएएस एवं सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। समिति ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए माघी पूर्णिमा पर्व को सकुशल संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज के सेवा कार्य में तहसील कोराव से नरेंद्र देव मिश्रा, थाना खीरी से सुभाष चंद्र जायसवाल, थाना मेजा से हरिशंकर यादव व आफताब, थाना हंडिया से राम सजीवन व ऋषि राज, थाना होलागढ़ से शिव शंकर, थाना अतरसुया से अनिल कुमार पांडेय, थाना कोतवाली से श्रवण कुमार गौड़, थाना मुट्ठीगंज से मनोज सिंह, थाना जॉर्ज टाउन से सुरेश कुमार, थाना धूमनगंज से प्रेमचंद स्वर्णकार, आदि सैकड़ों स्वयं सेवकों द्वारा की गई। जिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समिति के स्वयंसेवकों को सेवा कार्य हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## यूजीसी गाइडलाइंस लागू करने के लिए प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** यूजीसी इक्विटी नियमावली लागू करने की मांग को लेकर सामाजिक संगठनों ने जुलूस निकालकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी गाइडलाइंस लागू करो, जाति जनगणना कराओ, न्याय पालिका में प्रतिनिधित्व की गारंटी करो, रोहित वेमुला अमर रहें, पायल ताड़वी अमर रहें के नारे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी के अपने आँकड़े ही बताते हैं कि 2019 से 2024 के बीच विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों में 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस लिहाज से विश्वविद्यालयों-कॉलेजों को जाति भेदभाव व उत्पीड़न से मुक्त बनाने की दिशा में यूजीसी इक्विटी नियमावली न्यूनतम कोशिश है। इसे तत्काल लागू किया जाए। सामाजिक न्याय के लिए ठोस व सुसंगत नीतियां व योजनाएं बने, इसके लिए जरूरी है कि जाति जनगणना हो। जाति जनगणना की घोषणा के बाद अभी जारी जनगणना फॉर्म में जाति का कॉलम नहीं है, जाति जनगणना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सामाजिक न्याय के सवालों पर न्यायालय के रवैये पर वक्ताओं ने कहा कि भारत की न्यायपालिका, विशेषकर संविधान पीठों में, सामाजिक विविधता एवं प्रतिनिधित्व का अभाव लोकतंत्र की आत्मा को कमजोर करता है। ऐसे में संविधान पीठ में अनिवार्य रूप से एसटी-एससी व ओबीसी को सम्मिलित किया जाना चाहिए और न्यायपालिका में एससी-एसटी व ओबीसी के प्रतिनिधित्व की गारंटी होनी चाहिए। इस सभा को कामरेड जयप्रकाश नारायण, किसान नेता राजीव यादव, वीरेंद्र यादव, सत्यम प्रजापति, महेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, शिव शंकर पेरियार और यमुना प्रजापति ने सम्बोधित किया।

## केंद्र सरकार में केवल दो लोगों की चलती है

**सस्पेंशन के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे, कहा- दिल्ली से बड़ा आंदोलन शुरू**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में इस्तीफा देकर पूरे देश में चर्चा में आए बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री प्रयागराज पहुंचे हैं।

प्रयागराज में अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन की कार्रवाई को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। इसी सिलसिले में वह प्रयागराज में अपने विधि सलाहकारों से मिले। उनका कहना है कि वह निलंबन को चैलेंज करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंनें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपना नर्म रुख दिखाया, लेकिन केंद्र सरकार पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र सरकार एक कम्पनी की तरह चल रही हैं। इसमें सिर्फ दो लोगों की ही चलती हैं, एक मोदी की दूसरे अमित शाह की उन्होंने कहा कि एससी एसटी एक्ट में संशोधन कराना ही उनकी मुख्य लड़ाई है। इसके लिए दिल्ली से बड़ा आंदोलन शुरू होगा।

अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि देश इस समय बहुत अस्थिरता की स्थिति में गुजर रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार का जो गणतंत्र का कॉन्सेप्ट होता है, जो सिद्धांत होता है, जो रिपब्लिक, वह बिल्कुल इस समय छिन्न-भिन्न हो चुका है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के संबंध अच्छे नहीं हैं। चाहे किसी भी प्रदेश में देखें, कहीं न कहीं इतना हस्तक्षेप है। जो केंद्र सरकार के पास तंत्र है, उसे मैं आजकल वेस्ट इंडिया कंपनी बोलता हूं-काले अंग्रेजों की कंपनी, जो दो लोगों द्वारा चलाई जा रही है मोदी और अमित शाह के द्वारा सीईओ और एमडी की हैसियत से। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि इस सरकार के पास तीन केंद्रीय तंत्र हैं, जिनसे ये एमपी, एमएलए और राज्यों के सीएम को कंट्रोल करते हैं। प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो, और आयकर विभाग जैसा कि आपने देखा, यूजीसी रेगुलेशन 2026, जो 13 जनवरी 2026 को बजट में प्रकाशित हुआ, इससे पूरे देश में उबाल आ गया। हम लोग प्रशासनिक हैं और किसान यूनियन, ओबीसी समाज, क्षत्रिय करणी सेना, ब्राह्मण समाज, सवर्ण सेना आदि से जुड़े हैं। जब हमने इन्हें बताया कि ये सिविल वॉर सिचुएशन क्रिएट कर देगी, तो बरेली में पैराडॉक्स प्रदर्शन हुआ। उसके बाद देशभर में धरने बढ़े। लेकिन गोदी मीडिया (मेनस्ट्रीम मीडिया) ने इग्नोर किया। इसलिए हमने रिजाइन किया-तब मीडिया को मजबूरी में कवर करना पड़ा। भाजपा के कलराज मिश्र ने 28 तारीख को इसे असंवैधानिक कहा, लेकिन केंद्र के निकम्मे नेता शर्म न करने वाले, ईडी की धमकी से डरे रहते हैं। ये सजातीय ब्राह्मण नहीं, पैसा बचाने वाले हैं, धर्म परिवर्तन कर लेते हैं।

## संगम पर स्नान, दान और सेवा जीवन को पवित्र करने वाला: स्वामी विनयानन्द गिरी

अवधनामा संवाददाता

**पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति ने किया भंडारे का आयोजन**

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व श्री हरि धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरि जी महाराज ने किया। संगम क्षेत्र में आयोजित इस भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, साधु-संतों एवं आम जनमानस ने सुबह नौ बजे से शाम दस बजे तक निरंतर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरि जी महाराज ने माघी पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माघ मास में संगम पर किया गया स्नान, दान और सेवा जीवन को पवित्र करने वाला होता है। माघी पूर्णिमा का स्नान विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन श्रद्धालु अपने समस्त पापों से मुक्त होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारा सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसमें सेवा भावना के साथ सभी को एक समान सम्मान दिया जाता है। स्वामी विनयानंद गिरि ने बताया कि भंडारे का मुख्य उद्देश्य भूखे को भोजन, प्यासे को जल और जरूरतमंद को सहारा देना है। उन्होंने कहा कि सेवा और दान से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। इसी भावना के साथ श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति हर वर्ष माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में निरंतर जुटी रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि माघ मेले के दौरान संयम, स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखें तथा धर्म के मार्ग पर चलें। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए उत्तम एवं सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई थी। और सुबह नौ बजे से रात दस बजे तक निरंतर भंडारा चलता रहा। समिति के स्वयंसेवकों ने पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ सेवा कार्य किया। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष ध्यान रखा गया, जिससे सभी को सुविधा पूर्वक प्रसाद प्राप्त हो सके। आयोजन स्थल पर स्वच्छता, पानी, बैठने और सुरक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। हर-हर महादेव और गंगा मैया की जय के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। अंत में महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरि जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है और इसी से समाज का कल्याण संभव है। इस आयोजन में मंगल पटेल, योगेश वर्मा, पन्ना लाल कुशवाहा, अमृत लाल शर्मा, रविंद्र कुशवाहा, कृष्ण अवतार पटेल, आशा शर्मा, रवि शंकर शर्मा, विमल विश्वकर्मा, ननकू लाल विश्वकर्मा समस्त सदस्य सहयोग में रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग / टेंडर / 59 / 2025–26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बीएसबी–वीटीपी खंड में किमी 772.601 से किमी 789.00 तक, बीटीपी–जेडबीडी खंड में किमी 789.00 से किमी 824.00 तक तथा केएस–टीएलजीआर खंड में किमी 852.00 से किमी 880.00 तक (वंदे भारत मार्ग) सिग्नलिंग कार्य, साथ ही सुरक्षा फेंसिंग (एंटी क्रेश बैरियर / आरसीसी दीवार आदि) की व्यवस्था। |
| अनुमानित लागत | रू 12169035.08 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 210900.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 300 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.02.2026 at 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू०सं० 106–सिग / टेंडर / 59 / 2025–26 दिनांक: 29.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 362/26

## जियो-बीपी ने लॉन्च की इंजन क्लीनिंग एक्टिव टेक्नोलॉजी

**ग्राहक**

**परफॉर्मेंस इंजन सफाई को एक मानक सुविधा के रूप में उपलब्ध कराया जा सके और पूरे भारत के ग्राहक हर दिन इसका लाभ उठा सकें।**



**अयोध्या।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडिया एनर्जी वीक 2026 के दौरान जियो-बीपी के स्टाल का दौरा किया, जहां क्रांतिकारी एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल प्रदर्शित किया गया था। जियो-बीपी का एक्टिव पेट्रोल इंजन के महत्वपूर्ण हिस्सों को साफ करने, इंजन की क्षमता को बहाल और सुरक्षित रखने, और वाहन चालकों को सामान्य पेट्रोल की तुलना में सालाना लगभग 100 किमी तक अधिक दूरी तय करने में मदद करने के लिए बनाया गया है। और यह सब बिना किसी अतिरिक्त कीमत के उपलब्ध है। गोवा में चल रहे इण्डिया एनर्जी वीक के दौरान इस उत्पाद पर बात करते हुए जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा भारतीय वाहन चालक ऐसे फायदे चाहते हैं जो रोजमर्रा में साफ दिखाई दें जैसे स्मूथ चलने वाला इंजन, ज्यादा भरोसेमंद परफॉर्मेंस, कम मेंटेनेंस और उसी ईंधन खर्च में ज्यादा किलोमीटर। जियो-बीपी एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ हम ऐसा पेट्रोल लेकर आए हैं जो चलते-चलते इंजन को साफ करता है और नुकसानदायक जमाव को हटाने में मदद करता है। हमारा उद्देश्य उन्नत फ्यूल टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाना है, ताकि हाई-परफॉर्मेंस इंजन सफाई को एक मानक सुविधा के रूप में उपलब्ध कराया जा सके और पूरे भारत के ग्राहक हर दिन इसका लाभ उठा सकें। इस पर आगे बोलते हुए, जियो-बीपी के सीईओ अक्षय वाधवा ने कहा आज गोवा में आयोजित इंडिया एनर्जी वीक 2026 में हमने दो मोटरसाइकिलें एक साथ प्रदर्शित की हैं एक जो एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल पर चली है और दूसरी जो सामान्य पेट्रोल पर। आधुनिक बोरोस्कोप इमेजिंग के जरिए एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल की इंजन सफाई क्षमता साफ दिखाई देती है। फ्यूल केमिस्ट्री में पांच साल की मेहनत से तैयार यह पेट्रोल न केवल फ्यूल एफिशिएंसी बढ़ाता है बल्कि मेंटेनेंस भी कम करता है।

## सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन को सीमेंट सेक्टर में तेज़ी की उम्मीद



**लखनऊ।** सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) ने केन्द्रीय बजट 2026-27 का स्वागत किया है। यह देश के विकास के लिए लोगों की उम्मीदों को मज़बूत करने और सबको साथ लेकर चलते हुए लोगों की उम्मीदों को संतुलित करने के लिए है। यह बजट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भरता के विज़न से प्रेरित है। इस बजट पर सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) के प्रेसिडेंट, श्री पार्थ जिंदल ने कहा, ''जैसे-जैसे भारत एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है, केन्द्रीय बजट में बताए गए तीन कर्तव्य देश की वृद्धि और उम्मीदों के लिए एक स्पष्ट संदर्भ देते हैं, जो इकोनॉमिक मोमेंटम को क्षमता निर्माण और समावेशी प्रगति के साथ जोड़ते हैं। सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सी एम ए) विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता, शहरी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर आधुनिकिकरण पर लगातार जोर देने के लिए केन्द्रीय 2026-27 की प्रशंसा करता है, जिसे जी एस टी सरलीकरण, लेबर कोड, क्वालिटी कंट्रोल रैशनलाइजेशन और राज्यों के साथ कोऑर्डिनेटेड डीरेगुलेशन जैसे 350 से ज्यादा सुधारों का सहयोग मिला है। ये सुधार, आत्मनिर्भरता के तहत युवा शक्ति और स्वदेशी विनिर्माण क्षमता पर बजट के फोकस के साथ, सीमेंट जैसे कैपिटल इंटेंसिव सेक्टर्स के लिए निवेश का माहौल मजबूत करेंगे।

केन्द्रीय बजट 2026-27 दिखाता है कि सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित विकास पर फोकस कर रही है, जो भारत की वृद्धि रणनीति का एक ढांचागत स्तंभ बनकर उभर रहा है। सीमेंट समेत अलग-अलग सेक्टरों के लिए 20,000 करोड़ का सीसीयूएस व्यय, भारत के अधिक उत्सर्जन वाले उद्योगों के लिए डीकार्बनाइज़ेशन के माहौल को पूरी तरह से बदल देगा।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को जल संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए मिला



**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने सीआईआई-एसआर द्वारा आयोजित पहली इंडस्ट्रियल क्लाइमेट एक्शन प्रतियोगिता में ÷वॉटर स्टूअर्डशिप÷ श्रेणी में विजेता का पुरस्कार जीता। यह प्रतियोगिता कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री - साउदर्न रीजन (सीआईआई-एसआर) द्वारा आयोजित की गई थी। यह सम्मान 30 जनवरी 2026 को चेन्नई में हुए दूसरे एनर्जी ट्रांजिशन समिट के दौरान दिया गया। यह पुरस्कार जलवायु कार्य और सतत विकास में ठोस और प्रभावी योगदान देने वाले संस्थानों को दिया जाता है।यह पुरस्कार समिट के पुरस्कार वितरण समारोह में कमांडर गुरुमूर्ति गंगाधरन (सीनियर डायरेक्टर - प्लानिंग एंड डेवलपमेंट) और डॉ. कन्नेगंटी ज्योतिष्या ब्रह्मा चारी (एसोसिएट डीन - प्लानिंग एंड डेवलपमेंट), केएलईएफ द्वारा प्राप्त किया गया।केएलईएफ को उसके एकीकृत और तकनीक आधारित जल संरक्षण मॉडल के लिए सम्मानित किया गया। यह मॉडल 4क्र सिद्धांत पर आधारित है–कम करना ,पुनर्भरण ,पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग। कैंपस में 2,180 चस्न क्षमता की अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण प्रणाली काम कर रही है, जिससे विश्वविद्यालय की 54 प्रतिशत से अधिक पानी की जरूरत पूरी होती है।उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट तकनीकों जैसे MBBR और ARBiT की मदद से पानी की पुनर्प्राप्ति क्षमता 53 प्रतिशत से बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई है। भूजल संरक्षण के लिए 32 वर्षा जल संचयन गड्ढे बनाए गए हैं, जिनकी कुल रिचार्ज क्षमता लगभग 3.7 लाख लीटर प्रति दिन है इन प्रयासों के साथ रियल-टाइम जल निगरानी और कुशल सिंचाई प्रणालियों के कारण इमारतों में पानी की खपत 54 प्रतिशत तक कम हुई है, लैंडस्केप सिंचाई में 42 प्रतिशत की बचत हुई है और कैंपस में 10.6 लाख वर्ग फुट से अधिक हरित क्षेत्र बनाए रखा गया है।यह सम्मान एक कड़ी मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद दिया गया, जिसमें नवाचार, रणनीतिक योजना, पर्यावरण पर मापने योग्य प्रभाव, प्रभावी कार्यान्वयन और भविष्य में विस्तार की क्षमता को परखा गया।इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एर. कोनेरु सत्यनारायण ने कहा, ÷केएल में सतत विकास हमारी योजना और कैंपस संचालन का अहम हिस्सा है। जल संरक्षण हमारी भविष्य के लिए तैयार शिक्षा की सोच का केंद्र है, जहाँ पर्यावरणीय जिम्मेदारी और शैक्षणिक उत्कृष्टता साथ-साथ आगे बढ़ती हैं। यह सम्मान मजबूत, आत्मनिर्भर कैंपस बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को और सशक्त करता है, जो जिम्मेदार विकास का उदाहरण बनें।÷यह उपलब्धि केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की पर्यावरण नेतृत्व में मजबूत राष्ट्रीय पहचान को और आगे बढ़ाती है।

## एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता द्वारा वित्त वर्ष 2027 के बजट पर टिप्पणी



**नई दिल्ली।** बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, बजट घरेलू विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए एक मध्यम अवधि का रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित है। पिछले बजट के विपरीत, जिसमें आयकर युक्तिकरण के माध्यम से उपभोग को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी गई थी, इस बजट में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बैंकिंग प्रणाली के लिए एक स्थायी समिति की स्थापना, वैश्विक सेवाओं में भारतीय सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी को 10% तक बढ़ाने पर सरकार के नीतिगत जोर को रेखांकित करती है। वित्त मंत्री की विकसित भारत योजना में घरेलू उत्पादन, बुनियादी ढांचे के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, दुर्लभ पृथ्वी चुंबक और रसायन को बढ़ावा देने का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, कपड़ा और लघु एवं मध्यम उद्यमों जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों को, जिन पर शुल्क का बोझ अधिक था, अधिक नीतिगत समर्थन प्रदान किया गया।

राजकोषीय गणित की दृष्टि से, बजट वित्त वर्ष 2027 के लिए 10% नाममात्र जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाकर रूढ़िवादी बना हुआ है, जो हमारे 10.5त्न के अनुमान से कम है। पूंजीगत व्यय लक्ष्य के संबंध में, सरकार ने उम्मीद के मुताबिक वित्त वर्ष 2027 में 11.5 की मध्यम वृद्धि का लक्ष्य रखा है और निजी पूंजी को आकर्षित करने पर भरोसा जताया है।

## बजट 2026 में विकास और वित्तीय अनुशासन का संतुलनः संजीव बजाज



**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए बजाजकैपिटल के जॉइंट चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव बजाज ने कहा कि यह बजट भारत की विकास यात्रा को लेकर सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाता है, साथ ही वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी मजबूती देता है। वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच यह संतुलित और जिम्मेदार दृष्टिकोण बाज़ारों, वित्तीय संस्थानों और दीर्घकालिक निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर सरकार का निरंतर फोकस और राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने की स्पष्ट रणनीति से देश में टिकाऊ और समावेशी आर्थिक विकास को बल मिलेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित विकास न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देगा, बल्कि रोजगार सृजन और उत्पादकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।वित्तीय सेवाओं के दृष्टिकोण से बजट की सराहना करते हुए संजीव बजाज ने कहा कि कर और अनुपालन ढांचे को सरल और आधुनिक बनाने की दिशा में यह बजट एक महत्वपूर्ण कदम है। आयकर अधिनियम 2025 का क्रियान्वयन, विदेश यात्रा से जुड़े टीसीएस में कटौती, आयकर रिटर्न संशोधन की समयसीमा बढ़ाना और सीमा-पार निवेश को लेकर स्पष्टता– ये सभी उपाय करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाएंगे और कर प्रणाली में पारदर्शिता व भरोसा बढ़ाएंगे। इससे व्यक्तिगत करदाताओं, एनआरआई और व्यवसायों को सीधा लाभ मिलेगा।उन्होंने पूंजी बाजारों को मजबूत करने पर बजट के फोकस को भी अहम बताया। कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार को गहरा करने, बड़े बॉन्ड इश्यू को प्रोत्साहित करने और मार्केट-मेकिंग व्यवस्था को सशक्त बनाने जैसे कदम इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और नवाचार के लिए दीर्घकालिक पूंजी उपलब्ध कराने में सहायक होंगे। एक स्थिर और पूर्वानुमेय कर एवं नियामकीय वातावरण दीर्घकालिक निवेश के लिए आवश्यक होता है, और बजट इस दिशा में स्पष्ट संकेत देता है।एमएसएमई सेक्टर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि तरलता समर्थन, क्रेडिट गारंटी और जोखिम साझा करने की योजनाएं इस क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। एमएसएमई न केवल रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम हैं, बल्कि आर्थिक लचीलापन बनाए रखने में भी उनकी भूमिका अहम है। ऐसे में वित्तीय संस्थानों के लिए जिम्मेदार ऋण, बीमा और सलाहकारी सेवाओं का विस्तार करने के नए अवसर बनते हैं।संजीव बजाज ने कहा कि कुल मिलाकर बजट 2026 अल्पकालिक उपायों से आगे बढ़कर मजबूत संस्थानों, सशक्त वित्तीय बाजारों और सरल कर प्रणाली के निर्माण पर केंद्रित है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जनवरी 2026 में 33,880 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज जनवरी 2026 महीने के लिए अपने सेल्स परफॉर्मेंस की घोषणा की, जिसमें जनवरी 2025 में बेची गई 29,371 यूनिट्स की तुलना में कुल 33,880 यूनिट्स की बिक्री जनवरी 2026 में हुई। इसमें घरेलू बाजार में बेची गई 30,630 यूनिट्स और एक्सपोर्ट की गई 3,250 यूनिट्स शामिल हैं, जो प्रमुख मॉडलों में लगातार कस्टमर डिमांड और भरोसेमंद, वैल्यू-ड्रिवन मोबिलिटी सॉल्यूशन देने के लिए TKM की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेल्स परफॉर्मेंस पर कमेंट करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस, श्री सबरी मनोहर ने कहा, साल 2026 की शुरुआत पॉजिटिव और उत्साहजनक रही, हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की लगातार ग्रोथ और क्वालिटी, सेफ्टी और सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी कमिटमेंट पर ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है।

## सैमसंग ने भारत में 100% बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स लाइनअप की घोषणा की, लॉन्च किये 23 मॉडल




**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज 100% बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स के अपने 2026 लाइनअप को लॉन्च किया। इस नई रेंज में अलग-अलग सेगमेंट में 23 मॉडल हैं, जिसमें 4 स्टार एयर कंडीशनर्स को भी शामिल किया गया है। यह नया लाइनअप भारतीय घरों और जलवायु परिस्थितियों को ध्?यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिसमें एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी, प्रीमियम डिज़ाइन और स्मार्ट कनेक्टिविटी का संगम है। ये प्रोडक्ट शानदार आरामदायक कूलिंग देता है, जिसमें इंटेलिजेंट कूलिंग, एनर्जी एफिशिएंसी और ह्यूमिडिटी मैनेजमेंट के साथ-साथ प्रिवेंटिव मेंटेनेंस भी शामिल है। बीस्पोक एआई विंडफ्री रेंज सैमसंग के उस फोकस को दर्शाती है जो इनोवेशन के माध्यम से रोज़मर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाता है - वह भी ज्यादा स्मार्ट, अधिक कुशल और सहज होम-कूलिंग अनुभव के साथ। घुफरान आलम, वाइस प्रेसिडेंट, डिजिटल एप्लायंसेज, सैमसंग इंडिया ने कहा, हमारे नए बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर लाइनअप के साथ, हमने होम कूलिंग को फिर से परिभाषित किया है, यह के साथ ही असली कम्फर्ट देता है। उपभोक्ता एआई एनर्जी मोड के माध्यम से बिजली की 30% तक बचत कर सकते हैं, साथ ही उन्हें स्मार्टथिंग्स के जरिए स्मार्ट कनेक्टिविटी और स्मार्टथिंग्स होम केयर के साथ प्रिवेंटिव मेंटेनेंस भी मिलेगा।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंकका वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 503 करोड़ रुपए

**गोरखपुर।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल ने आज आयोजित अपनी बैठक में 31 दिसंबर,2025 को समाप्त तिमाही तथा नौ माह की अवधि के लिए बैंक के अनऑडिटेडफाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी प्रदान की। वित्त वर्ष 26 कीतीसरी तिमाही में बैंक का कर पश्चात लाभ (प्रॉफिट आफ्टर टेक्स) 503 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 48 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, एमडी और सीईओ श्री वी वैद्यनाथन ने कहा,हम अपने सभी प्रमुख व्यवसाय क्षेत्रों, ऋण, जमा, वेल्थ मैनेजमेंट, ट्रांजैक्शन बैंकिंग आदिमें मजबूत कारोबारी गति देख रहे हैं। हमारी परिसंपत्ति गुणवत्ता (एसेट क्वालिटी) में सुधार हुआ है, जहाँ 31 दिसंबर,2025 तक ग्रॉस एनपीए 1.69प्रतिशत और नेट एनपीए 0.53प्रतिशत रहा।फंड की लागत के मामले में, हाल ही में बचत दरों में किए गए संशोधन के कारण हमें उम्मीद है कि यह आगे और कम होगी, जिससे हमें अपने ऋण व्यवसाय का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

## एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज़' कर रहा है वापसी, सीज़न 9 में पांच ख़ास सेलिब्रिटी होम टूर के साथ




**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी पेंट और डेकॉर कंपनी एशियन पेंट्स अपने लोकप्रिय होम डेकॉर और स्टोरीटेलिंग सीरीज़, एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज़ के 9वें सीज़न के साथ वापसी कर रही है। इस सीज़न में भारत की मशहूर हस्तियों के पांच घरों को दिखाया जाएगा, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा-ज़हीर इकबाल, गौतम गंभीर, कीर्ति सुरेश-एंटनी थट्टिल, अर्चना पूरन सिंह-परमीत सेठी, और अमन व प्रिया गुप्ता शामिल हैं। हालांकि हर घर स्टाइल, बनावट और पर्सनैलिटी में अलग होता है, लेकिन हर घर में प्यार, सच्चाई और भावनात्मक लगाव ज़रूर देखने को मिलता है। दर्शक ऐसी जगहों में प्रवेश करते हैं जो ऊर्जा और अपनेपन से भरपूर है, जहां उनमें रहने वाले लोगों के जीवन की झलक मिलती है। अर्चना और परमीत दर्शकों को मढ़ में स्थित अपने एंग्लो-स्पेनिश स्टाइल से इंस्पायर्ड घर में आमंत्रित करते हैं। यह घर समय के साथ-साथ परिवार के अपनेपन, भावनाओं और यादों के साथ धीरे-धीरे विकसित हुआ है। कीर्ति और एंटनी का ऊर्जा से भरपूर कोच्चि अपार्टमेंट रंगों और भावनाओं के साथ उनके नैचुरल लगाव को दर्शाता है। सोनाक्षी और ज़हीर अपने पेंटहाउस सादा के दरवाज़े जब खोलते हैं, तो एक ऐसा घर सामने होता है, जो कई तरह के भावों को समेटे हुए है। यहां जोशभरी बातें भी होती हैं और शांत, यादों से भरे कोने भी हैं।

## टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने जनवरी 2026 में कुल 71,066 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**मुंबई** जनवरी 2026 के दौरान घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड की कुल बिक्री 71,066 यूनिट्स रही, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 48,316 यूनिट्स था। इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की बिक्री शामिल है।


## 2026 का बजट देश को 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का एक ब्लूप्रिंट पेश करता हैः अरुंधति भट्टाचार्य



अरुंधति भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, सेल्सफोर्स साउथ एशिया ने कहा, ''2026 का बजट टेक्नोलॉजी के उपयोगकर्ता से ए.आई-पॉवर्ड देश बनने की ओर भारत के परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है। यह देश को 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का एक ब्लूप्रिंट पेश करता है, जो केवल विस्तार नहीं, बल्कि इंटैलिजेंस पर आधारित हो। यह महत्वपूर्ण आर्किटेक्चर संतुलित और दीर्घकालिक है। क्लाउड सेवाओं के लिए साल 2047 तक दिया गया टैक्स होलिडे डेटा-संप्रभुता की ओर देश का एक मास्टरस्ट्रोक है, जो साल 2030 तक डेटा सेंटर में अनुमानित 50 बिलियन डॉलर का निवेश आकर्षित करेगा तथा भारत को उभरते हुए बाजारों के लिए एक क्लाउड हब के रूप में स्थापित करेगा। एम.एस.एम.ई सुधार विकसित सोच का प्रदर्शन करते हैं। एस.एम.ई के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये का फंड तथा ट्रेड्स प्लेटफॉर्म मैन्डेट और सेफ हार्बर थ्रेशोल्ड मिलकर भारत की 63 मिलियन एम.एस.एम.ई को विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में समर्थ बनाएंगे।

शिक्षा से रोजगार पर गठित उच्च-स्तरीय कमिटी ने 2047 तक ग्लोबल सर्विस बाजार में 10 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने का जो लक्ष्य बनाया है, वह महत्वाकांक्षी है, पर यू.पी.आई और आधार जैसे मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और हमारे जनसांख्यिकीय लाभ के चलते इसे प्राप्त करना संभव है क्योंकि हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है। ए.आई का इंटीग्रेशन बहुत ही व्यवहारिक रूप से किया गया है।

## क्लासिक लीजेंड्स ने नेशनल ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया




**नई दिल्ली।** क्लासिक लीजेंड्स ने तकनीकी क्षमता को मजबूत करने और सेवा उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए इंदौर स्थित पीथमपुर प्लांट में एडवांस्ड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया है। यह नया केंद्र भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को विकसित करने और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा, ÷जैसे-जैसे हमारे ब्रांड्स का विस्तार हो रहा है, हमारे सर्विस कैपेबिलिटी इकोसिस्टम को मजबूत करना बेहद जरूरी हो जाता है। एडवांस्ड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर लोगों, कौशल और इंफ्रास्ट्रक्चर में एक रणनीतिक निवेश है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार तकनीशियनों का निर्माण करना और हमारे नेटवर्क में सेवा उत्कृष्टता को मानकीकृत करना है। यह केंद्र यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि हर जावा, येज़दी और बीएसए राइडर को एक समान और उच्च गुणवत्ता का ओनरशिप अनुभव मिले। उन्नत, व्यावहारिक और कौशल-आधारित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से रणनीतिक रूप से विकसित यह नेशनल ट्रेनिंग सेंटर वास्तविक परिस्थितियों में डायग्नॉस्टिक्स, सटीक रिपेयर प्रक्रियाओं और संरचित कौशल विकास पर केंद्रित होगा। यह डीलरशिप नेटवर्क से जुड़े तकनीशियनों और सर्विस प्रोफेशनल्स को सहयोग प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सुविधा सेवा गुणवत्ता को मानकीकृत करने और आफ्टरसेल्स उत्कृष्टता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। एडवांस्ड नेशनल ट्रेनिंग सेंटर में अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और संरचित क्षमता निर्माण को एक साथ लाया गया है, ताकि क्लासिक लीजेंड्स और उसके डीलर नेटवर्क में तकनीकी उत्कृष्टता को और ऊंचे स्तर पर ले जाया जा सके। आधुनिक शोरूम, स्मार्ट क्लासरूम, समर्पित इंजन, इलेक्ट्रिकल और एडवांस्ड ट्रबलशूटिंग लैब्स के साथ-साथ नवीनतम डायग्नॉस्टिक उपकरण और विशेष सर्विस टूल्स से सुसज्जित यह सुविधा लेवल 1 से लेवल 3 तक की व्यापक ट्रेनिंग को सपोर्ट करती है। उन्नत डायग्नॉस्टिक्स, रूट कॉज़ एनालिसिस और व्यावहारिक कौशल विकास को सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया यह केंद्र तकनीकी दक्षता बढ़ाने, सर्विस और रिपेयर प्रक्रियाओं को मानकीकृत करने, अत्यधिक कुशल तकनीशियनों और सर्विस प्रोफेशनल्स को तैयार करने तथा उन्नत लेवल 3 ट्रेनिंग प्रोग्राम्स के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

इसके साथ ही, क्लासिक लीजेंड्स अपने सर्विस कैपेबिलिटी इकोसिस्टम को और सशक्त बना रहा है, ताकि उसका बढ़ता हुआ राइडर बेस लगातार उच्च गुणवत्ता वाली, भरोसेमंद आफ्टरसेल्स सपोर्ट प्राप्त करता रहे और उसके मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो में एक श्रेष्ठ ओनरशिप अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

## बीएसई ने अयोध्या में क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जानकारी बढ़ाएं भविष्य सुरक्षित करें




**अयोध्या।** बीएसई इन्वेस्टर्स प्रोटेक्शन फंड ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पुलिस कर्मियों के लिए विशेष रूप से एक क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को वित्तीय बाजार, सिक्योरिटीज मार्केट में निवेश के विकल्पों और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे आज के बदलते वित्तीय माहौल में सही और समझदारी से निर्णय ले सकें। इस कार्यक्रम में गौरव ग्रोवर, सीनियर सुपरिन्टेन्डेन्ट ऑफ पुलिस - अयोध्या, बलवंत सिंह चौधरी, एडिशनल सुपरिन्टेन्डेन्ट ऑफ पुलिस - अयोध्या, मृदुल रस्तोगी, डिप्टी जनरल मैनेजर - सेबी और कैपिटल मार्केट एक्सपर्ट अजय गर्ग उपस्थित रहे। सेमिनार में सुंदररमन राममूर्ति, मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ, बीएसई ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने निवेशकों को जागरूक करने और बाजार तक आसान पहुंच बढ़ाने के लिए बीएसई की लगातार प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस सेमिनार में उत्तर प्रदेश के अयोध्या से लगभग 500 पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय जागरूकता, डिजिटल सतर्कता और लंबी अवधि की वित्तीय योजना की जरूरत पर चर्चा की गई, जिससे देशभर में निवेशकों को सशक्त बनाने के बीएसई के उद्देश्य को और मजबूती मिली। इस पहल के बारे में सीनियर सुपरिन्टेन्डेन्ट ऑफ पुलिस, गौरव ग्रोवर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पुलिस कर्मियों को जरूरी वित्तीय जानकारी देने में बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। आज के डिजिटल दौर में निवेश से जुड़े जोखिम, बाजार की सुरक्षा व्यवस्थाओं और साइबर सुरक्षा को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने पुलिस बल को ऐसा ज्ञान देने के लिए बीएसई आईपीएफ के प्रयासों की सराहना की, जो न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है, बल्कि उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े मामलों में आम नागरिकों का मार्गदर्शन करने में भी सक्षम बनाता है। बीएसई के एमडी व सीईओ - सुंदररमन राममूर्ति ने कहा कि, ÷एक संगठन के रूप में हमारा मानना है कि निवेशक शिक्षा केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जो भारत के वित्तीय भविष्य को आकार देती है। जैसे-जैसे बाजार का विस्तार हो रहा है और डिजिटल भागीदारी बढ़ रही है, वैसे-वैसे निवेशकों को सही जानकारी, सही साधन और सुरक्षा देना और भी जरूरी हो जाता है। समाज के महत्वपूर्ण वर्गों, जैसे पुलिस कर्मियों, तक पहुंचना भी उतना ही अहम है, क्योंकि वे बड़ी सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाते हैं और कई बार खास तरह की वित्तीय चुनौतियों का सामना करते हैं।

## उद्यमियों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए बजट उत्साहजनक :श्रुति अग्रवाल

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 उद्यमियों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक भरोसेमंद और उत्साहजनक संकेत है, जो भारत की विकास यात्रा में उनकी निर्णायक भूमिका को स्पष्ट रूप से सामने रखता है। श्रुति अग्रवाल, सह-संस्थापक, स्टैशफिन का कहना है, औपचारिक ऋण तक पहुंच को सुदृढ़ करने, तरलता बढ़ाने और वित्तीय तंत्र को सरल बनाने के माध्यम से यह बजट छोटे व्यवसायों से जुड़ी उन चुनौतियों को संबोधित करता है, जो लंबे समय से उनकी प्रगति में बाधा बनी हुई थीं। डिजिटल एकीकरण पर विशेष जोर वित्त तक पहुंच को अधिक सहज बनाता है और एक पारदर्शी, प्रभावी तथा उद्यमी-अनुकूल इकोसिस्टम के निर्माण को गति देता है, जो नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करता है।

## सीए नीरज घेई को आईसीएआई द्वारा प्रतिष्ठित फ्सीए महिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया




**ग्रेटर नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स 2026 के दौरान सीए नीरज घेई को सीए महिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया है । यह सम्मान उन्हें 1 फरवरी, 2026 को भारत के माननीय कानून और न्याय मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा प्रदान किया गया ।यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नीरज घेई के 40 वर्षों के शानदार करियर, उद्योग जगत में उनके नेतृत्व और समाज सेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण को मान्यता देता है । पुरस्कार स्वीकार करते हुए नीरज घेई ने कहा एक सीए होना मेरे लिए केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सीखने और जिम्मेदारी की एक जीवन भर की यात्रा रही है । कौशल और ज्ञान को अपडेट किया जा सकता है, लेकिन यदि ईमानदारी से समझौता किया जाए, तो उसे वापस पाना कठिन होता है। समाज हम पर भरोसा करता है, और हमें उस भरोसे की रक्षा करनी चाहिए । पर्यटन क्षेत्र में नेतृत्वः वह 1997 में ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सबसे कम उम्र की और पहली महिला अध्यक्ष बनीं । उन्होंने सीता वर्ल्ड ट्रैवल के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वर्तमान में वे ट्रैक रिप्रेजेंटेशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में निदेशक हैं । रिटेल क्रांतिः दिल्ली के प्रसिद्ध शॉपिंग गंतव्य सेलेक्ट सिटीवॉक की संकल्पना और उसे लॉन्च करने में उनकी मुख्य भूमिका रही है ।

# बेटी के साथ दुष्कर्म की सजा काटकर आए बाप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- गांव के बाहर एक बगीचे में लटकता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस
- अहिरौली क्षेत्र के पटनी गांव का मामला

अवधनामा संवाददाता


मृतक रवींद्र की फाइल फोटो


रोते बिलखते परिजन

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में दो वर्ष सजा काटकर घर आए बाप का गांव के बाहर एक बगीचे में शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

बता दें कि उक्त थाना क्षेत्र के गांव पटनी निवासी रविन्द्र साहनी (42) वर्ष अपने ही 14 वर्षीय लड़की के दुष्कर्म करने के आरोप में दो साल जेल से सजा काटने के बाद ग्यारह माह पहले घर आया था। घर आने के बाद रविन्द्र साहनी अपनी पुस्तैनी जमीन को बेचने के फिराक में था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। रविवार को भी उसी खेत बेचने की बात को लेकर परिवार में कुछ कहां सुनी हुई। उसके बाद रविन्द्र साहनी घर से कहीं चला गया। तभी सोमवार को सुबह गांव के बाहर धूस पर स्थित बागीचे में एक पेड़ पर कपड़े से लटका हुआ उसका शव दिखाई दिया। लोगों ने शव को देखते ही शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर सुनकर आस पास के लोगों की भीड़ जुट गई। तभी किसी ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम बुलाकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में अहिरौली बाजार थानाध्यक्ष प्रविन्द्र कुमार राय ने बताया कि कुछ माह पहले मृतक अपनी ही 14 वर्षीय पुत्री के दुष्कर्म के मामले में जेल से घर आया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पटनी का आरोप, किसी के बहकावे में आकर जमीन बेचने की करते थे चर्चा

रविन्द्र साहनी की पत्नी इन्दू देवी ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति के बहकावे में आकर रविन्द्र जमीन बेचना चाह रहा था। हम लोग मना कर रहे थे। उसी व्यक्ति के साथ रविवार को भी घर से मेरे पति गए थे और घर वापस नहीं आए। इसी लिए मुझे संदेह है कि मेरे पति की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। मृतक रविन्द्र साहनी की एक 14 वर्षीय लड़की राधिका साहनी व पुत्र अमित साहनी उम्र करीब 12 वर्ष, अमन साहनी उम्र करीब आठ वर्ष का रो रो कर बुरा हाल था।

# गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजे गए दो अभियुक्त

**अमेठी ।** पुलिस की ओर से अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह और सी ओ मनोज कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में की गई है। पुलिस टीम ने 2 फरवरी को संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। इसके बाद, मु0अ0सं0 29/26, धारा 2(ख)(1)/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित अभियुक्तों को पकड़ा गया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान शिवपूजन चौरसिया उर्फ शेखू (पुत्र कामता प्रसाद चौरसिया, निवासी गंगागंज, थाना अमेठी, उम्र 23 वर्ष) और अतुल यादव (पुत्र स्वर्गीय बलराम यादव, निवासी मन्धर पट्टी, थाना अमेठी, उम्र 28 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्त शातिर अपराधी हैं। अभियुक्त शिवपूजन चौरसिया के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित कुल 16 आपराधिक मामले जनपद अमेठी, प्रतापगढ़ और सुलतानपुर में दर्ज हैं।

# देवामन ताल में विश्व वेटलैंड डे पर आर्द्र भूमि संरक्षण का दिया गया संदेश

- जलस्रोत व पक्षी पारिस्थितिकी संतुलन की मजबूत कड़ी बताए गए
- बर्ड फेस्टिवल से विद्यार्थियों को मिला प्रकृति संरक्षण का व्यावहारिक बोध

अवधनामा संवाददाता




**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही वन रेंज के अंतर्गत दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही स्थित देवामन ताल परिसर में विश्व वेटलैंड डे व बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण, प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के महत्व तथा पारिस्थितिकी संतुलन में उनकी भूमिका को रेखांकित करना रहा। आयोजन स्थल पर वन विभाग की टीम, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिससे जागरूकता का वातावरण बना।

उक्त कार्यक्रम के दौरान रेंजर हरकेश बहादुर नायक ने कहा कि आर्द्रभूमियां जल संरक्षण, जैव विविधता व आजीविका सुरक्षा का मजबूत आधार हैं। दुमही ताल जैसे प्राकृतिक जलस्रोत पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराते हैं, जिनका संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से तालाबों में प्लास्टिक व कचरा न डालने तथा जलस्रोतों का प्राकृतिक स्वरूप बनाए रखने की अपील की।?वन दारोगा धीरेंद्र दीक्षित ने कहा कि बर्ड फेस्टिवल के माध्यम से बच्चों व युवाओं में प्रकृति के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित होता है। पक्षियों की गणना, पहचान व उनके आवासों की सुरक्षा से पर्यावरणीय संतुलन सुदृढ़ होता है। ?कार्यक्रम के दौरान पक्षी अवलोकन, जानकारी सत्र व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्थानीय पक्षी प्रजातियों की पहचान कर उनके आवास व व्यवहार से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन से जोड़ने पर भी बल दिया गया।

मुरलीधर इंटर कॉलेज दुमही के प्रधानाचार्य बलिराम कुशवाहा ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को पर्यावरण शिक्षा को पुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यवहार में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में वन रक्षक इंद्रजीत यादव, उदय प्रताप राव, शिक्षक विजय कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, सिराजुद्दीन अंसारी, अनुराधा कुशवाहा व छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को ले निकाली कलश यात्रा

- सप्त दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता


महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चेयरमैन सोनिया त्रिभुवन जायसवाल एवं अन्य श्रद्धालु गण

**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही के शिवशक्ति नगर स्थित शिवाघाट धाम बांसी नदी तट पर सप्त दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई इस दौरान हजारों कुमारी कन्याओं और सुहागवती महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया।

सोमवार से शुरू हुए इस सात दिवसीय महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। शोभायात्रा के मुख्य यजमान नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया जायसवाल एवं पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन जायसवाल के नेतृत्व में शिवाघाट धाम बांसी नदी तट से प्रारंभ संपूर्ण नगर क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः उक्त घाट पर पहुंची। यहां विद्वान पंडित यज्ञाचार्य राम नगीना उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच वरुण देव का आह्वान कर कलश में जल संग्रह करवाया. इसके बाद कलश यात्रा शिव मंदिर पहुंची। जहां कलश को यज्ञ पंडाल में स्थापित किया गया। यहां नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्रीधाम वृंदावन के सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य सरल जी महाराज द्वारा सात दिवसीय महा शिवपुराण कथा व महा यज्ञ के आयोजन की तैयारी में जुटे भक्त गण। जन सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम तैयारी में जुटे आयोजक मंडल ने बताया की समस्त जन के कल्याण के लिए शिवा घाट धाम पर जनसहयोग से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष नन्दलाल जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष सचिन कुमार उर्फ चिन्टु जी ने बताया कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में दुर दुर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं उनके लिए प्रत्येक दिन सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक नव दिवसीय महा भण्डारा चल रहा है। कलश शोभा यात्रा में विजय राय, कृष्णा जायसवाल, विनोद जायसवाल, पप्पू जायसवाल, अजय गुप्ता, आशीष वर्मा, मक्खन जायसवाल मौजूद रहे।

# विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाला है बजट : अरविन्द पाल

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर पंचायत बनकटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि ई. अरविन्द पाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह बजट समावेशी विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक न्याय की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

कर्तव्य भवन में प्रस्तुत यह पहला बजट देश के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाला है।पत्रकारों से बातचीत में ई. अरविन्द पाल ने कहा कि पूर्व सांसद एवं असम प्रभारी हरीश द्विवेदी और पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ सदर ब्लाक के सभागार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट का सीधा प्रसारण देखने के बाद उस पर मंथन किया गया। जो निष्कर्ष निकला उससे स्पष्ट है कि बजट ऐतिहासिक है।पत्रकारों से बातचीत में ई. अरविन्द पाल ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को केंद्र में रखता है। यह बजट विकास के नए अवसर लेकर आया है। युवाओं के लिए स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी, वहीं विदेश शिक्षा और यात्रा की लागत में कमी युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ेगी।स्वास्थ्य क्षेत्र में बायोफार्मा के लिए 10,000 करोड़ रुपये का निवेश ऐतिहासिक है।

# बी.बी.के. एकेडमी के उद्घाटन से पहले प्रशासन अलर्ट

- वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की तैयारी

अवधनामा संवाददाता


कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते डीएम व एसपी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के गाजीपुर में स्थित नवनिर्मित बी.बी.के. एकेडमी के भव्य उद्घाटन समारोह एवं प्रस्तावित वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कार्यक्रम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सोमवार को तकरीबन ग्यारह बजे कुशीनगर प्रशासन द्वारा निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हेलिपैड, मुख्य मंच, वीवीआईपी रूट, पार्किंग स्थल, ठहराव स्थल तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का बारीकी से अवलोकन किया। संवेदनशील स्थानों की पहचान कर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं की सुचारू व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने की बात कही। उल्लेखनीय है कि 7 फरवरी को आयोजित होने वाले इस समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, आरएसएस के भैयाजी जोशी, कृष्ण गोपाल जी तथा भोजपुरी गायक रितेश पाण्डेय सहित कई प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजक बाल्टी बाबा एवं भाजपा नेत्री संध्या मिश्रा ने बताया कि भव्य मंच, सुचारू प्रवेश-निकास, पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम सफल और यादगार बन सके।

# विद्युत करंट की चपेट में आई मासूम छात्रा झुलसी

- विद्यालय में छत के ऊपर से गुजर रहा है हाई वोल्टेज विद्युत तार
- विद्यालय की लापरवाही का कीमत मासूम ने चुकाई, स्कूल और बिजली विभाग कटघरे में

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पड़रौना नगर पालिका क्षेत्र में संचालित गायत्री विद्यापीठ में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मंच गयी जब विद्यालय प्रशासन व विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण लंच ब्रेक के दौरान कक्षा तीन की दस वर्षीय शालू हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। यह कोई हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, स्कूल प्रबंधन की घोर संवेदनहीनता और बिजली विभाग की कुंभकर्णी निद्रा का नतीजा है।

बता दें कि विद्यालय के बिल्डिंग के ऊपर पहले से मौत बनकर लटक रही थी हाई वोल्टेज लाइन लंबे समय से मौत को दावत दे रहा था। इसके बावजूद न तो स्कूल प्रबंधन ने सुरक्षा घेरा बनाया, न चेतावनी बोर्ड लगाए और न ही बिजली विभाग ने तार को सुरक्षित करने की जहमत उठाई। परिणाम यह हुआ कि लंबे समय से खतरे की चेतावनी दे रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन सोमवार को लंच के समय खेल रही मासूम शालू की जिंदगी करंट की चपेट में आ गई। प्रश्न यह है कि जब स्कूल के आसपास जानलेवा हाई वोल्टेज तार मौजूद थी, तो ऐसे स्थान पर स्कूल संचालन की अनुमति कैसे मिली? क्या मान्यता देने से पहले सुरक्षा मानकों की जांच हुई थी या फिर सब कुछ पैसे और कागजों के दम पर चलता रहा? सवाल यह भी उठता है कि विद्यालय संचालन के बाद अगर हाई वोल्टेज लाइन दौड़ाई गई है तो फिर बिजली विभाग के जेई और जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे थे? किसने विद्यालय के छत के उपर से हाई वोल्टेज लाइन दौड़ाने का आदेश दिया? विद्यालय प्रशासन ने नौनिहालों के जिन्दगी की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाया?

**जिंदगी और मौत से जूझ रही शालू :** हादसे के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। बच्ची को आनन-फानन में जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां मासूम शालू क हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही पिता मुन्ना प्रसाद, जो पेशे से ऑटो चालक हैं, अस्पताल पहुंचे। गरीब परिवार के लिए इलाज का खर्च और बेटी की हालत दोनों ही किसी सदमे से कम नहीं हैं।

### स्थानीय लोगों मे आक्रोश

घटना के बाद क्षेत्र में गुस्से का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते हाई वोल्टेज तार को सुरक्षित कर दिया गया होता, तो आज एक मासूम अस्पताल में जिंदगी की जंग नहीं लड़ रही होती। लोगों ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर, स्कूल की मान्यता रद्द करने और बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग की है।

# राजवटिया में 72.5 एकड़ में विकसित होगा बहुउद्देशीय हब

- डीएम ने अत्याधुनिक मल्टीमॉडल हब का किया निरीक्षण


बहुउद्देशीय हब का जायजा लेते डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील अंतर्गत बिहार सीमा से सटे रजवटिया गांव में प्रस्तावित अत्याधुनिक मल्टीमॉडल (बहुउद्देशीय) हब के निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह परियोजना जनपद के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 72.5 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाले इस मल्टीमॉडल हब के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है, जिसके लिए मिट्टी भराई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (छ्क्क्र) शीघ्र तैयार कर शासन को प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि अधिग्रहीत भूमि का समुचित सीमांकन कराते हुए बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाए। साथ ही बाउंड्रीवाल के अंतर्गत प्रस्तावित मुख्य प्रवेश द्वार (गेट) को इस प्रकार डिजाइन किए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे जनपद कुशीनगर की सांस्कृतिक पहचान और विरासत परिलक्षित हो। बताया गया कि उक्त परियोजना के विकास हेतु भूमि को आवास विकास परिषद को हैंडओवर कर दिया गया है। अधिग्रहीत भूमि क्षेत्र में स्थित पांच छोटे तालाबों के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उन्हें एकीकृत कर सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे पर्यावरणीय संतुलन के साथ क्षेत्र का सौंदर्य भी बढ़ाया जा सके। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि पूर्व में शासन को 5 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित ड्राइंग भेजी गई थी, जिसे शासन के निर्देशानुसार अब 9 एकड़ क्षेत्रफल में संशोधित किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, उप जिलाधिकारी तमकुहीराज श्रीमती आकांक्षा मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मुकेश, प्रिंस सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह मल्टीमॉडल हब भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन एवं व्यापार के क्षेत्र में जनपद कुशीनगर को एक नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## बाइक की ठोकर से मासूम बच्चा समेत दो की मौत

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार क्षेत्र के हाटा पिपराइच मार्ग पर सोमवार को लगभग एक बजे झुंगहिया के समीप बाइक की टक्कर से मासूम बच्चे की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि हाटा-पिपराइच मार्ग पर पिपराइच से हाटा की तरफ तेज रफ्तार से जा रही बाइक ग्राम सेन्दुआर टोला झुगहिया के पास पहुंचा इसी दौरान खेल रहा लगभग ढाई वर्ष का चपेट में आ गया जिससे सत्यम पुत्र घनश्याम सहनी की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना किसी ने स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस बच्चे का शव थाने लाया। उधर हादशे के बाद बाइक लेकर भाग रहे घटना स्थल से 500 मीटर की दुरी पर मझना नाला के पास हाटा के तरफ जा रही आटो में पिछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक लेकर सड़क पर गिर पड़ा। इसमें दुर्गा पुत्र हरिओम नाथ (40) वर्ष ग्राम खोठ्ठा टोला चुरामन चक बुरी तरह से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु एम्बुलेंस से सीएचसी देवतहा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने इलाज के दौरान हालत गम्भीर देख एम्स गोरखपुर रेफर कर दिया वहीं बाइक चालक मोनू चौरसिया पुत्र स्व छोटे लाल चौरसिया उम्र 28 वर्ष निवासी खोठ्ठा टोला चुरामन चक को हल्की-फुल्की चोट आई जिसको पुलिस हिरासत में लिया मृतक के पिता घनश्याम के तहरीर पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई।

## डराने धमकाने व बलात्कार के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बस्ती।** थाना लालगंज पुलिस ने बलात्कार का प्रयास करने के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज संजय कुमार ने उ0नि0 अनन्त कुमार मिश्रा व हे0का0 पवनेश सिंह तथा हे0का0 श्रवण कुमार यादव के साथ एक लड़की के साथ डराने , धमकाने, छेड़खानी करते हुए बलात्कार करने के प्रयास के मामले में थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर छिबरा निवासी मो0 अहद पुत्र अहमद रजा को थाने में दर्ज मु0अ0सं0 25/2026 धारा 65(1)/ 62, 352, 351(2) बीएनएस 4(2)/18 पॉक्सो एक्ट व 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(1), 3(2)(5) SC/ST ACT के मामले में जेल रवाना किया।

## जिला अस्पताल में मनाया गया कन्या जन्म उत्सव



**अमेठी।** सोमवार को जिला अस्पताल में कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के तत्वावधान में यह कार्यक्रम उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था। जिला चिकित्सालय में जन्मी नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने इन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने कन्या जन्म को समाज के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि बालिकाएं देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आमजन से अपील की गई कि कन्या और पुत्र में किसी प्रकार का भेदभाव न करें तथा बालिकाओं को समान अवसर, शिक्षा और संरक्षण प्रदान करें।

# चोरी का माल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** थाना नगर पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में जूते चप्पल की दुकान व घर से आभूषण चोरी करने वाले 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने बताया कि थाना नगर पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 06/07 जनवरी की रात नगर बाजार स्थित जूता-चप्पल की दुकान में हुई चोरी की घटना तथा 10/11 जनवरी की रात को थाना कोतवाली क्षेत्र में आनन्द नगर कटरा में घर से आभूषण चोरी करने के आरोपियों को थाना क्षेत्र के ही महरीपुर निवासीगण रामदेव यादव उर्फ प्रिंस पुत्र छिनमिन यादव तथा आजम अली उर्फ अजमेर पुत्र मोहम्मद जलील को कस्बा नगर दुर्गा मन्दिर पोखरा उत्तरी छोर से सुबह गिरफ्तार किया गया। बताया कि आरोपियों के पास से जूता चप्पल की दुकान से हुई चोरी रूपया 5000/- और थाना कोतवली क्षेत्र आनन्द नगर मकान के अन्दर से हुई चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 22/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस से सम्बन्धित गहने व जेवरात व मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आजम अली उर्फ अजमेर पर 1. मु0अ0स0 43/2024 धारा 354/452 भा0द0स0 व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना नगर जनपद बस्ती 2. मु0अ0स0 63/25 धारा 3,5(1) उत्तर प्रदेश विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम व 351(2),352,87 बीएनएस व 65 साक्ष्य अधिनियम व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना नगर जनपद बस्ती 3. मु0अ0सं0 22/26 धारा 305ए,331(4) BNS थाना कोतवाली जनपद बस्ती 4. मु0अ0सं0 21/26 धारा 305ए, 331(4),317(2) BNS थाना नगर जनपद बस्ती तथा रामदेव यादव उर्फ प्रिंस 1. मु0अ0सं0 298/23 धारा 302, 34, 352, 394, 397, 411, 455 भा0द0सं0 थाना कोतवाली जनपद बस्ती 2. मु0अ0सं0 22/26 धारा 305ए, 331(4) BNS थाना कोतवाली जनपद बस्ती 3. मु0अ0सं0 21/26 धारा 305ए, 331(4), 317(2) BNS थाना नगर जनपद बस्ती का आपराधिक इतिहास है।

# भगवान को जल चढ़ाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो हादसे का हुई शिकार, महिला श्रद्धालु की मौत

- श्रद्धा की यात्रा मातम में बदली, परिजनों में मचा कोहराम

अशोक कुमार द्विवेदी





**तमकुहीराज, कुशीनगर।** भगवान का दर्शन और जलाभिषेक की श्रद्धा लेकर निकले श्रद्धालुओं को क्या पता कि यह यात्रा किसी के जीवन की आखिरी यात्रा बन जाएगी। अरेराज धाम में जल चढ़ाने जा रही बोलेरो सोमवार सुबह नेशनल हाईवे 28 स्थित कोन्हवा मोड़ पर दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें एक महिला श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुशीनगर जनपद के सेवरही विकासखंड अंतर्गत बहिराबारी गांव के श्रद्धालु भाड़े की बोलेरो से बिहार राज्य के अरेराज धाम जल चढ़ाने जा रहे थे। जैसे ही वाहन गोपालगंज जनपद के कुचायकोट थाना क्षेत्र के कोन्हवा मोड़ के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आधे घंटे तक हाइवे पर अफरातफरी मचा रहा और चीख पुकार लोग करते रहे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वाहन से बाहर निकाला और एंबुलेंस व निजी साधनों से अस्पताल पहुंचाया। हादसे में दुर्गापति (50 वर्ष), पत्नी हीरालाल शर्मा, निवासी बहिराबारी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गुला देवी सहित कई अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसका इलाज गोरखपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश तेज कर दी है तथा मामले की जांच जारी है।इधर, हादसे की खबर मिलते ही बहिराबारी गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका के घर में कोहराम मचा है। श्रद्धा की यात्रा मातम में बदल जाने से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# तहसील नानपारा के सीमा क्षेत्र में अवैध कब्जों पर बड़े एक्शन की तैयारी

■ एसडीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो-मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को लेकर तहसील नानपारा सभागार में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने राजस्व, पुलिस, एसएसबी एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, विधिसम्मत, नियमो के अंतर्गत और समयबद्ध तरीके से संयुक्त रूप से संपन्न की जाए ताकि आम जनमानस में प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

तहसीलदार नानपारा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि 0 से 15 किलोमीटर के दायरे में कुल 367 अवैध अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 184 अतिक्रमण पहले ही हटवाए जा चुके हैं। वहीं 13 अवैध कब्जों को और हटाया जा रहा है। शेष मामलों में से 19 अतिक्रमणों को अगले तीन दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि बाकी पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कहा की सीमा क्षेत्र में सुचारू प्रशासन, भूमि संरक्षण और कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हटाये गये कब्ज़ों के स्थान पर दोबारा अवैध कब्ज़ा करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये। बैठक में मौजूद अधिकारियों द्वारा फील्ड स्तर पर समन्वय बनाकर अभियान को प्रभावी बनाने का संकल्प भी लिया गया।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा, 42वीं वाहिनी एसएसबी बहराइच के प्रतिनिधि, उप प्रभागीय वनाधिकारी के प्रतिनिधि (वन क्षेत्राधिकारी), तहसीलदार नानपारा, नायब तहसीलदार नवाबगंज, थाना रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक तथा नवाबगंज, चरदा व केवलपुर क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल मौजूद रहे।

## तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित एक को दबोचा

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को मय 01 अवैध तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देश में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त काना उर्फ कन्ही लाल पुत्र तीसपाल निवासी ग्राम मरसलगंज थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामदगी सहित राजपुरा तिराहा प्याऊ पर थाना क्षेत्र नारखी से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के काना उर्फ कन्ही लाल के विरुद्ध थाना नारखी पर मु0अ0सं0 47/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राकेश कुमार गिरी, रामवीर, आरक्षी मनीष, आरक्षी निशान्त कुमार शामिल रहे।

# फर्जी लोन एप के अन्तर्राज्जीय गिरोह का किया पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फर्जी लोन एप के माध्यम से फ्रॉड करने वाले एवं फर्जी सिम बेचने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरोह के कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें से 03 अभियुक्त लोन रिकवरी के नाम पर भोले-भाले लोगों को डरा धमका कर लोन की रिकवरी के नाम पर ठगी करते हैं। शेष 02 अभियुक्त सिम निकाल कर मंहगे दामों में तथाकथित रिकवरी एजेन्ट्स को उपलब्ध कराते है। पकडे गये अभियुक्तों से 02 अदद लैपटॉप, 06 अदद मोबाइल फोन एवं थम्ब इम्प्रैशन रीडिंग मशीन सहित भारी मात्रा में सिम बरामद हुयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय-प्रतिबिम्ब पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की जांच के आधार पर मु0अ0सं0 03/26 अन्तर्गत धारा 318(4),61(2) बीएनएस व 66(सी) व 66(डी) थाना साइबर अपराध पर पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त राघव पुर शिवनन्दन निवासी जहारवीर नगर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, रजनीश पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी कौरारा रोड बाईपास थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, सोनू पुत्र सर्वेश कुमार जहारवीर नगर थाना सिरसागंज जनदप फिरोजाबाद, नीलेश पुत्र रामप्रवेश निवासी कुतुबपुर थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद एवं पुष्पेन्द्र पुत्र रवीश कुमार निवासी नगला कन्ही थाना खैरगढ़ जनपद फ्राजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप, थम्ब इम्प्रैशन रीडिंग मशीन और भारी मात्रा में सिम बरामद किये गये। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। वहीं महेश कुमार पुत्र नामालुम निवासी गुरग्राम हरियाणा (मैनेजर महान किट प्रा0लि0) वांछित चल रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम राजेश सिंह प्रभारी निरीक्षक, निरीक्षक शिव कुमार चौहान, निरीक्षक मनोज यादव, क0 ऑपरेटर वृंदावन बिहारी पांडे, मु0आ0 1078 राकेश कुमार, आरक्षी 836 लव प्रकाश, आरक्षी 100 अंकित वर्मा, आरक्षी 717 हेमेन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षी 1014 अंशुल बालियान, आरक्षी 951 अक्षय डेढा, आरक्षी 1495 मोहन ठाकुर, आरक्षी 1097 अतुल भार्गव, का0 चालक करन सिंह थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## शोपीस बना शौचालय

**सुलतानपुर।** धनपतगंज ब्लॉक अंतर्गत देहली ग्राम पंचायत में लाखों रुपये की लागत से निर्मित सार्वजनिक शौचालय जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते शोपीस बनकर रह गया है। शौचालय पर हमेशा ताला लटका रहने से राहगीरों और ग्रामीणों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हलियापुर-कुरेभार मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित इस सार्वजनिक शौचालय में न तो नियमित रूप से ताला खुलता है और न ही टोटियों में पानी उपलब्ध है। रखरखाव के अभाव में शौचालय उपयोग के योग्य नहीं रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए इस शौचालय का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। उपयोग न होने से न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी हो रही है, बल्कि स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शौचालय का ताला तत्काल खोला जाए, पानी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और नियमित सफाई व देखरेख सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके।

# विद्यालयों का कायाकल्प शासन की प्रथम प्राथमिकता है : एमएलसी शैलेन्द्र

■ ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**धनपतगंज/सुलतानपुर।** धनपतगंज बीआरसी पर ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पाण्डेय का खण्ड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने माल्यार्पण एव बैज लगाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के लिए हर न्याय पंचायत से एक एक अध्यापक को सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वालों मे रामस्वरूप, शारदा गोस्वामी,अनीता विश्वकर्मा, संगीता पांडेय, राम तीरथ रजक, विजय पाल सिंह पीयूष रहे। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालयो का कायाकल्प शासन की प्राथमिकता है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पाण्डेय ने कहा कि विद्यालयों के शेष कायाकल्प कार्यो को क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत से पूरा कराया जाऐगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि गतिमान निपुण आकलन मे ब्लाक को निपुण बना दिया जाऐगा। एआरपी अंजनी नंदन पाण्डेय ने विकास का शैक्षिक विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रधान अमऊजासरपुर बब्लू मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि पण्डरे अरशद प्रधान सरैया विरान बनारसी यादव, प्रा.शिक्षक संघ जिला महामंत्री राम आशीष मौर्य, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष नवीन पाण्डेय, एआरपी अन्जनी नन्दन पाण्डेय व राकेश तिवारी ब्लाक व्यायाम शिक्षक अरविन्द सिंह, शिक्षा मित्र संगठन जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, शिव प्रसाद तिवारी हरि प्रसाद यादव, देवमणि यादव, अमरेन्द्र सिह, बिजय प्रताप सिह, अशोक मिश्रा, आशा पाठक, मन्जू मौर्य आदि उपस्थिति रहे।

# हेल्थ कैम्प आयोजित, मरीजों का फ्री चेकअप और दवाएं वितरित



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** ताजखानपुर स्थित दमगाड़ियां चौराहे पर ट्रस्ट पॉइंट मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न रोगों से ग्रस्त सैकड़ों मरीजों का मुफ्त चेकअप किया गया और दवाएं वितरित की गई। डॉ.एम.एफ हैदर ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को कम मूल्य पर हर प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट पॉइंट मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में सभी प्रकार के जांच की सुविधा भी मौजूद है। शिविर में डॉ.पुनीत बारी, डॉ. शैलेंद्र जायसवाल, डॉ. हैदर जाफरी, डॉ.अभिषेक मिश्रा, डॉ. एम जे आबदी, डॉ. अहमद हुसैन ने विशेष योगदान दिया। डॉ. एम.एफहैदर ने ऐसे मेडिकल शिविरों को समय-समय पर आयोजित करने का आह्वान किया, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा हो सके। शिविर में महिलाओं समेत बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीज पहुंचे। सभी की निशुल्क जांच हुई। दवाएं भी मुफ्त दी गई। करीब 100 मरीजों की जांच की गई।

# एनडी कालेज में सम्मेलन आठ फरवरी को

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** हिंदुओं को एकजुट करने और उनमें जोश भरने के लिए पूरे देश में हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जा सके। उक्त विचार उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड उत्तर प्रदेश के निदेशक तथा युवा साधु समाज भारत के ष्ट्री महामंत्री योगी अर्पितदास महाराज ने राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा कमेटी भारत सरकार के सदस्य एवं समाजसेवी अंकुर वर्मा के आवास पर व्यक्त कये। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना है। इसमें आने वाली अड़चनों को सम्मेलन के माध्यम से समाप्त करना और हिंदुओं की आवाज को बुलंद करना है। इसके बाद उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के माघ मेला छोड़ने पर कहा कि यह वही अविमुक्तेश्वरानंद हैं जिन पर सपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने बनारस में लाठीचार्ज किया था। आज वही उन लोगों के पक्ष में खड़े हैं। महाराज ने कहा कि प्रयागराज माघ मेला में सभी शंकराचार्य जगतगुरुओं तथा महामंडलेश्वरों ने शांतिपूर्ण तरीके से स्नान किया, लेकिन केवल इन अविमुकेत्श्वानंद को ही तकलीफक्यों हुई। जिसका जवाब उनके द्वारा अब तक नहीं दिया गया है। पुरी वाले शंकराचार्य ने भी पैदल चलकर स्नान किया। इस मौके पर दिशा कमेटी के सदस्य अंकुर वर्मा, राज कुमार वर्मा, अंकुर शर्मा, शिवम मल्होत्रा, पीयूष कपूर, अक्षय, प्रतीक गुप्ता, मंयक शुक्ला, सोनी गंभीर आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, अफीम की कोठी प्रतापगढ़।

पत्रांक : 720/भण्डार/लेखा/वृक्ष नीलामी/2025-26 दिनांक : 02 जनवरी, 2026

**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नव निर्माणाधीन जिला प्रशिक्षण संस्थान, कौशाम्बी के गाटा संख्या 1372 (क) ग्राम ताजमल्लाहन उपरहार परगना कड़ा तहसील सिराथू के अन्दर निर्माण कार्य में अवरोध करने वाले 17 अद्द वृक्षों (आम, कटहल, महुआ, यूकेलिप्टस) की नीलामी निम्न विवरण के अनुसार प्रस्तावित है।

| क्रमांक | नीलामी का दिनांक | समय | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 10-02-2026 | अपरान्ह 01 बजे | उपायुक्त (स्वतः रोजगार) कक्ष विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी |

**नीलामी की शर्ते**

1. नीलामी में होने वाले वृक्षों की स्थित गाटा संख्या 1372 (क) ग्राम ताजमल्लाहन उपरहार परगना सिराथू के जाकर देखी जा सकती है।
2. नीलामी की धरोहर धनराशि मु0 रू0 3500-00 होगी जो नीलामी समय के पूर्व नीलामी स्थल पर जमा करना होगा।
3. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को आधारकार्ड, फर्म पंजीकरण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति जमानत के साथ जमा करना होगा।
4. पेडों की कटाई हेतु संबधित विभाग की अनुमति प्राप्त करना नीलामी प्राप्त करने वाले ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी, किसी भी प्रकार का सरकारी कर/शुल्क ठेकेदार द्वारा देय होगा।
5. विभाग को बिना कारण बताए किसी भी या सभी बोली बोलने वाले की बोली निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
6. असफल बोली दाता की धरोहर धनराशि नीलामी बोली सफल/समाप्त होने के उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
7. विवाद स्थित में न्याय क्षेत्र जनपद - कौशाम्बी होगा।

**आचार्य**
**क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान**
**अफीम की कोठी, प्रतापगढ़।**


## अवैध असलाह सहित 1 अभियुक्त किया गिरफ्तार

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** थाना टूण्डला पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हुब्बलाल उर्फ हुब्बा पुत्र फूलसिंह निवासी मोहम्मदपुर थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को मय एक अदद तमंचा व 01 कारतूस जिन्दा के साथ वसई बम्बा पुलिया से प्रकाशानन्द कालोनी की ओर जाने वाले वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामदगी गिरफ्तारी के आधार पर थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## कार व टैम्पू की भिड़ंत दो घायल



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** थाना टूंडला क्षेत्र के उसायनी के निकट टैम्पू व कार की भिड़ंत में चालक व उसका मालिक गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद भेजा है। टैम्पू चालक इसलाम पुत्र मुन्नाखान व मुन्ना पुत्र बाबू खा टैम्पू में सामान लेकर आ रहे थे। तभी उसायनी के निकट पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे टैम्पू चालक व उसका मालिक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज पुलिस आगे की आवश्यक कार्यवाई की है।

## केन्द्रीय बजट की भाजपाइयों ने की सराहना




**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाता है। ऐतिहासिक बजट 2026-27 है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यालय भारत माता चौक स्थित बजट को देखा व सुना। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। 140 करोड लोगों को समर्पित बजट देश के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर दीपक चौधरी, शिव शंकर शर्मा, योगेंद्र चौहान, नीलम दिवाकर, मुकेश धामा, सीताराम एडवोकेट, लीना मदान, सुनील पाठक, प्रितपाल, ज्ञानेंद्र सिंह, कन्हैया पौनिया, अग्रज जैन, नवीन अग्रवाल, गौरव जैन, विनोद चौहान आदि मौजूद रहे।

## शहीद हुआ जिले का लाल, बरुई लाया जा रहा पार्थिव शरीर

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बरुई गांव के जवान भूपेंद्र कुमार सिंह ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में देश की सुरक्षा करते हुए अपनी जान गंवाई है। वे भारतीय सेना के ऑर्डिनेंस विंग में तैनात थे और ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। उनका पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव लाया जा रहा है, जहां पूरा इलाका गमगीन है और श्रद्धांजलि देने के लिए लोग जुट रहे हैं। शहीद भूपेंद्र कुमार सिंह के चचेरे भतीजे सत्यम सिंह ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर जम्मू से सुबह 10:15 बजे की फ्लाइट से लखनऊ पहुंचेगा, और वहां से सुल्तानपुर के बरुई लाया जाएगा। अभी शहादत के ठोस कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह सीमा पर देशसेवा के दौरान हुआ बलिदान है। बरुई घाट पर उनके सम्मान में अंत्येष्टि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गांववाले, रिश्तेदार और स्थानीय लोग भावुक होकर उन्हें याद कर रहे हैं। शहीद की शहादत पर पूरा परिवार और क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है, साथ ही गहरे दुख में डूबा हुआ है।

# एफएस विवि में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** एफ एस विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में सत्र 2026-27 की वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि संतोष यादव (तिरुपति ग्रुप), कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, प्रतिकुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, ट्रस्टी डॉ. राहुल यादव एवं डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज तथा महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद का भी विशेष महत्व है। खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं, जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

इसके उपरांत अतिथियों ने क्रिकेट प्रतियोगिता के दोनों टीमों के कप्तानों को आमंत्रित कर टॉस कराया तथा खिलाड़ियों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ दीं। खेल-कूद प्रतियोगिता के प्रभारी गजेन्द्र यादव एवं डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान रहे।

प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर दौड़, गोला फेंक सहित कई अन्य खेल विधाएँ शामिल हैं। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 1200 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह, खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखने को मिला।

## विकासखंड तजवापुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता संपन्न

**बहराइच।** राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत बच्चों में वैज्ञानिक जागरूकता व खोज प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र तजवापुर में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। आज की प्रतियोगिता में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों से लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विज्ञान विषय से जुड़े 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न व साक्षात्कार के माध्यम से प्रतियोगिता संपन्न कराई गयी। प्रतियोगिता में समस्त बच्चों में से सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों का चयन करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चों का चयन किया गया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चे अंश मिश्रा, राधिका बाजपेई उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोढयाल, राम प्रकाश यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय यादवपुर, किशन अवस्थी उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरशाहपुर तथा सोनिल उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा रहे। सर्वश्रेष्ठ 25 बच्चों में से रेंडम सेंपलिंग के आधार पर पांच टीमों का चुनाव करते हुए उनके बीच में क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में टीम ए विजेता टीम रही, जिसमें अंश मिश्रा, टीकाराम ,सचिन, सोनाक्षी व सोनिल शामिल रहे। ये बच्चे जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

## सैनिक बन्धु बैठक कल

**फिरोजाबाद।** जनपद के सभी पूर्व सैनिकों व आश्रितों व वीर नारियों को अवगत कराया जाता है कि जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन 04 फरवरी 2026 को समय 11 बजे कलक्ट्रेट स्थिति सभागार फिरोजाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाना प्रस्तावित है। पूर्व सैनिकों व आश्रितों एवं वीर नारियों से अनुरोध है कि आप अपनी समस्याओं को लिखित रूप से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सैक्टर-1 सुहाग नगर फिरोजाबाद में 03 फरवरी 2026 तक कार्यालय दिवस-समयावधि में उपलब्ध करा दे, ताकि प्राप्त शिकायतों को उक्त बैठक के ऐजेण्डा बिन्दुओं में सम्मलित कर त्वरित गति से उनका निस्तारण कराया जा सके। साथ ही 04 फरवरी 2026 को समय 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार फिरोजाबाद में आयोजित उक्त सैनिक बन्धु बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम फैजान अब्दुल रहमान खान था जिसको बदलकर फैजान खान रख लिया है। अब मुझे फैजान खान के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

फैजान खान पुत्र खान अब्दुल रहमान ग्राम - सलेमपुर पोस्ट- सुल्तानीपुर थाना - जहानगंज जनपद- आजमगढ़


## कार्यालय नगर पंचायत उसका बाजार जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 410 (02)/न0पं0उ0बा0सि0नगर/2025-26 दिनांक : 30-01-2026

**दीर्घ कालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उसका बाजार, सिद्धार्थनगर में सीवरेज एवं जल निकासी योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सीमान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित किया जाता है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है। उक्त निर्माण कार्य करने हेतु नगर पंचायत उसका बाजार में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 30.01.2026 से दिनांक 02.03.2026 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दोपहर 05.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 03.03.2026 को अपरान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी। निर्माण कार्य से सम्बन्धित शर्तो की जानकारी कार्यालय से कार्यदिवस के दिन प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशित की तिथि | 30/01/2026 |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 30/01/2026 सायं: 04:00 बजे से |
| (C) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 02/03/2026 सायं 05:00 बजे तक |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 03/03/2026 प्रातः 11:00 बजे |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 03/03/2026 अपराह्नः 03:00 बजे के उपरान्त |
| (F) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत उसका बाजार |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसका बाजार**
**सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसका बाजार**
**सिद्धार्थनगर**

# कल्चरल फाउंडेशन एवं अक्षत फाउंडेशन की काव्यशाला का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन एवं अक्षत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित काव्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस साहित्यिक आयोजन में क्षेत्र के जाने-माने एवं प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि चार घंटे तक चला काव्यपाठ कब समाप्त हो गया, इसका एहसास श्रोताओं को नहीं हुआ। काव्यशाला में गोविंद माधव शुक्ल, अमरनाथ दीक्षित, शिव गोपाल अवस्थी, अवनीश अवस्थी, अनुराग असफल, रजनीश त्रिपाठी, रियाज़ इटावी, प्रतिभा एवं स्कंदा, वीनस तथा रामजनम सिंह ने अपनी बेहतरीन कविताओं का पाठ किया। कविताओं में सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदना, प्रेम, संघर्ष और समकालीन यथार्थ की सशक्त अभिव्यक्ति देखने को मिली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.सीमा शाक्य, सदस्य राज्य शिक्षा सेवा चयन आयोग की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष सम्मान प्रदान किया। उन्होंने काव्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे साहित्यिक मंच समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आयोजन को सफल बनाने में किसान संघ के अध्यक्ष राहुल तोमर, व्यापार मंडल के अध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान, महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष कामना सिंह, पर्यावरणविद् राजीव चौहान, किसान संघ की प्रमुख अरुणा सिंह, अनामिका पाण्डेय, मंजू भदौरिया, रश्मि चौधरी सहित अन्य सहयोगी बंधुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन एवं अक्षत फाउंडेशन ने यह संकल्प व्यक्त किया कि काव्यशाला का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि साहित्य, कविता और रचनात्मक संवाद को समाज के अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाया जा सके।

# बौद्धिक परीक्षा सम्पन्न



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** एस.एम.जी.आई. ग्रुप के विवेकानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी (VIMT) को विद्या भारती द्वारा आयोजित भारत बौद्धिक परीक्षा के लिए नोडल सेन्टर बनाया गया। इस परीक्षा में बी.बी.ए, बी.सी.ए. एवं डी फार्मा के कोर्स के 163 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसमें बी.बी.ए., बी.सी.ए. के 150 छात्र-छात्राएं एवं डी फार्मा के 13 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन किया। परीक्षा का आयोजन 31 जनवरी दिन शनिवार को महाविद्यालय कैम्पस में किया गया। परीक्षा में 150 छात्र उपस्थित एवं 13 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। ग्रुप के डायरेक्टर डा.यू.एस. शर्मा ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डायरेक्टर यू.एस. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की बौद्धिक परीक्षाएं विद्यार्थियों में ज्ञान, तार्किक क्षमता एवं राष्ट्रीय विषयों के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। प्राचार्य एवं परीक्षा प्रभारी संयोजक डा.सीमा तिवारी, मुख्य संयोजक नीतू सक्सेना एवं सह संयोजक सुनीता डुडेजा ने भी परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। परीक्षा प्रभारी सूरज प्रकाश सिंह, सह परीक्षा प्रभारी उदित कुमार जैन एवं स्टाफ मेम्बर्स अभिषेक मिश्रा, संजय कश्यप, कीर्ति शर्मा, निधि सिंह, अभिषेक गौतम, मो.सलमान, रजत कश्यप ने परीक्षा के सफल संचालन में महत्तपूर्ण भूमिका निभायी।

# सुदिति ग्लोबल एकेडमी में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई (UPUMS) के श्वसन रोग विभाग की ओर से टीबी (तपेदिक) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं को टीबी रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स विंग की निदेशक डॉ. निधि यादव एवं प्रधानाचार्य कमल कुमार द्वारा सैफई से पधारे चिकित्सकों, सीनियर प्रोफेसर डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.नम्रता, सीनियर रेजिडेंट डॉ. रोहित कुमार, जूनियर रेजिडेंट डॉ. खुशबू, डॉ. एकता प्रभाकर, डॉ.अब्दुल करीम साथ ही राघवेंद्र एवं अमरेंद्र (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) का अंगवस्त्र व बुके भेंट कर स्वागत कर किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.नम्रता ने बताया कि टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु से होने वाला संक्रामक रोग है, जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है तथा खांसी-छींक से फैलता है। उन्होंने इसके प्रमुख लक्षणों व समय पर जांच एवं उपचार से पूर्ण इलाज संभव होने पर जोर दिया। डॉ.एकता एवं डॉ.खुशबू शर्मा ने भी रोग से बचाव पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया। अंत में प्रधानाचार्य कमल कुमार ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के साइंस क्लब की कोऑर्डिनेटर सीमा यादव एवं अरविंद कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर 500 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में आज आयोजित होगी महिला जनसुनवाई

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** महिलाओं को न्याय दिलाने और उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए 3 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा करेंगी। पीड़ित महिलाएं सीधे अपनी शिकायतें उनके समक्ष रख सकेंगी।

## शब-ए-बारात आज, इबादत और दुआओं का दौर



**मौदहा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्यौहार शब-ए-बारात मंगलवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कब्रिस्तानों में साफ-सफाई और पुताई का काम पूरा कर लिया गया है। धर्म गुरुओं ने बताया कि यह रात गुनाहों से तौबा और पूर्वजों के लिए दुआ करने की है। उलेमाओं ने अपील की है कि कब्रों पर आतिशबाजी न करें और सादगी के साथ इबादत करें।

## करंट लगने से मजदूर की मौत, परिवार में कोहराम



**मौदहा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खण्डेह में सोमवार को एक हृदयविदारक हादसा हुआ। छत ढलाई के दौरान वाइब्रेटर मशीन चला रहे मजदूर शपथ कुमार (36) की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन साल के मासूम बच्चे को छोड़ गया है।

## प्रतिबंधित रॉटविलर कुत्ते ने किशोर को किया लहूलुहान



**सुमेरपुर (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के वार्ड संख्या 8 में एक पालतू रॉटविलर कुत्ते ने 12 वर्षीय किशोर अंश गौतम पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्ता एक स्थानीय नेता का बताया जा रहा है। गंभीर हालत में किशोर को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह ब्रीड प्रतिबंधित है और इसे बिना अनुमति पालना गैरकानूनी है।

## प्रशासन को देख उलटे भागे ओवरलोड वाहन

**सुमेरपुर (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद सोमवार को जब प्रशासन ओवरलोडिंग के खिलाफ हाईवे पर उतरा, तो ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया। पकड़े जाने के डर से सैकड़ों ट्रक बीच रास्ते से ही वापस मुड़ गए और लिंक मार्गों व फैक्ट्री एरिया की खाली सड़कों पर छिप गए।

## अवैध तमंचों के साथ दो गिरफ्तार



**कुरारा (हमीरपुर)।** पुलिस ने गश्त के दौरान कंडौर गांव के पास से दो युवकों, राघवेंद्र सिंह और सचिन, को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 315 बोर के दो अवैध तमंचे और चार कारतूस बरामद हुए हैं। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## शिव बारात के लिए 21 सदस्यीय कमेटी का गठन

**सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के सुरही मंदिर में हुई बैठक में इस वर्ष की शिव बारात के लिए सीताराम गुप्ता को अध्यक्ष और अजय यादव को महामंत्री चुना गया है। इस बार बारात में 25 भव्य झांकियां निकाली जाएंगी, जिसमें भगवान कामतानाथ की झांकी मुख्य आकर्षण होगी।

# विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** वन विभाग द्वारा जिला गंगा समिति हमीरपुर के सहयोग से विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर यमुना तटबंध हमीरपुर में नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में सरदार पटेल बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, आर्द्र भूमि के महत्व तथा पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अखिल, प्रवीण व सचिन रहे, जबकि द्वितीय स्थान शिखा, शगुन व प्रार्थना ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर नासिर व भास्कर रहे।

विजेता प्रतिभागियों को बड़ी शील्ड, पानी की बोतल, लंच बॉक्स एवं डॉट पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती स्नेहा सचान, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे धीरेंद्र सिंह, वनरक्षक पुष्पेंद्र कुमार, संजय कुमार, आरिफ खान, जेआरएफ सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति, पक्षियों एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## जेल वाले सैय्यद बाबा का सालाना उर्स 5 व 6 फरवरी को

**इटावा।** शहर में हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का 54 वां दो दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 व 6 फरवरी दिन जुमेरात व जुमे को आयोजित किया जाएगा। जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी ने उर्स की जानकारी देते हुए बताया कि मेवाती टोला निवासी मेरे पिता स्व.बशीर अहमद नियाज़ी द्वारा स्थापित जेल वाले सैयद बाबा का 54 वां सालाना उर्स सैयद एजाज हुसैन की सरपरस्ती में होगा। उर्स की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह को आकर्षक अंदाज में सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उर्स में सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद महफ़िले सिमा में अपने कलाम पेश करेंगे।

## दो ट्रैक्टर-ट्रॉली आमने-सामने भिड़ीं, चार घायल

**बिलग्राम (हरदोई)/अवधनामा संवाददाता।** बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर छिबरामऊ गांव के पास रविवार को दो ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों ट्रैक्टरों पर सवार कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया गया। घायलों में मोहित पुत्र लाला राम (11 वर्ष) निवासी करेखा चोंगांवा, सौरभ पुत्र अशोक (18 वर्ष), रमाकांत पुत्र नरेश (18 वर्ष) निवासी करेखा चोंगांवा तथा ट्रैक्टर चालक योगेंद्र पुत्र राम निवास (22 वर्ष) निवासी ग्राम उत्तमपुरवा शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद मोहित और योगेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। बताया गया कि मोहित, सौरभ, रमाकांत सहित कई लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर अपने गांव करेखा चोंगांवा से छिबरामऊ राजघाट पूजा-विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान कन्नौज की ओर से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से छिबरामऊ गांव के पास आमने-सामने टक्कर हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## रिसेन्द्र की मौत पर हंगामा

**बिलग्राम (हरदोई)/अवधनामा संवाददाता।** दुर्गागंज निवासी युवक रिसेन्द्र की मौत के मामले में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष करन वर्मा, मीडिया प्रभारी रितेश सहित कुल 7 लोगों को नामजद करते हुए 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ बिलग्राम कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलग्राम में तैनात उपनिरीक्षक अक्षय मलिक ने इस संबंध में तहरीर देकर बताया कि युवक की मौत के बाद कुछ लोगों ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। आरोप है कि इन लोगों ने शव को रोककर अंतिम संस्कार नहीं करने दिया, जिससे क्षेत्र में अशांति फैलने की स्थिति उत्पन्न हो गई। साथ ही पुलिसकर्मियों से अभद्रता की गई और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई। दरोगा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मामले की जांच की जा रही है और वीडियो फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइके आपस मे टकराई, चाचा भतीज घायल

**हरदोई/अवधनामा संवाददाता।** शहर कोतवाली क्षेत्र मे हरदोई-सांडी मार्ग पर ककेडी मोड़ समीप दो बाइके आपस मे टकरा गई। जिससे बाईक पर सवार चाचा भतीज गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के राहगीरो की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस क्क32-स्नत्न-0942 लेकर पहुचे ईएमटी रामजीवन व पायलेट अरुन कुमार ने दोनों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जहा चिकत्सक डॉ श्रीकांत ने एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। शहर कोतवाली क्षेत्र के सराय थोक पश्चिमी निवासी आदर्श,अश्वनी पुत्रगण रामऔतार बाईक से ककेडी गांव स्थिति खेत देखने जा रहे थे। इस दौरान हरदोई-सांडी मार्ग पर ककेडी मोड़ समीप दो बाइके आपस मे टकरा गई। जिससे बाईक पर सवार चाचा अश्वनी व भतीज आदर्श गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के राहगीरो की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस P-32-FG-0942 लेकर पहुचे ईएमटी रामजीवन व पायलेट अरुन कुमार ने दोनों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जहा चिकत्सक डॉ श्रीकांत ने एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि हरदोई सांडी मार्ग पर ककेडी मोड समीप हुए हादसे में घायल हुए चाचा भतीजे को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है टक्कर मारने वाली बाइक का पता लगाया जा रहा है।

## बिड़ला कार्बन सीएसआर द्वारा गोद लिए गांवों में सब्जी बीज वितरण, 738 ग्रामीण लाभान्वित

**सोनभद्र/रेणुकूट।** नगर के निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व इकाई द्वारा अपने अंगीकृत गोद लिए गांवों में ग्रामीणों को उन्नत किस्म के सब्जियों के बीज वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना, पोषण स्तर सुधारना और अतिरिक्त आय के अवसर उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम कंपनी के यूनिट हेड शिवशंकर सिंह तथा मानव संसाधन प्रमुख जीवन सिंह बोरा के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत गोराही, छिकराडांड, मालोघाट, जवारीडांड और बेलहथी गांव के ग्रामीणों को बीज वितरण किया गया। बीज वितरण पंचायत भवन में ग्रामीणों को एकत्र कर किया गया। इस दौरान कृषि विभाग के चंदन कुमार द्वारा किसानों और ग्रामीणों को बीज की जानकारी देते हुए उनका वितरण किया गया। ग्रामीणों को धनिया, पुदीना, मेथी, पालक, चौलाई (लाल चौलाई), बैंगन, मिर्च, टमाटर सहित अन्य मौसमी सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए गए। इस कार्यक्रम से कुल 738 ग्रामीण लाभान्वित हुए।

# बिना मूल्यों के जीवन की परिकल्पना भी मुश्किल है : आर पी सिंह

अवधनामा संवाददाता




हिंडालको रेनुसागर में वैल्यूज मन्थ का शुभारंभ

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडाल्को रेनुसागर में फरवरी माह को वैल्यूज मंथ के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत कर्मचारियों को पांच मूल्यों- ईमानदारी, जुनून, प्रतिबद्धता, सहजता, गति के प्रति सजग करने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित की जाती है। हिंडालको रेनुसागर के आवासीय परिसर स्थित आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज के प्रांगण में आयोजित वैल्यूज मन्थ का शुभारंभ हिंडाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह,एचआर हेड आशीष पांडेय एवं संचालन विभाग हेड मनीष जैन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यकर्म का शुभारंभ किया।तत्पश्चात आदित्य बन्दना वैल्यू फ्लैग होस्टिंग ,वैल्यू गान के साथ कार्यक्रम में गति प्रदान किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूनिट हेड आरपी सिंह ने कहा कि बिना मूल्यों के जीवन की परिकल्पना भी मुश्किल है। हमारे संस्कार ही हमारे मूल्यों का निर्धारण करते हैं। इसी प्रकार संस्थान में काम करने के दौरान इन पांच मूल्यों को अपनाने से हम अपनी कार्यपद्धति को बेहतर बना सकते हैं जिसके आधार पर हम अपने लक्ष्य को आसानी से पा सकते हैं। वहीं एच आर हेड आशीष पांडेय ने वैल्यूज मन्थ के महत्व प्रकाश डालते हुये कहा कि पांच मूल्यों का अनुसरण न सिर्फ हमारे संस्थान में कार्य करने के दौरान बल्कि नियमित दिनचर्या में भी महत्वपूर्ण है।

वैल्यूज़ मंथ के दौरान आयोजित विविध गतिविधियों,आशीष तिवारी एवं अभिषेक ने क्विज प्रतियोगिता संवाद सत्रों और सहभागिता-आधारित कार्यक्रमों ने यह सिद्ध किया है कि हिंडालको रेनुसागर में कार्यसंस्कृति सशक्त, सुरक्षित और सहयोगपूर्ण है। यह अत्यंत सराहनीय है कि कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ इसमें भाग लिया।तत्पश्चात मौजूद सभी लोगों ने एक-दूसरे को केक खिलाया और खुशी जाहिर की। कार्यक्रम के अंत मे विभागाध्यक्ष ब्रजेश कुमार बर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अलिंद तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ,ब्रजेश कुमार बर्मा ,रोहित सक्सेना,सदानन्द पांडेय,राजीव मिश्रा,सुधीर एवं अजय तिवारी का सराहनीय सहयोग रहा।इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष सहित भारी संख्या में मौजूद रहे। राष्ट्रगान से कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# जल सहेलियों का ग्राम जैतपुरा पार में हुआ स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** पचनद से दिल्ली तक यमुना शुद्धिकरण एवं जल संरक्षण के उद्देश्य से पदयात्रा कर रही जल सहेलियों का सोमवार को ग्राम जैतपुरा पार में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह स्वागत भारतीय किसान संघ की प्रांत प्रमुख सुशीला राजावत, जिला महिला प्रमुख अरुणा भदौरिया तथा स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री राम जनम सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन के अध्यक्ष राम जनम सिंह ने कहा कि जिस प्रकार भगत सिंह ने बहरों को सुनाने के लिए धमाका किया था, उसी तरह जल सहेली बहनों की यह पदयात्रा सरकार और जिम्मेदार लोगों तक यमुना संरक्षण की आवाज़ पहुँचाने का कार्य करेगी। भारतीय किसान संघ की प्रांत प्रमुख सुशीला राजावत ने कहा कि नारी शक्ति द्वारा किया जा रहा यह कार्य ऐतिहासिक सिद्ध होगा। जल संरक्षण की इस लड़ाई में महिलाओं की अग्रणी भूमिका समाज को नई दिशा देगी। जिला महिला प्रमुख अरुणा सिंह ने कहा कि पानी की इस जंग में हम सब एक साथ हैं। इस अवसर पर यात्रा में शामिल सभी जल सहेलियों को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। जल सहेलियों का उत्साह, ऊर्जा और संकल्प देखने योग्य था, जिसने उपस्थित जनसमूह को भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि जीवन और संस्कृति की धारा है और इसके संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा।

# मेहनत, समर्पण और अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल करना संभव

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोमवार को एनसीएल के दूधिचुआ ग्राउंड में आयोजित 'यंग अचीवर्स प्रोग्राम' के तहत 'लर्निंग फ्रॉम लीजेंड' कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ये बातें दिग्गज भारतीय फुटबॉलर और पूर्व फुटबॉल कप्तान, पद्म श्री एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित बाइचुंग भूटिया ने कहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए बाइचुंग भूटिया ने फुटबॉल के मैदान के अपने अनुभवों को जीवन के विविध आयामों से जोड़ा। फिटनेस पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे फूड हैबिट के साथ अल्पाहार और नियमित व्यायाम फिट रहने के लिए आवश्यक है द्य साथ ही योग और सूर्य नमस्कार को नियमित आचरण में लाने हेतु उपस्थित विद्यार्थियों सहित सभी को प्रेरित किया द्य उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की रुचि के हिसाब से करियर चुनने की आजादी देने व उसी अनुरूप वातावरण उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया।

सिक्किम के छोटे से गाँव तिंकिताम से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले भूटिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर आप में प्रतिभा है तो संसाधनों की कमी आपकी सफलता में कभी बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने बच्चों को अपने पैशन (जुनून) को फॉलो करने तथा चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहने की सीख दी। इसके साथ ही भूटिया ने कोल इंडिया और एनसीएल द्वारा खेल एवं सामुदायिक विकास की दिशा में किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की।

# पेनाल्टी शूट आउट से हुए फ़ैसले में एनसीएल बना विजेता

अवधनामा संवाददाता



एनसीएल की मेजबानी में पाँच दिवसीय कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का हुआ समापन

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल की मेजबानी में आयोजित कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य समापन रविवार को जयंत परियोजना में पेनल्टी शूटआउट से एनसीएल की जीत के साथ हुआ। कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें एनसीएल की टीम ने ईसीएल को 3-2 से पराजित कर विजेता खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद मैच पेनल्टी शूटआउट तक पहुँचा, जहाँ एनसीएल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। 28 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया सहित एनसीएल, एमसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, एसईसीएल, डब्ल्यूसीएल, ईसीएल, सीएमपीडीआईएल एवं एससीसीएल की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट आधार पर खेली गई। समापन समारोह के अवसर पर एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी. साईराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, शनिवार को सेवानिवृत्त हुए एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) सुनील प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और एनसीएल सदैव खेलों को प्रोत्साहित करता रहा है। उन्होंने खेलों से प्रेरणा लेते हुए टीम भावना को खदान संचालन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया और कहा कि टीम भावना से खदानों में परिचालन उत्कृष्टता के साथ-साथ सुरक्षा की संस्कृति को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने आतिथ्य भावना के साथ खेल आयोजनों की परंपरा और एनसीएल परिवार द्वारा परामर्श के माध्यम से उपलब्ध कराई गई कल्याणकारी सुविधाओं का उल्लेख करते हुए इस भव्य आयोजन के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी। इसके अतिरिक्त कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड सदस्य टीकेश्वर सिंह राठौर (बीएमएस), पी.एस. पांडेय (सीटू), एनसीएल जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से अशोक मिश्रा, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से अशोक पांडेय तथा सीएमओएआई के महासचिव सर्वेश सिंह की भी उपस्थिति रही। समापन अवसर पर एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले सीएमपीडीआईएल बनाम ईसीएल तथा एनसीएल बनाम एसईसीएल के बीच खेले गए, जिनमें ईसीएल एवं एनसीएल ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में एसईसीएल ने तृतीय स्थान हासिल किया है।





# अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 03 फरवरी, 2026




## बेहतर सिंचाई सुविधाएं व जल संरक्षण के लिए पूरे प्रदेश में चलेगा अभियान

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं मुहैया कराने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पूरे प्रदेश में अभियान चलाएगी। इसके तहत जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

जलशक्ति मंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड जैसे जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाएं और भूगर्भ जल संरक्षण के लिए सराहनीय काम किए गए हैं। 2017-18 से अब तक बुंदेलखंड के जल-संकटग्रस्त क्षेत्र में 1.37 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का सृजन किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत 4,678 गहरे और 3,050 मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण किया गया है। जिससे किसानों को पूरे साल सिंचाई की सुविधा मिल रही है। पथरीले और जलविहीन क्षेत्रों में अमृत कूप योजना के तहत 3,758 नए कूपों का निर्माण किया गया। जिससे पहले असिंचित भूमि भी अब खेती योग्य बनी है। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड जैसे जल संकटग्रस्त क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मुहैया कराने से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है। इसका असर लोगों के जीवन पर भी दिख रहा है। क्षेत्र से पलायन रूका है। किसानों को 132 सोलर पंपसेट उपलब्ध कराया गया है।

मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत गहरे और मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण किया जाएगा।













